राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 गलत सिग्नल दे रहे राहुल

एकला चलो की राह पर आप... 12

वर्ष : 11 | अंक : 272 | पटना, बुधवार, 14 फरवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# आगामी लोस चुनाव में 40 व विधानसभा में 200 से अधिक सीटों पर एनडीए की होगी जीत: नीतीश

## सीएम बोलें-एक साल के अंदर 8 लाख लोगों को दी जाएगी नौकरी

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि आगामी 2024 लोस चुनाव में एनडीए गठबंधन बिहार में सभी 40 सीटों पर जीत दर्ज करेगा। वहीं, 2025 में विधान सभा चुनाव में चुनाव में 243 में से 200 से ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज करेगा। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को विधानसभा में बजट के बाद राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान उक्त बाते कहीं। मुख्यमंत्री ने एक बार फिर दुहाराय कहा कि अब वह एनडीए छोड़कर कहीं नहीं जाएंगे। उन्होंने राजद शासन काल की याद दिलाते हुए कहा कि 2005 से पहले बिहार की क्या स्थिति थी। लोग शाम होने के बाद घरों से बाहर नहीं निकाल पाते थे। अब महिलाएं 11 बजे तक घूम रही है। पहले पुलिसकर्मी भी कम थे अब पुलिस बल को भी तीन से चार गुना कर दिया गया है। सीएम ने कहा कि 2005 से वे अधिकतर समय बीजेपी की साथ ही रहे बीच में दो बार में कुछ समय के लिए राजद के साथ चले गए, मगर अधिकतर काम उन्होंने एनडीए में रहते ही किया। उन्होंने आरोप लगाए कि राजद जब सत्ता में आई तो उन्होंने काम का क्रेडिट लेना शुरू कर दिया। जबकि जो काम पहले यानी एनडीए सरकार के समय से चल रहे थे महागठबंधन सरकार में भी वही काम हुए।

**एक साल के अंदर 8 लाख लोगों को सरकारी नौकरी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में अगले 1 साल के अंदर 8 लाख लोगों को सरकारी नौकरी देने का लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगले साल यानी 2025 में होने वाले बिहार चुनाव से पहले राज्य सरकार 10 लाख नौकरियां और 10 लाख रोजगार का वादा पूरा कर लेगी। सीएम ने कहा कि लोगों को 10 लाख से ज्यादा ही नौकरियां दी जाएगी,यह तय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सात निश्चय पार्ट 2 में हमने 10 लाख रोजगार और 10 लाख नौकरियां देने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों में 5 लाख नौकरी और 5 लाख लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य पूरा हो जाएगा। आगामी विधानसभा चुनाव से पहले टारगेट पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकारी विभागों में 10 लाख से ज्यादा नौकरियां दी जाएगी। सीएम ने पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के दावे को गलत बताया। कहा कि राजद के सत्ता में आने के बाद नौकरी पर काम नहीं हुआ बल्कि यह एनडीए की पूर्ववर्ती सरकार में ही तय हो गया था। सीएम ने कहा कि 10 लाख नौकरियां और 10 लाख रोजगार देने का वादा साथ निश्चय का हिस्सा है। राजद जब सत्ता में आई तो उस काम का क्रेडिट लेने लगी।



**वधायकों के खरीद-फरोख्त की जांच होगी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि फ्लोर टेस्ट से पहले विधायकों के खरीद-फरोख्त की कोशिश की गई थी। इसकी जांच करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि हम सब की जांच करवाएंगे, कौन किसको क्या दिया, गड़बड़ी किसने की है? सब लोग अलर्ट रहिए। कोई आदमी पार्टी छोड़ेगा, उसको रिजाइन करना होगा। फिर से चुनाव लड़ना होगा, लेकिन वह लोग चुनाव नहीं जीत पाएंगा। जनता सब देख रही है

**जातीय गणना राजद की कोई भूमिका नहीं :** नीतीश कुमार ने कहा कि लोग जातीय गणना का श्रेय ले रहा है। मैंने 1990 से जातीय गणना के लिए कोशिश की। उस समय के प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह को जाकर कहा था कि जातीय गणना कराइये. बाद में बिहार विधानसभा से प्रस्ताव पारित कराया. दिल्ली जाकर प्रधानमंत्री से मिले. जब पूरे देश में जातीय गणना नहीं हुई तो हमने बिहार में कराने का फैसला लिया। अब दूसरे लोग श्रेय ले रहे हैं। कह रहे हैं कि लालू यादव ने जातीय गणना करायी। लालू यादव का क्यो रोल था इसमें। उन्होंने कहा कि लालू यादव तो अति पिछड़ा का आरक्षण खत्म करना चाहते थे।1990 में ही इसकी साजिश हो रही थी कि पिछड़ों और अति पिछड़ों को एक कर दिया जाये। लेकिन मैंने उस वक्त कहा था कि खबरदार, ऐसा नहीं करने देंगे। नीतीश कुमार ने कहा कि उन्होंने ही लालू यादव को 1990 में मुख्यमंत्री बनवाया था। पार्टी के ही लोग लालू यादव को किसी सूरत में मुख्यमंत्री बनाने के लिए राजी नहीं थे।

अधिकतम तापमान 18°C

न्यूनतम तापमान 14°C

**बाजार**

सोना 64,220

चांदी 79,600

सेंसेक्स 71,555

निफ्टी 21,743

## संक्षिप्त खबरें

### मोदी, नाहयान ने अबू धाबी में रुपे कार्ड पेश किया

अबू धाबी/नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने मंगलवार को यहां यूपीआई रुपे कार्ड सेवा शुरू की। राष्ट्रपति नाहयान ने अबू धाबी में सेवा की शुरूआत करते हुए अपने नाम से उभरा हुआ एक कार्ड स्वाइप किया। मोदी ने राष्ट्रपति नाहयान से कहा, हम मेरे यूपीआई रुपे कार्ड और आपके जयवान कार्ड की पेशकश के साथ एक नए फिनटेक युग की शुरूआत कर रहे हैं। उन्होंने इसे एक बड़ी उपलब्धि बताया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस मौके पर दोनों नेता कई द्विपक्षीय समझौतों के गवाह भी बने।

### सक्षमता परीक्षा में फेल होने पर नहीं जाएगी नियोजित शिक्षकों की नौकरी : मंत्री

पटना। बिहार के शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी ने आंदोलनरत नियोजित शिक्षकों को लेकर मंगलवार को कहा कि सक्षमता परीक्षा में फेल होने पर नियोजित शिक्षकों की नौकरी जाने का फैसला सरकार के स्तर पर नहीं हुआ है। पटना में बड़ी संख्या में नियोजित शिक्षक सड़क पर उतरे हैं। इनकी योजना विधानसभा मार्च की है। इसी बीच शिक्षा मंत्री चौधरी ने कहा है कि सक्षमता परीक्षा में फेल होने पर भी नियोजित शिक्षकों को सेवा से मुक्त करने पर सरकार का अभी तक कोई निर्णय नहीं हुआ है। शिक्षा विभाग की एक कमेटी ने अपनी अनुशंसा इस विषय पर की है, जिस पर अभी तक सरकार ने फैसला नहीं लिया है। शिक्षा मंत्री ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि शिक्षकों को हड़बड़ाने की जरूरत नहीं है। सरकार ने यह कभी नहीं कहा कि बिना शर्त राज्यकर्मी का दर्जा दिया जाएगा। उन्होंने शिक्षकों से जल्दबाजी नहीं करने की भी बात कही है। उल्लेखनीय है कि शिक्षा विभाग ने सक्षमता परीक्षा पास करने वाले को राज्यकर्मी का दर्जा देने का आदेश निकाला था। कहा गया था कि इसके लिए उन्हें तीन मौके मिलेंगे। अगर तीनों बार फेल हुए तो, शिक्षक सेवा से हटा दिया जाएगा। इस निर्णय का बहिष्कार करते हुए शिक्षक संघ ने आंदोलन शुरू कर दिया।

# बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों में नीतीश सरकार ने 2024-25 का बजट किया पेश

# 2 लाख 78 हजार 725 करोड़ रुपये का बजट पेश

## बिहार का विकास दर दूसरे राज्यों से काफी आगे : सम्राट

**बजट**

- रोजगार, शिक्षा व स्वास्थ्य पर नीतीश सरकार का विशेष जोर

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने मंगलवार को बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों में 2024-25 का बजट पेश किया। नीतीश कैबिनेट में पहली बार वित्त मंत्री की जिम्मेदारी निभा रहे सम्राट चौधरी ने मंगलवार को बिहार का 2024-25 का बजट पेश किया। वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने 2 लाख 78 हजार 725 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। यह राज्य के इतिहास में अबतक का सबसे बड़ा बजट है। इससे पहले 2023-24 यानी चालू वित्तीय वर्ष का बजट 2 लाख 61हजार 885 करोड़ का था। जिसके अनुसार इस बार का बजट आकार पिछले बार की तुलना में 16,540 करोड़ रुपया बढ़ाया गया है। बिहार में सबसे ज्यादा खर्च शिक्षा पर किया जाएगा। शिक्षा का बजट 52639.03 करोड़ रुपए का रखा गया है। बजट पेश करने से पहले सम्राट चौधरी ने कहा कि मैं नीतीश कुमार को विशेष तौर पर धन्यवाद देता हूं। सम्राट चौधरी ने कहा कि पहली बार वित्त मंत्री के तौर पर बजट पेश कर रख रहा हूं। बिहार की जनता को आश्वस्त करता हूं। विकास के मुद्दे पर हमारी सरकार काम कर रही है और आगे भी करती रहेंगी। बिहार में सरकार न्याय के साथ विकास कर रही है। मुझे यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि बिहार की अर्थ व्यवस्था दूसरे राज्यो से बेहतर रही है। बिहार का विकाश दर 10.4 है। यह पूरे देश में सबसे अधिक है।



**बिहार का विकास दर 10.4 प्रतिशत :** वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा बिहार का विकास दर दूसरे राज्यों के काफी आगे है। तेज विकास दर राज्य के लिए गर्व की बात है। बिहार का विकास दर 10.4 प्रतिशत देश में सबसे ज्यादा है। सकल घरेलू उत्पाद डेढ़ गुना बढ़ा। बिहार में परिवहन और संचार का बजट बढ़ा है। परिवहन और संचार का बजट 46,729 करोड़ है। शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ सामाजिक विकास पर जोर दिया गया है। आर्थिक विकास के साथ सामाजिक विकास पर जोर है। सम्राट चौधरी ने बजट पेश करते हुए कहा कि प्राथमिक और उच्च विद्यालय में ड्रॉप आउट घटा है। एससी एसटी समाज के बच्चों के सपने पूरे हो रहे हैं। राज्य में खेल संस्कृति को बढ़ावा दे रहे हैं। खिलाड़ी ज्यादा पदक लाएं इसके लिए काम हो रहा है।

**गरीब परिवार को 2 लाख रुपये देने का फैसला :** वित्त मंत्री ने कहा कि जीविका के माध्यम से समाज में बदलाव की कोशिश की गयी है। राज्य के विकास में जीविका की बड़ी भूमिका है। ग्रामीण इलाकों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करा रहे हैं। सात निश्चय के तहत राज्य का विकास हो रहा है। बिहार में गरीबी दर में 8 फीसदी से ज्यादा गिरावट हुई है। 2 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर निकले। देश में पहली बार बिहार में जातीय गणना हुई। दिव्यांग जन को 4 प्रतिशत शैक्षणिक आरक्षण है. कृषि के क्षेत्र में रिकॉर्ड उत्पादन का लक्ष्य रखा गया। बिहार में चतुर्थ कृषि रोड मैप लागू किया गया। बिहार में निवेश लाने की कोशिश जारी है। 94 लाख परिवार आर्थिक रूप से कमजोर हैं। अधिकतम दो लाख रुपये अनुदान देने का फैसला लिया गया है।

**सात निश्चय-2 के लिए 5 हजार 40 करोड़ :** सम्राट चौधरी ने कहा कि स्वरोजगार के माध्यम से लोगों को समृद्ध करेंगे। बिहार में पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर है। पर्यटन पर निवेश पर सब्सिडी देने का फैसला लिया गया है। प्रवैधिकी के लिए नयी नीति लाई गई। आईटी क्षेत्र में रोजगार बढ़ाने की कोशिश की गयी है। विकास के लिए सरकार प्रोत्साहन राशि देगी। इलेक्ट्रिक व्हिकल पॉलिसी लागू की गयी। सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा दे रहे हैं। स्मार्ट मीटर लगाने का काम तेजी से चल रहा है। बजट में वित्तीय संतुलन का पूरा ध्यान रखा गया है। सात निश्चय 1 और 2 पूरे राज्य में लागू है। सात निश्चय-2 के लिए 5 हजार 40 करोड़, स्टूडेंड क्रेडिट कार्ड के लिए 700 करोड़ की राशि दी जाएगी।

### ढाई गुना बढ़ा बिहार का बजट

2023-24 का बजट आकार 2,78,725 करोड़ रुपए का है। वहीं अगर पिछले दस वर्षों के बजट के आकार को देखें दो इसमें करीब ढाई गुना तक बढ़ोतरी हुई है। 2023-24 में 2,61,885 करोड़ रुपए का बजट पेश किया गया था। इससे पहले 2022-23 में 2,37,691 करोड़, 2021-22 में 2,18,303 करोड़, 2020-21 में 2,11,761 करोड़, 2019-20 में 2,00,501 करोड़, 2018-19 में 1,77,000 करोड़, 2017-18 में 1,60,000 करोड़, 2016-17 में 1,44,000 करोड़, 2015- 16 में 1,20,000 करोड़, 2014-15 में 1,16,000 करोड़ का बजट पेश किया गया था।

### बजट की मुख्य बातें: 2,78,725.72 करोड़ का बजट

- व्यय अनुमान 1,78,706.09 करोड़
- 2024-25 में कुल व्यय स्कीम 35.88 प्रतिशत
- शिक्षा पर 52639.03 करोड़ रुपए
- सड़क पर 15235.11 करोड़ रुपए
- ग्रामीण विकास पर 14296.71 करोड़ रुपए
- कमजोर वर्ग जैसे एससीएसटी अल्पसंख्यक एवं समाज कल्याण पर 12377.26 करोड़ रुपए

### वित्तीय वर्ष 2024-25 का कुल व्यय बजट अनुमान

- वित्तीय वर्ष 2024-25 का कुल व्यय बजट अनुमान 2,78,725.72 करोड़ रुपये है, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट अनुमान 2,61,885.40 करोड़ रुपये से 16,840.32 करोड़ रुपये अधिक है।
- वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय का बजट अनुमान 1,78,706.09 करोड़ रुपये है, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट अनुमान 1,61,855.67 करोड़ रुपये से 16,850.42 करोड़ रुपये अधिक है ।
- वित्तीय वर्ष 2024-25 का वार्षिक स्कीम का कुल बजट अनुमान 1,00,000.00 करोड़ रुपये है ।
  सुशासन के कार्यक्रम, 2020-25:- आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय-2 (2020-2025) के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभिन्न विभागों के अन्तर्गत कुल बजट प्रावधान 5,040.00 करोड़ रुपये का किया गया है।
- वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल राजस्व व्यय 2,25,676.99 करोड़ रुपये अनुमानित किया गया है, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट अनुमान 2,07,848.00 करोड़ रुपये से 17,828.99 करोड़ रुपये अधिक है ।
- वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल पूंजीगत व्यय 53,048.72 करोड़ रुपये अनुमानित किया गया है ।
- वित्तीय वर्ष 2024-25 में राजस्व एवं पूंजीगत व्यय क्रमशः 2,25,676.99 करोड़ रुपये एवं 53,048.72 करोड़ रुपये अनुमानित है जो कुल अनुमानित व्यय 2,78,725.72 करोड़ रुपये का क्रमशः 80.97 एवं 19.03 प्रतिशत है ।
- वित्तीय वर्ष 2024-25 में विकासात्मक एवं गैर-विकासात्मक व्यय का अनुमान क्रमशः 1,76,866.42 करोड़ रुपये एवं 1,01,859.30 करोड़ रुपये है जो कुल अनुमानित व्यय 2,78,725.72 करोड़ रुपये का क्रमशः 63.46 प्रतिशत एवं 36.54 प्रतिशत है।
- वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल राजस्व प्राप्तियाँ 2,26,798.40 करोड़ रुपये अनुमानित है, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट अनुमान 2,12,326.97 करोड़ रुपये से 14,471.44 करोड़ रुपये अधिक है ।
- वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य के अपने स्त्रोतों से कर राजस्व के रूप में 54,300.00 करोड़ रुपये प्राप्ति का अनुमान है जो वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट अनुमान 49,700.05 करोड़ रुपये की तुलना में 4,599.95 करोड़ रुपये अधिक है ।
- वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य के अपने स्त्रोतों से गैर कर राजस्व के रूप में 7,325.86 करोड़ रुपये प्राप्त होने का अनुमान है जो वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट अनुमान 6,511.74 करोड़ रुपये की तुलना में 814.12 करोड़ रुपये अधिक है ।
- वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य को केन्द्र सरकार से केन्द्रीय करों में हिस्से के रूप में 1,13,011.92 करोड़ रुपये प्राप्त होने का अनुमान है जो वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट अनुमान 1,02,737.26 करोड़ रुपये की तुलना में 10,274.66 करोड़ रुपये अधिक है ।
- वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य को केन्द्र सरकार से सहायक अनुदान के रूप में 52,160.62 करोड़ रुपये प्राप्त होने का अनुमान है, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट अनुमान 53,377.92 करोड़ रुपये की तुलना में 1,217.30 करोड़ रुपये कम है ।
- वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1,121.41 करोड़ रुपये राजस्व बचत रहने का अनुमान है, जो सकल राज्य घरेलू उत्पाद 9,76,514.00 करोड़ रुपये का 0.11 प्रतिशत है ।
- वित्तीय वर्ष 2024-25 में 29,095.42 करोड़ रुपये राजकोषीय घाटा रहने का अनुमान है, जो सकल राज्य घरेलू उत्पाद 9,76,514.00 करोड़ रुपये का 2.98 प्रतिशत है ।
- वित्तीय वर्ष 2024-25 में लोक ऋण का शेष 2,97,908.99 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जो सकल राज्य घरेलू उत्पाद 9,76,514.00 करोड़ रुपये का 30.51 प्रतिशत है । वर्ष 2024-25 के अन्त में अन्य दायित्वों के साथ लोक ऋण का शेष 3,48,370.45 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है जो सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 35.67 प्रतिशत है ।
- शिक्षा विभागः- वर्ष 2024-25 में शिक्षा विभाग के लिए 52,639.03 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित हैं जिसमें राजस्व मद में 50,690.81 करोड़ रुपये एवं पूंजीगत मद में 1,948.22 करोड़ रुपये प्रस्तावित है ।
- स्वास्थ्य विभागः- वर्ष 2024-25 में स्वास्थ्य विभाग के लिए 14,932.09 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित हैं जिसमें राजस्व मद में 14,268.20 करोड़ रुपये तथा पूंजीगत मद में 663.90 करोड़ रुपये प्रस्तावित है ।
- सड़क प्रक्षेत्र :- पथ निर्माण एवं ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा सड़क प्रक्षेत्र में व्यय किए जाते हैं । इन विभागों में इस प्रक्षेत्र में वर्ष 2024-25 में 15,235.12 करोड़ रुपये का व्यय अनुमानित है जिसमें सड़कों के रख-रखाव एवं मरम्मत मद् में 3,000.00 करोड़ रुपये अनुमानित है ।
- कल्याण प्रक्षेत्र :- वर्ष 2024-25 में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण एवं पिछड़ा तथा अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण एवं समाज कल्याण से संबंधित विभागों द्वारा 12,377.26 करोड़ रुपये व्यय किया जाना प्रस्तावित है ।

## नंद किशोर यादव ने विस अध्यक्ष पद के लिए किया नामाकंन

प्रात : किरण

पटना। पूर्व मंत्री नंद किशोर यादव ने विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए मंगलवार को नामाकंन कर दिया है। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा के अलावा कई मंत्री व विधायक मौजूद थे। वहीं, विपक्ष की ओर से अध्यक्ष पद के लिए किसी ने नामांकन नहीं किया है। नंद किशोर यादव सातवीं बार विधायक हैं। नामाकंन के बाद नंद किशोर यादव ने मीडिया से बातचीत की। अब विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन 15 फरवरी को होगा। पक्ष की ओर से इस पद के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेता नंद किशोर यादव ने नामाकंन किया है। वहीं, विपक्ष की ओर से इस पद के लिए कोई कैंडिडेट नहीं है। वहीं, नामाकंन करने के बाद नंद किशोर यादव ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष के लिए मेरा नामाकंन हुआ है। मैं भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, प्रदेश अध्यक्ष जेपी नड्डा साथ साथ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि आज नामाकंन हुआ है, 15 फरवरी को निर्वाचन का काम संपन्न होगा।



## न्यायालय ने तेजस्वी के खिलाफ मानहानि की शिकायत की खारिज

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने उस कथित टिप्पणी को लेकर राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव के खिलाफ दायर मानहानि की शिकायत खारिज कर दी जिसमें उन्होंने कहा था कि केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं। न्यायमूर्ति ए एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने इस बात पर गौर करने के बाद यादव को राहत दी कि उन्होंने अपना बयान वापस ले लिया है। पीठ ने कहा, हमने शिकायत खारिज कर दी है। न्यायालय ने 29 जनवरी को यादव को उनकी यह कथित टिप्पणी वापस लेते हुए एक उपयुक्त बयान दाखिल करने का निर्देश दिया था। तेजस्वी ने अपनी कथित टिप्पणी केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं को वापस लेते हुए शीर्ष न्यायालय में 19 जनवरी को एक हलफनामा दाखिल किया था।

**नामांकन** | **जदयू ने राज्यसभा के उम्मीदवार के लिए संजय झा के नाम का किया ऐलान**

## रास चुनाव : संजय झा, भीम सिंह व धर्मशीला गुप्ता आज करेंगे नामांकन

प्रात : किरण

पटना। जनता दल यूनाइटेड की ओर से मंगलवार को राज्यसभा के लिए उम्मीदवार के नाम का ऐलान कर दिया गया है। पार्टी ने अपने राष्ट्रीय महासचिव व राज्य मंत्रिमंडल के पूर्व सदस्य संजय कुमार झा को राज्यसभा भेजने का फैसला किया है। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उनके नाम की घोषणा की। वह बुधवार को नामांकन करेंगे। संजय झा ने अपने एक्स हैंडल पर मुख्यमंत्री के इस निर्णय के प्रति आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए विशेष दिवस है। यह मेरे लिए बड़े ही सम्मान का विषय है कि मेरे नाम का चयन राज्यसभा प्रत्याशी के रूप में हुआ है। जदयू की ओर से एक पत्र जारी करके इसकी घोषणा की गई है। जदयू ने पूर्व मंत्री संजय कुमार झा को आगामी राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव 2024 के लिए बिहार से पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया है। बता दें कि इससे पहले बीजेपी ने अपने दो उम्मीदवार पूर्व मंत्री भीम सिंह और धर्मशीला गुप्ता के नाम का ऐलान कर दिया था। अब एनडीए के ये तीनों उम्मीदवार 14 फरवरी यानी आज नामांकन दाखिल करेंगे। विधानसभा के सचिव कक्ष में इन सभी उम्मीदवारों का नामांकन होगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। बिहार की 6 सीटों के लिए मतदान बता दें कि बिहार से राज्यसभा की 6 सीटों के लिए चुनाव हो रहा है। इसके लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख 15 फरवरी है। विधायकों की संख्या के आधार पर बिहार की 6 में तीन-तीन राज्यसभा की सीटें एनडीए और महागठबंधन की झोली में जाएंगी। इनमें भाजपा की 2, राजद की 2 और जदयू की 1 सीट तय मानी जा रही है। वहीं, शेष एक पर अभी किसी की दावेदारी नहीं है। दरअसल, संजय झा ब्राह्मण समाज से आते हैं और मिथिलांचल में जदयू के बड़े नेता के तौर पर इनकी पहचान है। इसके साथ ही संजय झा नीतीश कुमार के सबसे भरोसेमंद भी माने जाते हैं। शुरूआत से संजय झा का झुकाव बीजेपी की तरफ रहा। संजय झा पहले अरुण जेटली के करीबी रहे। यहीं से उनकी मुलाकात नीतीश कुमार से हुई और फिर बाद में आपसी तालमेल की वजह से उन्होंने 2012 में जदयू जॉइन कर लिया।



## संक्षिप्त खबरें

### मूंगफली विक्रेता के घर से डेढ़ लाख की चोरी

फतुहा। यूपी के रहने वाले मूंगफली विक्रेता के किराए वाली कमरे का कुंडी तोड़कर चोरों ने डेढ़ लाख रुपए की चोरी कर ली। इस सन्दर्भ में बदायूं जिले के रहने वाले अफजाल खान ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है। पीड़ित के मुताबिक वह पिछले पांच साल से दनियावां बाजार में किराए के मकान में रहकर मूंगफली बेचने का काम करता है। बीते सोमवार को भी वह दनियावां बाजार में मूंगफली बेचने चला गया था। शाम को अपने कमरे पर पहुंचा तो देखा कि कमरे का कुंडी टूटी हुई है तथा कमरे में रखे पेटी से डेढ़ लाख रुपए गायब है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को चेक किया गया तो देखा गया कि एक शख्स कमरे में लगे दरवाजे की कुंडी तोड़ने का प्रयास कर रहा है। दूसरे फुटेज में शख्स को कमरे में घुसते देखा गया। पीड़ित ने दनियावां पुलिस को फुटेज भी उपलब्ध कराया है। थाना प्रभारी एसएचओ कमलेश कुमार ने बताया कि पीड़ित के बयान पर केस दर्ज कर लिया गया है तथा जांच की जा रही है।

### पूर्व मंत्री डॉ रामानंद यादव ने सड़क हादसे में मृतकों के परिजन से किया मुलाकात

फतुहा। सोमवार को पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक डा रामानंद यादव गोविंदपुर पहुंचे और सड़क हादसे में मारे गये अमन व सूरज के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना प्रकट की। इस दरम्यान उन्होने दोनों युवकों के परिजनों को हर संभव मदद करने का आश्वासन भी दिया। घटना का जायजा लिया तथा हाइवा ट्रक की पहचान कराने में मदद करने का भी आश्वासन दिया। इस मौके पर राजद के मंडल अध्यक्ष दयानंद प्रसाद यादव, पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मनोज यदुवंशी तथा राजद के वरीय नेता धर्मवीर गोप भी मौजूद रहे।

### लापता छात्रा थाना पहुंची

फतुहा। छह दिन पूर्व इंटर की परीक्षा देकर घर लौट रही एक छात्रा रास्ते से लापता हो गई थी। मंगलवार को वह फतुहा थाना पहुंच गई। पुलिस छात्रा से पूछताछ कर रही है। विदित हो कि गत 7 फरवरी को इंटर की परीक्षा देकर घर लौट रही छात्रा रास्ते में कंचनपुर के पास से लापता हो गई थी। उसका कोई सुराग न मिलने पर उसके पिता ने फतुहा थाने में पुत्री के लापता होने की लिखित सूचना दी थी। तभी से परिजन और पुलिस उसकी खोजबीन में लगी थी। मंगलवार को वह फतुहा थाने पहुंच गई। थानाध्यक्ष रूपक कुमार अंबुज ने बताया कि न्यायालय में छात्रा का बयान दर्ज कराया जाएगा।

### रेलवे लाइन पार करने के क्रम में 51 व्यक्तियों गिरफ्तार किया गया

दानापुर खगौल रेल थाना के अंतर्गत निरीक्षक प्रभारी रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट दानापुर वेंकटेश कुमार के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मंगलवार को उप निरीक्षक विमल कुमार एवं बल के सदस्यों के द्वारा ट्रेन के महिला बोगी में यात्रा करते 35 व्यक्ति एवम अनाधिकृत रूप से रेलवे लाइन पार करने के क्रम में 16 व्यक्तियो गिरफ्तार किया गया। सभी को अग्रिम कार्रवाई के लिए रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी आरा को अग्रसारित किया गया। आरपीएफ इंस्पेक्टर वेंकटेश कुमार ने बताए कि ऐसा अभियान आगे भी जारी रहेगा। ताकि महिला यात्रियो को परेशानी न हो।

### कलश यात्रा निकाली गई

दानापुर खगौल नगर के गोड़गांवा मंदिर परिसर में स्थापित सूर्य मंदिर में प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंगलवार को कलश यात्रा का आयोजन किया गया। मंगलवार से शुरू होने वाले तीन दिवसीय कार्यक्रम को लेकर कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ निकला। बड़ी खगौल देवी स्थान से होते हुए कलश यात्रा राम जानकी मंदिर होते हुए गोड़गांवा मंदिर पहुंची। आयोजको ने बताया कि 14 फरवरी को रामायण पाठ व पूजन आदि होगे। कार्यक्रम किया जाएगा। 15 फरवरी को प्राण प्रतिष्ठा एवं भंडारा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में पप्पू कुमार सत्येंद्र प्रसाद, सरयू प्रसाद सिंह, अमर सिंह, पिंटू कुमार, वीरेंद्र कुमार सिंह समेत स्थानीय गणमान्य लोग शामिल हुए।

### एक युवक का शव बरामद

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत आशोपुर पुल के पास मंगलवार की शाम में संदिग्ध अवस्था में एक लगभग 45 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान मधुबनी के गनौली गांव की रहने वाला रामनाथ चौपाल के रूप में की गई है। मृतक के गांव का रहने वाला एक रिस्तेदार विकास कुमार ने बताया कि वह विजय सिंह यादव पथ निवासी होटल संचालक अशोक कुमार के यहां गाड़ी चलाने का काम करता था। सुबह मालिक का गाड़ी चलाने के लिए अपने रूम से निकला था। देर शाम खबर मिली कि रामनाथ का शव पुल के पास पड़ा हुआ है। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक मृतक के शरीर पर किसी प्रकार जख्म के निशान नहीं मिले हैं।

# नंदकिशोर यादव के विधानसभा अध्यक्ष बनना तय, पटना साहिब में खुशी का माहौल

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



भारतीय जनता पार्टी पटना महानगर के अध्यक्ष अभिषेक कुमार, मीडिया प्रभारी प्रदीप काश और राजेश साह ने कहा कि पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र से विधायक नंदकिशोर यादव को बिहार विधानसभा का अध्यक्ष बनाए जाने का निर्णय का स्वागत किया है। श्री यादव आज नामांकन का पत्र दाखिल कर चुके हैं पूरी संभावना है कि उनका निर्विरोध निर्वाचन हो जाएगा। इधर क्षेत्र की जनता एवं भाजपा कार्यकताओं में खुशी का माहौल है। मीडिया प्रभारी प्रदीप काश ने कहा कि नंदकिशोर यादव 1995 से पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे हैं। दो बार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने संगठन को मजबूती प्रदान किया है।

बिहार में संगठन का विस्तार किया है। वर्ष 2005 में एनडीए गठबंधन की सरकार बिहार में बनते ही पथ निर्माण और पर्यटन मंत्रालय का प्रभार संभाला। पथ निर्माण के क्षेत्र में किया गया। काम के कारण उन्हें बिहार का नीतिन गडकरी कहा जाता है। पर्यटन मंत्रालय में कार्य करते हुए उन्होंने बिहार में सिख सर्किट, सूफी सर्किट, जैन सर्किट और बौद्ध सर्किट की स्थापना की। पटना सिटी में पटना साहिब महोत्सव और कौमुदी महोत्सव इसका उदाहरण है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की कमान संभाल कर स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार कार्य किया। अस्पतालों की व्यवस्था को दुरुस्त किया। अब वे बिहार विधानसभा अध्यक्ष की कमान संभालेंगे। उनके द्वारा सदन के सुचारु संचालन अपने में मिसाल बनेगी। बधाई देने वाले में महानगर के महामंत्री विनय केसरी, प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर मिश्र, नितीन कुमार रिंकू, मंडल अध्यक्ष नवल किशोर सिन्हा, मंडल प्रभारी बलराम माथुरी, महेश पासवान, राजू जायसवाल, जितेंद्र मेहता, अशोक भारती, हरेंद्र चंद्रवंशी, अशोक भारती, अमित सिंह, मनोज यादव, संतोष विद्रोही, राहुल राज, अखिलेश मेहता, अनुज शर्मा, अजय आजाद, कौशल अम्बष्ट, जितेंद्र कुमार जीतू, विनय कुमार, सरोज जायसवाल, कांति केसरी, शशि बलिहार, सुनीता गुप्ता, अवधेश सिन्हा, भगवती मोदी, पार्षद इंद्रदीप चंद्रवंशी, डॉ आशीष सिन्हा, विनोद कुमार, तारा देवी, किरण मेहता, विनय बाला, पूर्व पार्षद लल्लू शर्मा, सीता सिन्हा, स्मिता रानी, अनिता पांडेय, निशा मेहता आदि शामिल हैं।

विधानसभा अध्यक्ष बनने पर कार्यकताओं ने जतायी खुशी भाजपा लखन श्याम विद्रोही मंडल में कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई। लोगों ने गुलाब लगा मिठाई बांटी। आयोजन में मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार विद्रोही, नगर निकाय प्रकोष्ठ महानगर संयोजक व पूर्व पार्षद धर्मेंद्र प्रसाद मुन्ना, ओंकार आनंद, मनोज चंद्रा, मनोहर, अनिल सिंह, संजीव मेहता, आजाद मेहता, जवाहर प्रसाद, बलराम माथुरी, नैयर इकबाल, संजय कुमार सिन्हा, अनुज कुमार सिन्हा, गणेश साह, हरिकांत झा आदि शामिल थे। वार्ड संख्या 71 में पार्षद अंजली राय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने वार्ड में मिठाई बांटी और अबीर गुलाल लगा खुशी जताया। भाजपा नेता ललित अग्रवाल और अमित कानोडिया विधायक से मिले और अंगवस्त्र ओढ़ा कर सम्मानित किया। रेडक्रास सोसाइटी पटना सिटी के चेयरमैन गोविंद कानोडिया, ऑल इंडिया जामियातुस सब्बाग रंगरेज ऑग्रेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रजी अहमद सिद्दीकी, राकेश बल्लभ उर्फ डब्बू यादव आदि नेताओं ने खुशी जतायी है।

# छात्र सुसाइड जांच कमेटी में तीन टीचर के नाम घोषित

प्रात :किरण संवाददाता



पटना सिटी। आलमगंज थाना क्षेत्र के एनएमसीएच रोड में मेहता लॉज में रविवार को राजकीय फामेर्सी संस्थान के डिप्लोमा इन फामेर्सी सत्र 2021- 2023 के छात्र 22 वर्षीय पंकज कुमार ने आत्महत्या कर लिया था। इस मामले में छात्रों ने सोमवार को संस्थान के मुख्य द्वार पर तालाबंदी कर धरना और प्रदर्शन किया था बाद में आलमगंज थाना की पुलिस के पहुंचने और प्रचार की मौजूदगी में बातचीत होने के बाद गेट का ताला खोल दिया गया था इस बीच सहमति बनी थी कि शिक्षक और छात्रों की एक संयुक्त जांच समिति का गठन किया जाएगा। वहीं आत्महत्या किए छात्र पंकज कुमार के पिता के द्वारा आलमगंज थाना में दर्ज कराए गए प्राथमिक में पुलिस अपना अनुसंधान शुरू करेगी। इस दौरान छात्रों का शिष्टमंडल प्राचार्य डॉ रामकुमार चौधरी से मिला। उन्हें मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। इसमें गठित होने वाली जांच कमेटी में छात्रों की ओर तीन लोगों को शामिल करने की मांग रखी गई। ज्ञापन में तीन छात्रों का नाम भी दिया गया है। इसमें सत्र 2021-23 के शुभम कुमार, हिमांशु कुमार और सत्र 2022-24 के सूरज कुमार का नाम शामिल है। दूसरी और प्राचार्य डॉ रामकुमार चौधरी ने कहा कि मंगलवार को टीचिंग स्टाफ के साथ उनकी बैठक हुई। इसमें टीचिंग स्टाफ की ओर से तीन नाम पर सहमति जाहिर की गई है। इनमें राजीव सत्यार्थी, राकेश रंजन और अभिषेक आमोद गुप्ता का नाम आने के बाद इसे अंतिम रूप दिया गया है। तीनों शिक्षक राजकीय फामेर्सी संस्थान के हैं और फिलहाल क्रमशः बांका, नालंदा के पावापुरी और उत्तरी बिहार के एक संस्थान के प्रभार में हैं। प्राचार्य डॉ चौधरी ने बताया कि छात्रों की ओर से भी दो नाम की मांग की गई थी, मगर उन सबों ने जो कागज सौंपा है, उसमें तीन छात्रों का नाम दशार्या गया है। क्योंकि यह नाम का आवेदन देर से मिल पाया, तब तक डिस्पैच का काम अपराह्न पांच बजे तक समाप्त हो चुका था। कल सरस्वती पूजा के कारण संस्थान में बंदी है। इसके बाद 15 फरवरी को जांच कमेटी से संबंधित पत्र जारी कर दिया जाएगा। प्राचार्य का कहना था कि मंगलवार को संस्थान में सामान्य ढंग से अध्ययन-अध्यापन एवं अन्य कार्य चला। बुधवार को सरस्वती पूजा होने के कारण पहले सत्र में पठन-पाठन का काम हुआ, जबकि दूसरे सत्र से छात्रा पूजा की तैयारी में लग गए थे।

दूसरी ओर आलमगंज थाना की पुलिस आत्महत्या किए छात्र पंकज के पिता की ओर से दर्ज कराए गए शिकायत के आधार पर मामले में छानबीन शुरू कर दी है।

# एमएसएमई द्वारा पटना में एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास कार्यालय, एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार,पटना द्वारा दमंगलवार(13-02-2024) पटना में एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम, एमएसएमई मंत्रालय,भारत सरकार के उद्यमिता सह कौशल विकास योजना के अंतर्गत किया गया। इसका उद्देश्य, उद्यमियों /भावी उद्यमियों/ छात्रों/ छात्राओं के बीच उद्यमिता के महत्व, प्रक्रियाओं, इस संबंध में विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं बिहार राज्य में, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए उपलब्ध वित्तीय सहायता एवं विभिन्न प्रक्रियाओं के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना था। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सम्राट एम. झा, आई.ई.डी.एस., सहायक निदेशक , एमएसएमई - ड़ीएफओ, पटना ने किया । कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पी.के.राव, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट विशेषज्ञ, डीएसटीटीई, बिहार सरकार, पटना, साधना झा, कार्यकारी निदेशक, बिहार महिला उद्योग संघ, पटना, पी.के. मिश्रा, मनवा भारती इंटरनेशनल स्कूल, पटना, संदीप सिन्हा, पीएनबी एमएसएमई सेगमेंट पटना, अभिनव दास, प्रबंध निदेशक, इंटेनेक्स्ट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड व पटना कार्ट एग्रो फार्म्स प्राइवेट लिमिटेड, मुकेश कुमार सचिव बुनियाद फाउण्डेशन पटना इत्यादि मौजूद रहे। इस कार्यक्रम संयोजन एवं समन्वयन सम्राट एम. झा,आई.ई.डी. एस.,सहायकनिदेशक,एमएसएमई- ड़ीएफओ, पटना ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सम्राट एम. झा ने कार्यक्रम उदेश्य के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये उद्यमिता का महत्व, प्रक्रियाओं, इस संबंध में विभिन्न सरकारी योजनाओ के बारे मे जानकारी दी । उन्होंने हर संभव सहायता देने हेतु प्रतिभागियों को भरोसा दिया एवं उनके सवालों का निराकरण किया। वहीं, सभी अतिथियों ने प्रतिभागियों को उद्यमिता के क्षेत्र मे आगे बढ्ने हेतु आपने अनुभावों से उचित मार्गदर्शन किया क कार्यक्रम में 85 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया एवं कार्यक्रम का लाभ उठाया। कार्यक्रम तकनीकि सत्र में एमएसएमई मंत्रालय, नई दिल्ली के द्वारा भेजे गए वीडियो प्रेजेंटेशन उ दिखाया गया एवं हर तरह की जानकारी साझा की गई।

# शनि शांति व शतचंडी महायज्ञ पर अनुष्ठान जारी

प्रात :किरण संवाददाता



पटना सिटी। श्री प्राचीन शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी गड़हा मंदिर में शतचंडी महायज्ञ का अनुष्ठान चल रहा है। आचार्य राजेंद्र भार्गव की देखरेख में धार्मिक अनुष्ठान जारी है। मंदिर के पुजारी आचार्य बबलू पांडेय ने बताया कि 14 को सरस्वती पूजा, 15 को भगवती का महाभिषेक और 18 को यज्ञ की पूणार्हुति के साथ भंडारा प्रसाद होगा। दूसरी ओर कंगन घाट पर शनि शांति महायज्ञ अनुष्ठान को लेकर अयोध्या के मणि पर्वत रघुनंदन कुंज से आए संत श्रीश्री 108 नागा बाबा उर्फ तेलपानी बाबा के सानिध्य में मंडप प्रवेश के साथ धार्मिक अनुष्ठान हुआ। यज्ञ 22 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान संतों के प्रवचन के साथ अन्य धार्मिक आयोजन होगा। गुप्त नवरात्रि पर शक्तिपीठ श्री बड़ी पटनदेवी में महंत विजय शंकर गिरि, विकास उर्फ भोलू गिरी और सिद्धपीठ छोटी पटनदेवी में पीठाचार्य अनंत अभिषेक द्विवेदी व आचार्य विवेक द्विवेदी की देखरेख में धार्मिक अनुष्ठान चल रहा है। श्री बड़ी पटन देवी मंदिर में दर्शन और पूजन के लिए इस गुप्त नवरात्रि में भी भक्तों की लाइन देखी जा रही है। दूसरी और अगमकुआं स्थित श्री शीतला माता मंदिर, खाजेकलां के नीम घाट स्थित प्राचीन काली मंदिर और मंगल तालाब के दीरापर स्थित प्राचीन श्मशानी काली मंदिर में भी पुजारी मुन्ना बाबा एवं शशिकांत मिश्रा की देखरेख में धार्मिक अनुष्ठान चल रहा है।

# मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा सात परीक्षा केंद्रों पर कल से शुरू

## परिक्षार्थियों को पहली पाली में 9.20 व दूसरी सीटिंग में 1.50 के बाद प्रवेश नहीं

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा 15 फरवरी से शुरू होगी। इसका समापन 27 फरवरी को होगा। इसे लेकर एसडीओ गुंजन सिंह ने दिशा-निर्देश जारी किया है। प्रश्न पत्र को एसबीआई के गुलजारबाग शाखा में रखा गया है। पहली पाली की परीक्षा के पूर्व यहां से प्रश्न पत्र लिया जाएगा और पहली पाली में 9 से 9.10 तक और दूसरी पाली में अपराह्न एक 1.20 से 1.30 के बीच प्रश्न पत्र के पैकेट को खोला जाएगा। इस दौरान वीडियोग्राफी भी की जाएगी। प्रश्न पत्र परीक्षार्थियों के बीच वितरित किए जाने के बाद बचे प्रश्न पत्र को पैकेट में रख दिया जाएगा। परीक्षा के दौरान हर बेंच पर दो परीक्षार्थियों को ही बैठने की अनुमति होगी। परीक्षा शुरू होने के पूर्व परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार पर पुलिस के द्वारा परीक्षार्थियों के शरीर की तलाशी लेने के बाद ही अंदर प्रवेश करने दिया जाएगा।

छात्राओं की जांच के लिए एक अस्थायी पदार्नुमा बनाया जाएगा। एसडीओ ने स्पष्ट तौर पर कहा कि प्रथम पाली की परीक्षा में सुबह 9.20 तक ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा, वहीं दूसरी पाली में अपराह्न 1.50 तक प्रवेश दिया जाएगा। इसके बाद परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इस कारण से परीक्षा में शामिल होने वाले हर परीक्षार्थी समय पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुंचने का प्रयास करें। परीक्षा केंद्र के केंद्राधीक्षक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारी का यह दायित्व होगा कि परीक्षा केंद्र पर शुरू होने वाले परीक्षा का प्रश्न पत्र किसी भी कीमत पर परीक्षा केंद्र से बाहर नहीं जाने पाए। यदि ऐसा हुआ, तो इसके लिए केंद्राधीक्षक पूरी तरह से जिम्मेवार होंगे। एसडीओ ने स्पष्ट तौर पर कहा कि परीक्षा केंद्र के आसपास 200 मीटर की परिधि में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है। ऐसे में पांच या उससे अधिक संख्या में परीक्षा केंद्र के आसपास लोगों के जुटने पर रोक रहेगी। परीक्षा केंद्र के पास परीक्षार्थियों को पहुंचाने के बाद परिजन, रिश्तेदार, उसके मित्र या जो भी साथ में रहें, वहां से हट जाएं। जारी आदेश में कहा गया है कि परीक्षा के दौरान कदाचार में लिप्त पाए जाने वाले ऐसे परीक्षार्थी, जिनकी आयु 18 साल से कम है, ऐसे परीक्षार्थियों को बाल सुधार गृह में रखा जाएगा। पटना सिटी अनुमंडल के शहरी क्षेत्र में सात परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसमें राजकीय गर्ल्स प्लस टू उच्च विद्यालय (पटना सिटी), गांधी आर्य कन्या उच्च विद्यालय (मंसूरगंज), डीबीआरके जालान उच्च विद्यालय (हाजीगंज), नारायणी कन्या उच्च विद्यालय (चौक), ओरिएंटल कॉलेज (गुजरी बाजार), एमएए उच्च विद्यालय (गुजरी बाजार), कुशवाहा बालिका उच्च विद्यालय (गुलजारबाग) है।

# विरोध के खिलाफ केंद्र सरकार तानाशाही तरीके छोड़ें : मोर्चा

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। अखिल भारतीय किसान महासभा घटक संयुक्त किसान मोर्चा ने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से किये जा रहे विरोध प्रदर्शन को रोक रही है। प्रशासन लोगों को डराने के लिए आतंक का माहौल बना रहा है। केन्द्र सरकार प्रदर्शनकारियों के साथ ऐसा व्यवहार कर रही है जैसे कि वे देश के दुश्मन हों। अखिल भारतीय किसान महासभा के राज्य सचिव उमेश सिंह ने कहा है कि मध्य प्रदेश में किसान सभा नेता राम नारायण कुरारिया, उनकी पत्नी और एआईडीडब्लयूए नेता एडवोकेट सहित एसकेएम के पांच राज्य नेता, अंजना कुरारिया, किसान संघर्ष समिति नेता एडवोकेट आराधना भार्गव, बीकेयू (टिकैत) नेता अनिल यादव, एनएपीएम नेता राजकुमार सिन्हा को सीआरपीसी की धारा 151 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। राज्य के विभिन्न हिस्सों में कई किसान कार्यकताओं को गिरफ्तार किया गया।

एसकेएम ने पहले स्पष्ट किया है कि उसने 13 फरवरी को दिल्ली चलो का आह्वान नहीं किया है और एसकेएम का इस विरोध कार्रवाई से कोई लेना-देना नहीं है। हालाँकि, एसकेएम के अलावा अन्य संगठनों को भी विरोध करने का अधिकार है और यह केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है कि वह अत्यधिक राज्य दमन का पालन करने के बजाय ऐसे विरोध प्रदर्शनों को लोकतांत्रिक तरीके से व्यवहार करे। अखिल भारतीय किसान महासभा घटक एसकेएम ने सरकार यह स्पष्ट करने का आग्रह किया कि उनकी सरकार लोगों की आजीविका की मांगों पर 16 फरवरी 2024 को देशव्यापी ग्रामीण बंद और औद्योगिक/क्षेत्रीय हड़ताल के आह्वान के संदर्भ में किसानों और श्रमिकों के मंच से चर्चा के लिए तैयार क्यों नहीं है? श्री सिंह ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र और राज्य सरकारों के दमन का जनता द्वारा प्रतिकार किया जाएगा। सभी वर्गों के समर्थन से किसान और श्रमिक यह सुनिश्चित करेंगे कि 16 फरवरी की औद्योगिक, सेक्टोरल हड़ताल और ग्रामीण बंद व्यापक, जीवंत और सफल हो।

# केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्वा चंद्रा ने की अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य के साथ बैठक, दिए कई महत्त्वपूर्ण दिशा- निर्देश

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव श्री अपूर्वा चंद्रा एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण की सीईओ श्रीमती दीप्ति गौड मुखर्जी ने स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत एवं श्री संजय कुमार सिंह, सचिव स्वास्थ्य सह कार्यपालक निदेशक,राज्य स्वास्थ्य समिति,बिहार सहित कई अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में केंद्र सरकार की तरफ से स्वास्थ्य को लेकर दी जाने वाली सुविधाओं तथा योजनाओं की समीक्षा की गई। इसके साथ ही बिहार में चल रही स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं की भी समीक्षा हुई।

केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने बिहार में चल रही बाल हृदय योजना, स्वास्थ्यकर्मियों को दिए गए स्वास्थ्य बीमा ,मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ योजना( भव्या),स्पेशल न्यू बोर्न केयर यूनिट(एसएनसीयू) सहित अन्य सभी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। विस्तृत जानकारी देते हुए स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत द्वारा बैठक में केंद्रीय सचिव श्री अपूर्व चंद्रा को बिहार में चल रही स्वास्थ्य संबंधी परियोजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने बिहार में चल रही स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं पर हुए कार्यों की सराहना की एवं इसे प्रशंसनीय बताया।

इसके साथ ही केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने कमांड कंट्रोल सेंटर का भी निरीक्षण किया, जहां उन्होंने कुछ जिलों के अस्पतालों का सीसीटीवी के माध्यम से जांच की। उन्होंने हर राज्य में बिहार की तर्ज पर कमांड कंट्रोल सेंटर खोलने की बात कही।

केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव श्री अपूर्व चंद्रा ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, शास्त्री नगर पटना, का भी निरीक्षण किया जहां शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं और व्यवस्थाओं से काफी संतुष्ट दिखे। उन्होंने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर 106 प्रकार की दवाओं की उपलब्धता,इंफ्रा, भव्या पोर्टल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन सिस्टम एवं आईसी ब्रांडिंग की काफी सराहना की।

# केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा द्वारा एम्स पटना में रिपोर्ट की समीक्षा

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा, संयुक्त सचिव डॉ. अंकिता मिश्रा बुंदेला और अतिरिक्त सचिव सुश्री के साथ दीप्ति गौड़ मुखर्जी ने संस्थान के दौरे के दौरान एम्स पटना की रिपोर्ट की व्यापक समीक्षा की। समीक्षा बैठक के दौरान एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक डॉ. जी.के.पाल ने संस्थान के संचालन का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया।

डॉ. जी.के. पाल ने एम्स पटना की उपलब्धियों का गहन विश्लेषण किया और इसकी सर्वोत्तम प्रथाओं पर प्रकाश डाला, जिसमें हॉस्पिटल रिवॉल्विंग फंड (एचआरएफ) का प्रभावी उपयोग, कुशल रक्त नमूना संग्रह और रिपोर्टिंग सिस्टम, किफायती कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी, एबीएचए-हेल्थ रिकॉर्ड शामिल हैंएबीडीएम के तहत लिंकेज, चल रही परियोजनाएं, बाह्य परियोजनाएं, अनुसंधान प्रयास, रोगी भार प्रबंधन, सर्जिकल गतिविधियां और आगामी सुविधाएं। सचिव, संयुक्त सचिव और अतिरिक्त सचिव ने सराहनीय पहल के लिए एम्स पटना की सराहना की, विशेष रूप से एचआरएफ, रक्त नमूना संग्रह और रिपोर्टिंग तंत्र, विकिरण ऑन्कोलॉजी विभाग, कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी और एबीएचए-स्वास्थ्य की सफलता को मान्यता दीरिकॉर्ड लिंकेज पहल.उन्होंने संस्थान के प्रबंधन और रोगियों की भारी संख्या का सामना करने के बावजूद गुणवत्तापूर्ण देखभाल प्रदान करने की प्रतिबद्धता की सराहना की।

डॉ. जी.के. पाल ने संस्थान की ओर से आभार व्यक्त करते हुए स्वास्थ्य सचिव और संयुक्त सचिव को उनकी यात्रा और संस्थान की क्षमताओं को बढ़ाने के उद्देश्य से दिए गए व्यावहारिक योगदान के लिए धन्यवाद दिया।

दौरे के दौरान, यह देखा गया कि अस्पताल में उच्च स्तर की भीड़ का अनुभव होता है, जिसका मुख्य कारण डे-नाइट शेल्टर की अनुपस्थिति है। इस बात पर जोर दिया गया कि इस मुद्दे को कम करने के लिए राज्य सरकार और माननीय आरएमपी श्री सुशील कुमार मोदी जी के एमपीएलएडी फंड दोनों द्वारा सहायता प्राप्त यात्री निवास की स्थापना में तेजी लाई जानी चाहिए। दौरे के दौरान उपस्थित लोगों में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनुप कुमार, अनुसंधान के डीन डॉ. प्रेम कुमार, डॉ. पुनम प्रसाद भदानी, डॉ. रुचि सिन्हा, डीडीए श्री नीलोत्पल बल, निदेशक के ओएसडी डॉ. अनिल कुमार, डॉ. त्रिभुवन कुमार, डॉ. संगम सहित कई अन्य प्रमुख कर्मी शामिल थे। झा, डॉ. क्रांति भावना, डॉ. मुक्ता अग्रवाल, डॉ. चांदनी सिन्हा, डॉअमित राज, डॉ. असीम सरफराज, डॉ. सुजीत कुमार सिन्हा, और डॉ. राथिस नायर भी शामिल थे।

# जमीन उपलब्ध होने पर अनुमंडल में खोले जाएंगे डिग्री कॉलेज : मंत्री

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि जिस भी अनुमंडल में एक भी डिग्री कॉलेज नहीं है। वहां अगर पर्याप्त जमीन उपलब्ध करवा दें तो वहां डिग्री कॉलेज खोले जाएंगे। हाल में नौ ऐसे अनुमंडल मिले जहां डिग्री कॉलेज नहीं है। यहां पर बिहार सरकार ने डिग्री कॉलेज की स्वीकृति दी। शिक्षा मंत्री मंगलवार को सदन में प्रश्नकाल के दौरान उक्त बाते कही। मंत्री ने यह भी कहा सभी विधायकों से अपील है कि जहां डिग्री कॉलेज नहीं है, वहां आप जमीन उपलब्ध करवाएं तो डिग्री कॉलेज की स्वीकृति दे दी जाएगी। इसपर राजद विधायक भाई बीरेंद्र ने कहा कि हमने अपने क्षेत्र में जमीन उपलब्ध करवा दी है लेकिन अब तक स्वीकृति नहीं दी गई है।

वहीं, माले विधायक संदीप सौरभ ने सवाल उठाया कि हमलोगों द्वारा जो विद्यालयों नाइट गार्ड की नियुक्ति की जा रही है, उसे पांच हजार रुपये मिलता है। और, जो एजेंसी के माध्यम से नियुक्त हो रही है, उसे नौ हजार रुपये मासिक दिया जाता है। ऐसा क्यों हो रहा है। पैसा जब सरकार दे रही है तो क्यों विधायकों को नीचा दिखाया जा रहा है। यह अन्याय है। इस पर सरकार को जवाब देना चाहिए। शिक्षा मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि हम इसकी जांच वरीय अधिकारी से कराएंगे। रोस्टर और आरक्षण की बात इसमें कहां से आ गई। इस पर विपक्षी सदस्य हंगामा करने लगे।

# 10 लाख नौकरी देने के संकल्प शीघ्र पुरा किया जाए : गगन

पटना। वित्त मंत्री सम्राट चौधरी द्वारा आज वर्ष 2024-25 के लिए विधानसभा में पेश बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कहा है कि यह बजट मूल रूप से पिछले महागठबंधन सरकार जिसमें तेजस्वी प्रसाद यादव उपमुख्यमंत्री थे ,द्वारा तैयार किया गया हीं बजट है। जिसे एनडीए सरकार द्वारा मंगलवार को विधानसभा में पेश किया गया है। पिछली महागठबंधन सरकार के समय तेजस्वी ने दबाव डालकर शिक्षा, रोजगार और नौकरी,समाजिक सुरक्षा , महिला सशक्तिकरण, आईटी, कृषि , स्वास्थ्य , उधोग के साथ हीं खेल एवं संस्कृति जैसे विषयों को विशेष प्राथमिकता दिलवाई थी। खेल के लिए अलग से विभाग खोला गया था। जिसमें मामूली शाब्दिक हेराफेरी कर उसे एनडीए सरकार का बजट बताकर आज विधानसभा में पेश किया गया है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि बजट में जिस राशि का प्रावधान किया गया है वह सही ढंग से खर्च हो । साथ हीं नौकरी और रोजगार सृजन की जो प्राथमिकता दी गई है उसे सही रूप में अमलीजामा पहनाया जाए। और 10 लाख नौजवानों को नौकरी और 10 लाख नौजवानों को रोजगार देने के संकल्प को यथाशीघ्र पुरा किया जाए।

# सुदर्शन पथ में ट्रेफिक जाम के कारण लोग हलकान

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

सुदर्शन पथ में तुलसी मंडी से लेकर मोगलपुरा पुलिस चौकी, लोहा का पुल से लेकर रानीपुर रेल गुमटी के बीच लगातार जाम की स्थिति बनी रह रही है। इस करीब तीन किलोमीटर से अधिक की दूरी वाले पथ पर एक भी ट्रेफिक पुलिस के जवान की तैनाती नहीं है। ट्रेफिक के खासा जाम हो जाने के बाद भी जाम से निजात दिलाने के लिए भी न ही यातायात पुलिस और न ही संबंधित थाना के स्थानीय पुलिस पदाधिकारी या बल के द्वारा कोई प्रयास किया यातायात को व्यवस्थित करने को किया जाता है। नतीजतन लोग जाम में फंस कर त्राहिमाम करते रहते हैं। विदित हो कि अगमकुआं आरओबी के बन जाने के बाद इसके पूर्वी फ्लैंक तुलसी मंडी से लेकर चौकशिकारपुर नाला मोड़ तक सिंगल रोड है। खासकर सुबह स्कूल का समय होने और अपराह्न में स्कूल का समय समाप्त होने के बाद छात्रों को वापस छोड़ने के लिए आने वाली बड़ी बसें इसके पीछे मूल कारण है। दूसरा कारण मेहंदीगंज रेल गुमटी पर ट्रेनों का दबाव भी है। अप और डाउन में गुजरने वाली सवारी, एक्सप्रेस, मेल, सुपरफास्ट से लेकर गुड्स ट्रेनों के गुजरने पर रेल गुमटी को बंद किया जाता है। इस दौरान दोनों ओर वाहन गुमटी खुलने का इंतजार करता है। इससे सुदर्शन पथ पर जाम की स्थिति बनती है। तीसरा सुदर्शन पथ सिंगल रोड है। हालांकि कहें तो दो पहिया और तिपहिया वाहन चालक गाड़ी को लेकर गलियों या शेरशाह पथ के पश्चिम दरवाजा, मीना बाजार, जल्ला रोड होते हुए एनएमसीएच रोड की मदद से अगमकुआं आरओबी की ओर जाते और आते हैं। मगर इस जाम से निजात पाने के लिए यातायात पुलिस या स्थानीय थाना की पुलिस के द्वारा कोई पहल नहीं की जाती है। लोग घंटों जाम में फंसे रह कर त्राहिमाम करते रहते हैं।

# नीतीश सरकार द्वारा सदन में पारित बजट को सत्ता पक्ष ने सराहा, कहा-सूबे का होगा विकास

## सामाजिक-आर्थिक विकास को गति देने वाला बजट : विजय



पटना। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने 2024-2025 के लिए सदन में बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा पेश किये गये बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट स्वागत योग्य है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सोच को जमीन पर उतारने वाला बजट है। यह बजट सामाजिक-आर्थिक विकास को गति देने वाला बजट है, जिससे समाज के अंतिम पायदान पर बैठे बिहार के हर एक व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान आएगी और मुझे यह विश्वास है कि यह विकास दर को 10 प्रतिशत से ज्यादा रख पायेगा। उपमुख्यमंत्री श्री सिन्हा ने कहा कि 2005 में 27 हजार करोड़ से प्रारंभ बजट की यह यात्रा सरकार के प्रबंधन की बदौलत 2.78 लाख करोड़ तक पहुंच गई है।श्री सिन्हा ने कहा कि इस बजट की बदौलत बिहार चतुर्दिक विकास के पर तेजी से आगे बढ़ेगा।

**चालू वित्तीय वर्ष का बजट विकसित बिहार की कल्पनाः**

पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं वित्त मंत्री सम्राट चौधरी को उच्च विकास दर हासिल करने वाली संतुलित बजट पेश करने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार का ये बजट स्वागत योग्य है। जो बिहार को विकास के रास्ते पर ले जाएगा। इस बजट के माध्यम से राज्य के सभी वर्गों के लिए समान अवसर पेश किए गए हैं। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए विधानसभा में 2.79 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया गया है। जिसमें आर्थिक विकास के साथ सामाजिक विकास में कई उपलब्धियां हासिल करने की योजना है। राज्य सरकार बिहार की करीब 13 करोड़ आबादी के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए इस बजट में शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ सामाजिक सुरक्षा को प्राथमिकताएं दी गई है। एनडीए शासन काल में ये बजट 10 प्रतिशत से अधिक विकास दर पाने में सफलता हासिल करेगी।

## बजट समावेशी विकास में मिल का पत्थर साबित होगा : उमेश



पटना बिहार जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा नीतीश सरकार द्वारा पारित बजट 2024-25 आने वाले दिनों में प्रदेश के सर्वांगीण और समावेशी विकास में मिल का पत्थर साबित होगा। यह बजट समाज के हर वर्ग के कल्याण, गरीबों के उत्थान और भावी पीढ़ियों की भविष्य निर्माण के संकल्प को गति प्रदान करने वाला बजट है। साथ ही श्री कुशवाहा ने कहा कि इस बजट में आम जनता की आशाओं एवं आकांक्षाओं का पूरा ध्यान रखा गया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, पर्यटन एवं कृषि के क्षेत्र में विकास पर विशेष जोर दिया गया है। आगे उन्होंने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में निवेश के लिए राज्य सरकार सब्सिडी देगी। यह एक सकारात्मक कदम है, इससे राज्य के आर्थिक विकास को गति मिलेगा। श्री कुशवाहा ने कहा कि बिहार में आईटी कंपनियों को निवेश के लिए बिहार आईटी पॉलिसी लागू की जाएगी। इसका उद्देश्य आईटी सेक्टर में प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजन करना है। साथ ही पर्यावरण संरक्षण को लेकर इलेक्ट्रॉनिक वाहन नीति भी बनाई जाएगी। इसके आलवे आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा का लाभ आसानी से मिल सके इसके लिए नीतीश सरकार द्वारा स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 700 करोड़ रुपये स्वीकृत की गई है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल देने के लिए चतुर्थ कृषि रोडमैप के तहत राज्य सरकार ने वर्ष 2028 तक कृषि के क्षेत्र में 1.2 लाख करोड़ रुपये खर्च करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। राज्य में खेल को बढ़ावा देने एवं ओलपिंक खेलों के लिए राज्य के खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए खेल विभाग का भी गठन होगा। श्री कुशवाहा ने कहा कि डबल इंजन की एनडीए सरकार प्रदेश के समावेशी और सतत विकास को लेकर कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग को शैक्षणिक रूप से सशक्त बनाने के लिए सरकार ने 66 अनुसूचित जाति स्कूल एवं 21 अनूसूचित जनजाति आवासीय स्कूल को 102 में कंवर्ट करने का निर्णय लिया है। नए सभी आवासीय स्कूल को 102 करने की स्वीकृति दी गई है। साथ ही सभी आवासीय स्कूलों में सीटों की संख्या 400 से बढ़ाकर 720 करने का निर्णय लिया गया है। यह एक ऐतिहासिक कदम है और भविष्य में इसके बेहतर परिणाम होंगे।

## सर्व समाज का समावेशी एवं स्वागत योग्य बजट : जीवेश



पटना। पूर्व मंत्री जीवेश कुमार ने बिहार सरकार द्वारा पेश बजट को ऐतिहासिक बताया है। श्री जीवेश कुमार ने कहा कि बिहार में गरीबी दर में 8 फीसदी की गिरावट आई है। चतुर्थ कृषि रोड मैप लागू किया गया है। 2 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। आरक्षण की सीमा बढ़ाई गई है। 94 लाख परिवार आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की पहचान की गई है। बिहार में निवेश लाने की कोशिश एक बार फिर जारी किया जाएगा। पर्यटन में निवेश करने पर सब्सिडी देने का फैसला स्वागत योग्य है। बजट में रोजगार और शिक्षा पर फोकस किया गया है। विकास के मुद्दे पर सरकार काम कर रही है। बिहार में विकास दर 0.4 प्रतिशत है, जो देश में सबसे ज्यादा है। सरकार इस बजट के माध्यम से समाज के हर वर्ग का ध्यान रखेगी। परिवहन और संचार के लिए 46,729 करोड़ का बजट रखा गया है। श्री जीवेश कुमार ने कहा की जातीय गणना में राजद की कोई भूमिका नहीं जाति आधारित गणना को लेकर कहा की जातीय जनगणना का क्रेडिट राजद ले रही, जबकि उसकी कोई भूमिका नहीं। जिसपर माननीय मुख्यमंत्री ने सभी बातों को स्पष्ट किया है। कुल बजट में शिक्षा पर 52639.03 करोड़, पुलिस-सुरक्षा पर 6323.83 करोड़, सड़क पर 5235.7 करोड़, स्वास्थ्य पर 4932 करोड़, ग्रामीण विकास पर 4296.7 करोड़, ऊर्जा पर 422.68 करोड़, एससी-एसटी अल्पसंख्यक एवं समाज कल्याण पर 2377.26 करोड़ रुपए खर्च होंगे। बजट में खेलों को बढ़ावा देने का काम किया गया है । युवाओं की शारीरिक एवं मानसिक मजबूती सुनिश्चित करने का काम, राज्य में खेल को बढ़ावा देने और खेल प्रशासन को सुगम एवं और अनुकूल बनाने के लिए तथा राज्य के खिलाड़ियों को ओलंपिक खेलों में तैयार करने के लिए खेल विभाग का गठन किया गया है। इलेक्ट्रिक व्हिकल ट्रांसपोर्ट इको सिस्टम पर जोर बजट भाषण में वित्त मंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रिक व्हील पॉलिसी 2023 लागू करके पर्यावरण सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। हमारा उद्देश्य है, बिहार को इलेक्ट्रिक व्हिकल ट्रांसपोर्ट इको सिस्टम में एक मॉडल राज्य की तरह स्थापित किया जाए। इस नीति के अंतर्गत 10 हजार वाहनों के लिए हर दोपहिया वाहन पर 5 हजार किलोवॉट अधिकतम 10 हजार रुपए, लाख रुपए की क्रय सब्सिडी दी जाएगी। शानदार बजट प्रस्तुत करने हेतु मै उपमुख्य सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी को हार्दिक बधाई देता हूं एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा एवं मंत्रिमंडल के सभी साथियों को धन्यवाद देता हूं।

## राज्य के संतुलित विकास के अनुरूप है बजट : प्रेम

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



वरिष्ठ भाजपा नेता एवं राज्य के मंत्री डा प्रेम कुमार ने वर्ष 2024-25 के लिए आज पेश किये गए आम बजट को जन अपेक्षाओं तथा राज्य के संतुलित विकास के अनुरूप बताया है। आज बिहार विधा सभा में राज्य के उपमुख्यमंत्री-सह-वित्त मंत्री सम्राट चौधरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पेश किये गए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए डा प्रेम कुमार ने कहा कि इस बजट में युवाओं, महिलाओं, किसानों, गरीबों तथा माध्यम वर्गीय समूह केन्द्रित करते हुए स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार समेत विभिन्न क्षेत्रों के विकास का विशेष ध्यान रखा गया है। उन्होंने आगे कहा कि देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन एवं माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुआई में डबल इंजन की सरकार राज्य के सर्वांगीण विकास को कृतसंकल्पित है। सात निश्चय -2 के लक्ष्य को उड़ान देगा : पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने बिहार सरकार के उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पेश किए गए बजट का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि अब तक बिहार का यह सबसे बड़ा बजट आकार हैं। इस बार का बजट आकार 02 लाख 78 हजार करोड़ रुपये का हैं। जो विगत वित्तीय वर्ष के बजट से 16 हजार 840 करोड़ रुपये ज्यादा हैं। यह बजट आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय -2 के लक्ष्य को उड़ान देगा साथ ही विकसित बिहार के निर्माण में महत्वपूर्ण भुमिका सुनिश्चित करेगा जिससे प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को सिद्धि तक ले जाने में नया आयाम देगा। पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बजट में रोजगार,महिला सशक्तिकरण सभी वर्गों का कल्याण स्वास्थ्य शिक्षा कृषि ग्रामीण विकास उद्योग एवं पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर दिया गया है यह बजट विकसित बिहार के निर्माण में मिल का पत्थर साबित होगा इस बार केंद्रीय करों से बिहार को अधिक राशि मिलेगी इस बजट से बिहार के विकास दर में भी वृद्धि होगी

## बजट भाषण के दौरान विस में विपक्ष का हंगाामा

पटना। बिहार विधानमंडल के बजट सत्र के दूसरे दिन वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने सदन में बिहार सरकार का बजट पेश किया। सम्राट चौधरी के बजट भाषण के दौरान विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया। विपक्षी सदस्य वेल में पहुंच गए और रिपोर्टिंग टेबल को पलटने की कोशिश की। इस बीच विस उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने विपक्षी सदस्यों को अपनी जगह पर जाकर बात रखने की बात कही। हालांकि विपक्षी सदस्यों का हंगामा व नारेबाजी जारी रहा। भारी हंगामा के बाद विपक्षी सदस्य सदन से वॉक आउट कर गए। दरअसल, वित्त मंत्री सदन में बजट पेश कर रहे थे और सरकारी की योजनाओं की जानकारी सदन को दे रहे थे, तभी विपक्ष ने जोरदार हंगामा शुरू कर दिया। विपक्ष के लोग लगातार नारेबाजी कर रहे थे, हालांकि वित्त मंत्री अपना बजट भाषण देते रहे। इसी दौरान विपक्षी विधायकों ने रिपोर्टिंग टेबल को पटकने की कोशिश की। सदन में मौजूद मार्शल टेबल कुर्सी बचाने में जुटे रहे। बजट भाषण में वित्त मंत्री के बोलने के दौरान लगातार विपक्ष का हंगामा जारी रहा। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी सदन में मौजूद थे। भारी हंगामे के बाद उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने वित्त मंत्री को थोड़ी देर के लिए रूकने को कहा, जिसके बाद सम्राट चौधरी ने अपना भाषण रोक दिया और अपनी जगह पर बैठ गए। विपक्षी सदस्य नियोजित शिक्षकों क पक्ष में नारेबाजी की। माकपा के सत्येन्द्र यादव ने कहा कि नियोजित शिक्षकों की मांगों को सरकार पूरा करे। सक्षमता परीक्षा के आदेश को सरकार वापस ले।


### पूर्व मध्य रेल

**ई–खुली निविदा सूचना**

खुली निविदा सूचना सं. : –**SPJ-SnT-S-05-2024.** मंडल रेल प्रबन्धक / संकेत एवं दूरसंचार / समस्तीपुर निम्न कार्य हेतु भारत के राष्ट्रपति के ओर से खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। **क) कार्य का नाम एवं स्थानः**–समस्तीपुर मंडल में BMKI, NKE सेक्शन के 12 नम्बर इंटरलॉक्ड समपार फाटक पर इलेक्ट्रिक लिफ्टिंग बैरियर का प्रावधान। **ख) अनुमानित लागतः** –रूपये 1,77,01,173.76/– (रूपये एक करोड़ सतहत्तर लाख एक हजार एक सौ तिहत्तर एवं छिहत्तर पैसे मात्र)। **ग) अग्रधन/ बिड सिक्योरिटी जो जमा करना है** :–रूपये 2,38,500.00/– (रूपये दो लाख अड़तीस हजार पांच सौ मात्र)।, **घ)** निविदा जमा करने की तिथि एवं समय एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय :– 01/03/2024 अपराह्न 16:00 बजे तक । 01/03/2024 अपराह्न 16:30 बजे, **ड.)** वेबसाईट का विवरण जहाँ ई–निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता हैः–**www.ireps.gov.in** अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें। रेलवे के पास निविदा को स्थगित/निरस्त करने या निविदा में संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित है।

**मंडल रेल प्रबन्धक/संकेत एवं दूरसंचार**
**पू.म.रेल, समस्तीपुर**

पीआर/02287/एसपीजे/एसएंडटी/टी/23–24/36



## भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक का कार्यालय

**9 दीनदयाल उपाध्याय मार्ग नई दिल्ली–110124**

**दूरभाषः 011-23232581** **फैक्सः 011-23234014**

### बोली आमंत्रण नोटिस

भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक नई दिल्ली कार्यालय द्वारा विभागीय परीक्षाओं की आउटसोर्सिंग के लिए बोलियां आमंत्रित की जाती है। कार्यक्षेत्र में निम्नलिखित शामिल है।

**भाग कः** परीक्षाओं का संचालन (कम्प्यूटर आधारित टेस्ट)

**भाग खः** परीक्षाओं के लिए विषयवस्तु प्रदान करना (बहुवैकल्पिक प्रश्न (MCQ)/पठन बोध प्रश्न (RCQ))

**नियम एवं शर्तो** के साथ कार्य का विस्तृत कार्यक्षेत्र (निविदा आई.डी.: 444/17 Exam/Bid 2023CAG ) भारत सरकार के Government e-Marketplace (GeM) पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

इच्छुक बोलीदाता वेबसाई https://gem.gov.in तथा https://cag.gov.in से विवरण डाउनलोड कर सकते है। किसी दस्तावेजी बोली पर विचार नहीं किया जाएगा। बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 15 मार्च, 2024, 17.30 बजे है।

**निदेशक (कार्मिक)**

cbc51101/11/0014/2324


## बजट से विकसित बिहार की कल्पना होगी साकार : मयूख

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी की ओर से विधानमंडल में जारी बजट स्वागतयोग्य है। इस बजट से विकसित बिहार की कल्पना साकार होगी। यह कहना है भाजपा के विधान पार्षद संजय मयूख का। उन्होंने वित्त मंत्री सम्राट चौधरी को इसके लिए बधाई दी है और कहा कि यह उच्च विकास दर हासिल करने वाला संतुलित बजट है। विधान पार्षद संजय मयूख ने कहा कि बिहार सरकार की ओर पेश किये इस बजट का आर्थिक समीक्षकों ने भी स्वागत किया है। यह बजट बिहार को विकास के रास्ते पर ले जाएगा। इसमें राज्य के सभी वर्गों के लिए समान अवसर पेश किये गये हैं। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आज वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने 2 लाख 78 हजार 726 करोड़ का जो बजट पेश किया है, उसमें आर्थिक विकास के साथ-साथ सामाजिक विकास में कई उपलब्धियां हासिल करने की योजना है। उन्होंने कहा कि बिहार की लगभग 13 करोड़ आबादी के कल्याण के लिए एनडीए सरकार प्रतिबद्ध है। सरकार ने इस बजट में न केवल शिक्षा और स्वास्थ्य का ख्याल रखा, बल्कि सामाजिक सुरक्षा को भी अपनी प्रायोरिटी में रखा है। इस बजट से तेज विकास दर पाने में सफलता मिलेगी और इसका सीधा लाभ यहां के लोगों को मिलेगा।

## निर्णायक लड़ाई साबित होगा 2024 का लोकसभा चुनाव : राजीव रंजन

पटना। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री राजीव रंजन ने आज कहा है कि भले ही आजादी के 75 वर्ष से अधिक हो चुके हैं लेकिन राजद-कांग्रेस जैसे दलों की शाही मानसिकता में कोई बदलाव नहीं आया। यह लोग देश को अपने खानदान परिवार की जागीर समझते हैं और जनता को अपना गुलाम। इनका मानना है सत्ता पर केवल उनके खानदान के वारिसों का एकाधिकार है। लेकिन सीएम श्री नीतीश कुमार और पीएम नरेंद्र मोदी जैसे नेताओं ने इन परिवारवादियों के सिंहासन में सुराख कर दिया है। नीतीश-नमो के नेतृत्व में देश में लोकतंत्र सही मायनों में स्थापित होने लगा है और आगामी लोकसभा चुनाव के बाद इसकी जड़ें और मजबूत हो जायेंगी। उन्होंने कहा कि हकीकत में 2024 का लोकसभा चुनाव लोकतंत्र और परिवारवाद के बीच निर्णायक लड़ाई साबित होने वाला है, जिसका आगाज बिहार से हो चुका है। इसमें एक तरफ एनडीए के खेमे में जदयू और भाजपा जैसे दल हैं तो दूसरी तरफ राजद-कांग्रेस-सपा जैसे परिवारवादी दल। वहीं जनता की जागरूकता हर दिन बढती जा रही है। इससे परिवारवादियों के किले में भगदड़ मचनी शुरू हो चुकी है। दोनों दलों से नेताओं ने निकलना शुरू कर दिया है। आगामी चुनाव इनके ताबूत में आखरी कील साबित होने वाला है। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि देश में चल रही बदलाव की इस आंधी ने खानदानी दलों के अस्तित्व को खतरे में डाल दिया है। हर राज्य में जनता उन्हें सत्ता से बेदखल करती जा रहती है। यहां तक कि उनके सहयोगी भी उनका साथ छोड़ते जा रहे हैं। यह दल जान ले कि देश अब इनके फेर में नहीं पड़ने वाला। अब कोई हथकंडा उन्हें डूबने से नहीं बचा सकता।

### भाजपा में जाते ही भ्रष्टाचारी हो जाते हैं पाक साफ : राजद

पटना। राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता व तमिलनाडु के पूर्व डीजी डॉ. करुणा सागर ने कहा है कि किसी से छिपा नहीं है कि भाजपा के साथ जाते ही बड़े से बड़े भ्रष्टाचारी के घोटाले माफ हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि आज एनडीए के पाले में जाते ही उन्हें राजद में भ्रष्टाचार नजर आने लगा। 17 महीने के महागठबंधन के दौरान चुप्पी साध के बैठने वाले कहीं खुद भी तो उस तथाकथित भ्रष्टाचार में संलिप्त नहीं थे, जांच का विषय तो यह भी है। राजद प्रवक्ता ने बिहार के एनडीए गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा उस निर्मल धारा का नाम है जिसमें गोता लगाते ही बड़े से बड़े भ्रष्टाचारी के घोटाले माफ हो जाते हैं। ऐसे में यह जहन में यही सवाल आता है कि जदयूऔर भाजपा के बीच कहीं पाप धोने की डील तो नहीं हुई।

## कांग्रेस अब भारतीय राजनीति में गंभीर खिलाड़ी नहीं : रविशंकर



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

कतर के जेल में बंद सात पूर्व भारतीय नौ सैनिकों को रिहा करने के बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि यह वापसी दशार्ता है कि दुनिया में भारत की ताकत बढ़ी है। उन्होंने कहा कि छह लोग लौट आए हैं और एक पूर्व सैनिक भी जल्द लौटेंगे। पटना में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि स्वदेश लौटे पूर्व सैनिकों ने यहां आते ही प्रधानमंत्री का अभिनंदन किया और कहा कि यह उनके व्यक्तिगत पहल से संभव हो सका। उन्होंने स्वयं अमीर से बात किया था। यह दशार्ता है कि पीएम का स्ट्रेटजीक महत्व बढ़ा है। पटना साहिब के सांसद श्री प्रसाद ने दावा करते हुए कहा कि भारतीय कहीं भी फंसे हों भारत सरकार उनके आंसू पोछने का कार्य करता है। उन्होंने ऑपरेशन कावेरी, दोस्त, गंगा, देवी शक्ति, अभियान वंदे भारत की चर्चा करते हुए कहा कि यूक्रेन में फंसे छात्रों को लाने की बात हो, अफगानिस्तान में फंसे हिंदुओं को लाने की बात हो या पाकिस्तान में फंसे वायु सैनिक अभिनंदन को लाने की बात हो भारत सरकार ने फंसे भारतीय लोगों को वापस लाया। श्री प्रसाद ने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में विदेश नीति इतनी प्रभावी बनी है जिससे भारत की ताकत ही नहीं बढ़ी है कूटनीति महत्व भी बढ़ा है। प्रधानमंत्री जी जो कहते हैं दुनिया उसे सुनती है। इतना ही नहीं छह से अधिक इस्लामिक देशों ने अपने देश के सर्वोच्च पुरस्कार प्रधानमंत्री को दिया है। उन्होंने कहा कि आज हमे पीएम के नेतृत्व पर गर्व है कि भारतीय दुनिया में कहीं पर भी हो, किसी परिस्थिति में फंसा हो भारत सरकार उनके लिए खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा कि यह बहुत बड़ी बात है, लेकिन पीड़ा भी है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या विपक्ष इस मामले पर कुछ बोला है। कहा कि कांग्रेस अब भारतीय राजनीति के गंभीर खिलाड़ी नहीं है। उसका उद्देश्य परिवार के लिए समेटने की है, इसीलिए उसके सहयोगी भाग रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश अब कांग्रेस को गंभीरता से नहीं लेता । देश के लोगों को कोई संदेह नहीं है भाजपा इस बार 400 के पार। बिहार में 40 की 40 सीटें हम जीतेंगे। उन्होंने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि चले हैं देश को जोड़ने। अपने गठबंधन को तो आप जोड़ नहीं सके और चले हैं देश जोड़ने।प्रेस वार्ता में मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल भी उपस्थित थे।


बिहार सरकार

विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
विद्युत कार्य प्रमण्डल, सं0–3

## भवन निर्माण विभाग, पटना

**अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–66 वर्ष 2023–24**

निम्नलिखित कार्य हेतु पर्याप्त अनुभव रखने वाले निबंधित संवेदकों से मुहरबंद कोटेशन दिनांक–29.02.2024 के 11:00 बजे पूर्वाह्न तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है । कोटेशन प्राप्ति का स्थान (1) विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–3, भवन निर्माण विभाग, पटना, (2) विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत कार्य अंचल दक्षिण बिहार, भवन निर्माण विभाग, पटना का कार्यालय होगा । सभी प्राप्त कोटेशनों उसी तिथि को पूर्वाह्न 11:30 बजे कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। कोटेशनदाताओं द्वारा अपना कोटेशन संबंधित कनीय विद्युत अभियंता/सहायक विद्युत अभियंता से समन्वय स्थापित कर स्थल निरीक्षण के पश्चात् ही समर्पित करेगें। सभी या कोई भी कोटेशन को बिना कारण बताये रद्द करने तथा कार्य को एक से अधिक कोटेशनदाताओं के बीच बाँटने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा । उक्त कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी, रूपरेखा एवं अन्य सूचनाएँ किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय या वेवसाइट **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर देखा जा सकता है।

कार्य की विस्तृत विवरणी

| Sl. No. | Name Of work. | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|
| 1. | Day to day operation of electrical equipment in two shift (2 nos. skilled technician in each shift) at all building under electric work section old Secretariat Patna. | 01 Year |
| 2. | Day to day operation of electrical equipment in three shift (1 nos. skilled technician in each shift) at all building under electric work section Harding Road Patna. | 01 Year |

**विद्युत कार्यपालक अभियंता**
**विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–3, पटना**

PR- 017258 (BCD) 2023-24

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**



बिहार सरकार

विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
विद्युत कार्य प्रमण्डल, सं0–3

## भवन निर्माण विभाग, पटना

**पुनः ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 64/2023–24**

(**केवल ई–निविदा पद्धति बेबसाईट** www.eproc2.bihar.gov.in **पर**)

वर्णित कार्य हेतु तकनीकी एवं वित्तीय बीड, (SBD) सिस्टम में ऑन लाईन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

कार्य का विवरणी :–

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू. में) | अग्रधन की राशि (रू. में) | निविदा कागजात का मूल्य (रू० में) (अप्रत्यर्पणीय) | ई–निविदा प्रक्रिया शुल्क (रू०) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SITC V3F Microprocessor Simplex Control System along with ARD, Collective Selective, Fully Automatic Door, 1500 Kg 2 No. Goods lift (G+3) with five year operation & maintenance at VVPAT (Capacity 21000 VVPAT) Phulwarisharif, Patna (Make:- KONE, OTIS, Thyssenkrupp, Johnson, Omega, Schindler) | 83,37,576.00 | 1,66,800.00 | 10,000.00 | As per Online requirement | 04 माह |

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल संख्या–3, पटना।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि : दिनांक–10.02.2024 बेबसाईट **www.eproc2.bihar.gov.in**
3. निविदा कागजात डाउनलोड करने की तिथि एवं समय : दिनांक–04.03.2024 से 15.03.2024 के 3:00 बजे तक केवल बेबसाईट **www.eproc2. bihar.gov.in** पर।
4. निविदा कागजात अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक–18.03.2024 के 3:00 बजे तक केवल बेबसाईट **www.eproc2.bihar.gov.in** पर।
5. निविदा तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक– 19.03.2024 को 3:30 बजे। केवल बेबसाईट **www.eproc2. bihar.gov.in** पर।
6. निविदा वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समयः सक्षम पदाधिकारी से तकनीकी बीड मूल्यांकन के पश्चात्।
7. प्री–बीड मीटिंग की तिथि एवं समय : (क) दिनांक– 11.03.2024 को विद्युत अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, विद्युत कार्य अंचल, दक्षिण बिहार, भवन निर्माण विभाग, पटना। (3:00 बजे अपराह्न)
(ख) दिनांक– 12.03.2024 को मुख्य विद्युत अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। (3:00 बजे अपराह्न)
8. निविदा की वैधता की अवधि : 120 दिन।

**ई0 बलवीर चन्द्र भारती**
**विद्युत कार्यपालक अभियंता**
**विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–3, पटना**

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR- 017262 (BCD) 2023-24

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**



बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
**पटना भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग**
बुद्धमार्ग, पटना–800001

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–32/प.भ.प्र./2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, पटना भवन प्रमण्डल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 21.02.2024 के **12:00** बजे अपराह्न तक।
दिनांक 22.02.2024 के **3:00** बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 22.02.2024 को **3:30** बजे अपराह्न से।
4. निविदा खोलने का तिथि एवं समय : (1) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, पटना।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (2) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पटना भवन प्रमंडल, पटना।
(3) सहायक अभियंता का कार्यालय, बांकीपुर/राजेन्द्रनगर/चिकित्सा भवन अवर प्रमंडल, पटना।
क्रमांक 5 के अनुसार ।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :
7. कार्य का विवरणी :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Campus development & APP work in Press Club at Chhajjubagh, Patna for the year 2023-24 | 5.90 | 11800.00 | 1250.00 | fifteen days |
| 2 | S/R to Qtr. no. -022 road no.-01 at Kazipur, Patna for the year 2023-24 | 1.25 | 2500.00 | 500.00 | fifteen days |
| 3 | Provision of submersible boring(120mm deep,150mmx75mm dia) and floor tiles work in residence no.-C/83 at Bank road, Patna for the year 2023-24 | 4.00 | 8000.00 | 750.00 | fifteen days |
| 4 | Renovation of toilet and other work in Qtr. no. -01 at South Gandhi Maidan at Chhajjubagh, Patna for the year 2023-24 | 3.75 | 7500.00 | 750.00 | fifteen days |
| 5 | Renovation and modification work of 02 nos. gun point in front of main building at NCC at Rajendranagar, Patna for the year 2023-24 | 2.40 | 4800.00 | 500.00 | fifteen days |
| 6 | Anti termits treatments in ten court building and Civil Surgeon building at Campus of Civil Court, Patna for the year 2023-24 | 2.00 | 4000.00 | 500.00 | fifteen days |
| 7 | Anti termits treatments in G+7 building Civil court, Patna on grond floor to 03 at Bakerganj Section, Patna for the year 2023 | 4.11 | 8300.00 | 750.00 | fifteen days |
| 8 | Anti termits treatments in G+7 building Civil court, Patna on floor 04 to 07 at Bakerganj Section, Patna for the year 2023 | 1.90 | 3800.00 | 500.00 | fifteen days |
| 9 | APP work on the roof in Qtr. no. -16 road no.-01, Patna for the year 2023-24 | 0.66 | 1400.00 | 500.00 | fifteen days |
| 10 | Repair painting and remaining work of tiles at cook house in the campus of NCC Rajendranagr, Patna for the year 2023-24 | 1.30 | 2600.00 | 500.00 | fifteen days |
| 11 | APP work on the roof in Qtr. no. -10 road no.-01, Patna for the year 2023-24 | 1.00 | 2000.00 | 500.00 | fifteen days |
| 12 | APP work on the roof in Qtr. no. -08 road no.-01, Patna for the year 2023-24 | 0.65 | 1300.00 | 500.00 | fifteen days |

**(ई0 अभय कुमार सिंह)**
**कार्यपालक अभियंता**
**पटना भवन प्रमंडल, पटना**

**PR. No. 017279 (BCD) 2023-24**

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।**



बिहार सरकार

## भवन निर्माण विभाग

कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना का कार्यालय
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना, संख्या–109 वर्ष 2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 22.02..2024 को 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 23.02..2024 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 23.02..2024 को 03:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) अंचल कार्यालय, दक्षिण बिहार भवन अंचल, पटना।
(ख) प्रमंडल कार्यालय, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना।
(ग) संबंधित अवर प्रमंडल कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) के वर्णित स्थान (क) एवं (ख) पर।
7. कार्य का विवरणी :–

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मू० (रू० में) (अप्रत्यर्पणीय) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation Work of Directorate in Department Corridor in Kota Tiles Repair Painting Welfare Department in 1st Floor Block - 04 Old Secretariat, Patna for the year 2023-24. | **4.95** | 9,900=00 | 750=00 | 15 दिन |
| 2 | Renovation of Flag Hoisting Platform and P.C.C. Work (at Old Garden) in Vikash Bhawan, Patna for the year 2023-24. | **7.00** | 14,000=00 | 1,250=00 | 15 दिन |

8. विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या बेबसाईट **www.state.bihar.gov.in/prd.bihar** देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

**कार्यपालक अभियंता,**
**केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना**

**PR. No. 017370 (BCD) 2023-24**

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।**

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com


## संक्षिप्त खबरें

### किसान आंदोलन के नेता का शहादत दिवस मनाया गया

मुजफ्फरपुर। मुशहरी प्रखंड के बिसहर स्थान गंगापुर मोड पर भाकपा माले बैनर तले कामरेड राजकिशोर सिंह कामरेड तस्लीम का 52 वां शहादत दिवस मनाया गया इस, अवसर पर माल्यार्पण कर राजकिशोर सिंह और मोहम्मद तसलीम की तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए सीपीआईएमएल के राज्य कमेटी के सदस्य डॉक्टर अजमुल्ला अंसारी ने नक्सलबाड़ी आंदोलन के शहीदों को लाल सलाम पेश किया और जुल्म शोषण केंद्र के मोदी सरकार के कॉर्पोरेट परस्त नीति,व फासीवाद के खिलाफ लड़ाई तेज करने का आह्वान किया। शहादत दिवस सभा की अध्यक्षता सीपीआईएमएल के अंचल सचिव राजू शाह ने किया और मंच का संचालन भाकपा माले जिला सचिव सह मुखिया उदय चौधरी ने किया। सचिन ने कहा कि आज से 52 वर्ष पहले 13 फरवरी 1972 को मुसहरी के क्रांतिकारी किसान आंदोलन के नेता राजकिशोर सिंह ,तस्लीम, श्रीपति महतो, रामदेव पासवान, अशोक सिंह विजय शाही, वगैरह की हत्या सामंत और पुलिस के सहयोग से कर दी गई थी ताकि जनता के हक अधिकार को कुचलकर शासक वर्ग की मदद करें और शोषण का अधिपत्य रहे। लेकिन क्रांति की मशाल बुझ नहीं पाई। आज भी यह संघर्ष जारी है। देश में जब तक जनवादी और समाजवादी समाज की स्थापना नहीं हो जाती, संघर्ष चलता रहेगा। सभा को माले प्रखंड सचिव राजू शाह, लाल बाबू ठाकुर, जय उद्दीन अंसारी, बच्चा बाबू राम, सूरज पासवान, लखींद्र राय, महेश पासवान, महादेव सहनी, रामप्रवेश पासवान, मकसूदन पासवान, मिथून महतो ,अर्जुमहतो, सत्येंद्र कुमार संबोधित किया।

### नये सीओ ने किया योगदान

कल्याणपुर, समस्तीपुर। नये सीओ के रूप शशि रंजन कल्याणपुर अंचल में योगदान मंगलवार को किया। वहीं अंचल कार्यालय के कर्मियों ने फूलों के गुलदस्ता देकर वर्तमान सीईओ शशि रंजन एवं पूर्व सीओ कमलेश कुमार को सम्मानित किया। वहीं अंचल कर्मियों को संबोधित करते हुए नए सीईओ शशि रंजन ने कहा कि आप सभी अंचल के कर्मी मिलजुल कार्य को तेजी से निर्वहन करें। मौके पर पूर्व अंचलाधिकारी कमलेश कुमार बीडीओ देवेंद्र कुमार मनोज कुमार झा ओम विकास सहित सभी कर्मी मौजूद थे।

### बोलेरो पिकअप सहित 93 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के चकहबीब तुर्की टोल तरवन्नी से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर एक बोलेरो पिकअप सहित 93 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद किया है। जिसकी कुल मात्रा 820 लीटर बताया गया है। इस संबंध में एएसआई विमल कुमार के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस धंधेबाज की पहचान में जुटी है।

### एक ही परिवार में दो व्यक्ति की संदिग्ध मौत

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में एक ही परिवार के दो व्यक्ति की मंगलवार को संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एक का उम्र लगभग 20 वर्ष एवं दूसरे का 30 वर्ष बताया गया। 20 वर्षीय युवक बचपन से ही वहां रहकर काम करता था। वहीं 30 वर्षीय युवक तीन दिन पहले प्रदेश से घर आया हो था। संदिग्ध मौत के संबंध में तरह-तरह की चर्चाएं हो रहे हैं। कई लोग बीमारी से मौत होने की बातें कह रहे हैं तो वहीं कई लोगों के द्वारा अन्य बातों की भी चर्चा हो रही है।

## सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने एक नेपाली व्यक्ति को नेपाली मुद्रा के साथ धर दबोचा



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी समय रात्री 12:30 बजे 48वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के कार्यक्षेत्र भारत-नेपाल सीमा चौकी उसराही के जिम्मेवारी के इलाके मे सशस्त्र सीमा बल के जवानों को एक बड़ी कामयाबी मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए चेक पोस्ट बलहा मे सशस्त्र सीमा बल के जवानों द्वारा की गयी कार्यवाही के दौरान भारत-नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 273/42 से लगभग 100 मी० भारतीय क्षेत्र से मोटरसाईकिल पर नेपाल को जा रहे एक व्यक्ति अमित चौधरी उम्र 31 वर्ष सपुत्र चन्द्रा कान्त चौधरी गाँव वार्ड न० 5 बालहगोट डाकघर थाना- खजुरी जिला धनुषा नेपाल को नेपाली मुद्रा के साथ गिरफ्तार किया गया है। मुद्रा का विवरण नेपाली मुद्रा 3,53,660/-जब्त किए गए नेपाली मुद्रा, मोटरसाइकिल एवं गिरफ्तार व्यक्ति को को अग्रिम कार्रवाई हेतु पुलिस थाना देवधा को सुपुर्द कर दिया गया है। विवेक ओझा कार्यवाहक कमांडेंट, 48वी वाहिनी जयनगर ने बताया भारत नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये नाका पेट्रोलिंग विशेष चेकिंग के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत है। अवैध रूप से हो रही तस्करी के सामान को जब्त किया जा रहा है।

## एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का एलडीएम ने किया उद्घाटन



समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर प्रखंड के पंचायत समिति सभागार में मंगलवार को राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के तत्वावधान में स्वयं सहायता समूह एवं संयुक्त देयता समूह के सदस्यों के लिए एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन एलडीएम पीके सिंह ने किया। उन्होंने समूह संचालन के बारे में बताते हुए सामाजिक सुरक्षा योजना जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना अटल पेंशन योजना पर विस्तार से जानकारी दिया। डीडीएम नाबार्ड अभिनव कृष्ण ने समूह से होने वाले लाभ पर चर्चा करते हुए समूह का लेन-देन, लेखा प्रबंधन, साप्ताहिक बैठक, सदस्यों की उपस्थिति पर विस्तार से प्रकाश डाला। इससे पूर्व बीएलबीसी की बैठक एलडीएम पीके सिंह की अध्यक्षता में हुई। बीडीओ राहुल कुमार ने सभी बैंकर्स के साथ निलाम पत्र, पीएमएफएमई आदि पर विस्तार से चर्चा किया तथा विकलांग एवं छोटे रोजगार करने वाले को ऋण देने का आग्रह किया। मौके पर औसेफा के निदेशक देव कुमार, पीएनबी, इंडियन बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक, जिला समन्वयक एवं जीविका दीदी व समूह के सदस्य मौजूद थे।

## फाइलेरिया की दवा खाने से दर्जनों बच्चों की बिगड़ी तबीयत



प्रात : किरण संवादता

बोचहा ।फाइलेरिया की दवा खाने से 50 से अधिक बच्चे बीमार हो गए हैं।. सिर दर्द, उल्टी और बुखार की शिकायत के बाद बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया.। इलाज कर रहे डॉक्टरों का कहना है कि सभी बच्चे खतरे से बाहर हैं और सभी का इलाज किया जा रहा है।.मामला प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय देवगन का है.। फाइलेरिया रोग से बचाव को लेकर मंगलवार को फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत स्कूलों में बच्चों को फाइलेरिया की दवा खिलाई गई। फाइलेरिया की दवा खाते ही बच्चों को जी मचलने के साथ उल्टी होने लगी।. साथ ही बच्चों में पेट दर्द ,बुखार और सिर दर्द की शिकायत भी होने लगी. ।इसके बाद आनन-फानन में बच्चों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल लाया गया। अचानक एक साथ इतने बच्चों के अस्पताल पहुंचने से अस्पताल में भी अफरा-तफरी का माहौल हो गया.। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा पदाधिकारी, हेल्थ प्रबंधक मौजूद नहीं थे। इस घटना की जानकारी वरीय पदाधिकारी को दी गई। लापरवाह स्वास्थ्य कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की गई है। हालांकि थोड़ी देर बाद ही हेल्थ प्रबंधक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और बच्चों को दूसरे रूम में शिफ्ट कराया ।फिलहाल, सभी बच्चों का इलाज किया जा रहा है। वहीं, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कर रहे डॉक्टर प्रभात रंजन और रवि रंजन ने कहा कि घबराने वाली कोई बात नहीं है,सभी बच्चे खतरे से बाहर हैं। इधर, घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने विद्यालय को घेर लिया, शिक्षकों ने सुरक्षा का गुहार लगाते हुए शिक्षा विभाग से मांग की है कि फाइलेरिया उन्मूलन अभियान विद्यालय में न हो। आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर दवा खिलाएं। बच्चों को कुछ होता है तो अभिभावक बगैर कुछ सोचे समझे विद्यालय परिसर में आकर हल्ला हंगामा शुरू कर देते हैं, हालांकि स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचकर आक्रोशित लोगों को शांत कराया।, तब जाकर शिक्षक विद्यालय से निकले और बच्चों को देखने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां उन्होंने यह बातें बताई।

## उत्तर बिहार में अगले 24घंटे में हल्की बारिश की सम्भावना

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। नमी युक्त पुरवा हवा के वायुमंडल में प्रवेश कर जाने से उत्तर बिहार के जिलों में अगले 24घंटे के अंदर बारिश की सम्भावना व्यक्त की गई है। ग्रामीण कृषि मौसम सेवा , डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 14 से 18फरवरी तक के लिए जारी मौसम पूवार्नुमान में यह सम्भावना व्यक्त की है ।मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 24.9 एवं 8.4 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 97 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 51 प्रतिशत, हवा की औसत गति 7.9 कि०मी० प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 2.4 मि०मी० तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 8.4 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से०मी० की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 12.4 एवं दोपहर में 28.1 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में मौसम शुष्क रहा ।जारी 14-18 फरवरी, 2024 तक के मौसम पूवार्नुमान के अनुसार,पूवार्नुमानित की अवधि अधिकतम तापमान 26 से 28 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। जबकि न्यूनतम 13 से 16 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकती है ।औसतन 5-6 कि०मी० प्रति घंटा की रफ्तार से पछिया हवा चलने की सम्भावना है। 14-15 फरवरी को पूरवा हवा भी चल सकती है ।सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 85 से 90 प्रतिशत तथा दोपहर में 60 से 70 प्रतिशत रहने की संभावना है। किसानों को सलाह दी गई है कि अगले 24 घंटों में वर्षा की संभावना को देखते हुए कृषक भाईयों को सलाह दी जाती है कि दैनिक कृषि कार्यों में सर्तकता बरतें। फसलों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव मौसम साफ होने पर करें। खड़ी फसलों जैसे-गेहूँ, मक्का, आलू मटर, टमाटर, चना एवं सब्जिओं की फसल में सिंचाई स्थगित रखें। अगात सरसों की तैयार फसलों की कटाई नहीं करें। कटी हुई सरसों की फसल को सुरक्षित स्थानों पर मंडारित कर लें। रवी मक्का की अगात फसल जिसमें धनबाल एवं मोचा आ गई हो, 40 किलोग्राम नेत्रजन प्रति हेक्टेयर की दर से उपरिवेशन वर्षा के बाद करें ।समय से बोयी गयी गेहूं की फसल जो गामा की अवस्था में आ गयी हो उसमें 30 किलोग्राम नेत्रजन प्रति हेक्टेयर की दर से उपरिवेशन वर्षा के बाद सिंचाई कर दें।

## संगोष्ठी समारोह का आयोजन किया गया एंव केक काटकर सर्जन डे धूमधाम से मनाया



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। अंतराष्ट्रीय ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जन डे के अवसर पर मिथिला माइनोरिटी डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल मनसुख नगर एकमीघाट लहेरियासराय दरभंगा के हाल में एक संगोष्ठी समारोह का आयोजन किया गया एवं केक काटकर सर्जन डे धूमधाम से मनाया गया ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर कॉलेज के मैनेजिंग डायरेक्टर इम्बेशात शौकत एवं मुसर्रत प्रवीण, कॉलेज के प्राचार्य डाक्टर ए सुधीर , डाक्टर मोहम्मद रजी अख्तर, , विभाग के अध्यक्ष व सेवानिवृत्त मेजर प्रोफेसर अंजनी कुमार झा, , डाक्टर तौसीफ फजल, डाक्टर हसन अशरफ, डाक्टर आशीष कुमार , डाक्टर आशिक अंसारी , डाक्टर मधुकर, डॉक्टर अंकित, डॉक्टर सम्राट व डॉक्टर रंजीत तिवारी के अतिरिक्त पी जी के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे ।इस समारोह का मुख्य उद्देश्य था कि आज जो मनुष्य के साथ समस्याएं पैदा होती है दांत से एवं मुंह से संबंधित इस संबंध में आम नागरिक को जागरूक करना है ।क्योंकि आज के समय में मनुष्य के पास पैसा होने के बावजूद भी सही इलाज नहीं करा पाते हैं।इस की एक वजह है जानकारी का अभाव ।इस के माध्यम से लोगों को जागरूक करना है ।किसी भी मनुष्य का दुर्घटना के समय जबरा टूट जाता है । ट्रामा के दौरान जबरा के टूटने एवं उसकी विकृति को दूर करने का रास्ता दिखाना है। इतना ही नहीं इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक कर लोगों को जागरूक किया गया कि इस का इलाज कैसे किया जाता है उसे विस्तृत रूप से बताया गया। आम लोगों को यह संदेश दिया गया कि ओरल एंड मैक्सीलोफेशियल सर्जरी विभाग का अहम हिस्सा एवं भाग है , जो भी इस से संबंधित मरीज है वह अपना इलाज मिथिला माइनोरिटी डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में आकर करा सकते हैं ।इस अवसर पर कॉलेज के मैनेजिंग डायरेक्टर इम्बेशात शौकत ने कालेज के डॉक्टर एवं छात्र छात्राओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप लोग मेहनत करें हम आपके साथ हैं । जो भी समस्याएं कालेज के अंदर पढ़ने एवं पढ़ाने में होगी उस समस्या का समाधान कालेज प्रशासन करेगा । उन्होंने कालेज परिसर में रंगोली का आयोजन एक आकर्षण का केंद्र रहा । उसके बाद केक काटकर छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित किया । आयोजन के बाद सभी छात्र छात्राओं को इस तरह का आयोजन करने के लिए बधाई दी और कहा कि आज का दिन छात्र छात्राओं के लिए हर्ष उल्लास का दिन है ।

## पढ़ाई से बढ़कर कुछ नहीं एजुकेशन ही पावर है:अरूण शंकर प्रसाद



प्रात : किरण संवादता

मधुबनी राज्य सरकार द्वारा शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता और उसके बेहतर परिणाम संग शिक्षा में तेजी से बढ़ रहे क्षेत्र खजौली विधानसभा के अनेकों विद्यालयों में छात्र छात्राओं की संख्या बराबरी पर आता देख भवनहीन विद्यालयों और शिक्षा में अभूतपूर्व परिवर्तन को लेकर खजौली विधानसभा के विधायक अरूण शंकर प्रसाद ने बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी से विधानसभा में तारांकित प्रश्न के माध्यम से जयनगर प्रखंड के जयनगर बस्ती उत्क्रमित उच्च विद्यालय में पठन पाठन हेतू जमीन मुहैया कराने एवं छात्र छात्राओं को हो रहे पठन पाठन में हो रही कठिनाइयों को दूर करने का मांग तारांकित प्रश्न के जरिये किया। विधायक अरुण शंकर प्रसाद ने कहा कि पढ़ाई से बढ़कर कुछ नहीं एजुकेशन ही पावर है। इस गंभीरतापूर्वक मांग को विधानसभा पटल पर रखने पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष उद्धव कूंवर, नगर मंडल अध्यक्ष सुरज गुप्ता, प्रांतीय युवा नेता धर्मेन्द्र भारद्धाज उर्फ बौआ, ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश गुप्ता, अरविंद तिवारी, गोपाल पूर्वे, गोपाल सिंह, निलेश सिंह, सोनी चौधरी, अनिल महतो, हीरा ठाकुर, आनंद पूर्वे, टप्पू नायक, किशुनदेव सहनी, रामकुमार सिंह, सुरेश, गंगा साह ने विधायक का आभार संग धन्यवाद व्यक्त किया।

## उन्मुखी कार्यक्रम से कार्य संस्कृति में आएगा सुधार : कुलपति

### पटना में दो दिवसीय कार्यक्रम में शामिल होंगे संस्कृत विश्वविद्यालय के कई पदाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा बदलते समय में अपने आप को अपडेट रखना बहुत ही जरुरी है। ऐसे में सरकार द्वारा विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों के लिए उन्मुखी कार्यक्रम आयोजित करना एक बेहद ही सराहनीय कदम है। इससे बेशक न सिर्फ कार्य संस्कृति में सुधार आएगा बल्कि कर्मियों के बीच आपसी समझ व समन्वय विकसित करने में भी मदद मिलेगी। उपलब्ध संसाधनों का ससमय प्रभावी उपयोग होगा। लाजिमी है कि मार्गदर्शन के बाद कार्यों को प्राथमिकता मिलेगी और बुनियादी उद्देश्यों की पूर्ति में भी तेजी आएगी। पटना के चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में दो व तीन मार्च को शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित होने वाले दो दिवसीय उन्मुखी कार्यक्रम की सूचना पर संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 लक्ष्मी निवास पांडेय ने उक्त बातें कही। साथ ही उन्होंने इस कार्यक्रम में मुस्तैदी से भाग लेने के लिए सम्बन्धित शाखाओं को भी तैयारी करने को कहा है। उक्त जानकारी देते हुए पीआरओ निशिकांत ने बताया कि राज्य सरकार के शिक्षा विभाग के सचिव वैद्यनाथ यादव ने प्रदेश के सभी कुलपतियों को पत्र लिखकर अन्य पदाधिकारियों के साथ प्रस्तावित उन्मुखी कार्यक्रम में भाग लेने का अनुरोध किया है। इधर, आदेश मिलते ही संस्कृत विश्वविद्यालय में इस निमित्त तैयारी शुरू कर दी गयी है।

बिपार्ड व विधि विशेषज्ञ सिखाएंगे गुर पटना के विधि विश्वविद्यालय में आयोजित आवासन सहित उन्मुखी कार्यक्रम में बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (विपार्ड), बोधगया एवं विधि विश्वविद्यालय के विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है। ये विशेषज्ञ ही सभी स्तर के प्रशासनिक व वित्तीय कार्यों की समझ विकसित करेंगे और कार्यों में दक्ष होने के साथ साथ नेतृत्व क्षमता के गुर भी सिखाएंगे। विश्वविद्यालयों को 12 फरवरी को भेजे पत्र में सचिव ने उन्मुखी कार्यक्रम में कुलपति, प्रतिकुलपति, वित्त परामर्शी, वित्त पदाधिकारी, कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक से भाग लेने की अपेक्षा की है। इन विषयों पर रहेगा मुख्य फोकस कार्यक्रम में नेतृत्व क्षमता, प्रशासनिक विषय एवं वित्तीय प्रबन्धन समेत अन्य विषयों पर विशेषज्ञों का मुख्य फोकस रहेगा। ओरिएंटेशन से पूर्व विभाग की ओर से विश्वविद्यालयों से सम्बंधित एक सामान्य प्रस्तुतिकरण भी दिया जाएगा। इसके अलावा वित्तीय नियमावली (बीएफआर/ जीएफआर), वार्षिक बजट, न्यायायिक मामलों के निष्पादन,अनुशासनात्मक कार्रवाई, प्रोन्नति समेत अन्य विषयों पर बिपार्ड व विधि विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ अपने सुझाव व मार्गदर्शन देंगे। एकेडमिक कैलेंडर व परीक्षाफल प्रकाशन, उपलब्ध राशि का समयबद्ध तरीके से महत्तम उपयोग, छात्रों से सम्बंधित शिकायत निवारण, आदर्श आरक्षण रोस्टर के पालन पर भी विस्तृत चर्चा की जाएगी। साथ ही विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों के कार्यों को सुगम बनाने के लिए विभाग द्वारा लिए निर्णयों पर भी फोकस रहेगा।

## मुक्तापुर गुमटी पर प्रदर्शन से आउटर पर खड़ी रही लोकमान्य तिलक दरभंगा स्पेशल



समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर शहर के मुक्तापुर रेलवे गुमटी के पास सोमवार को कुछ लड़कों के द्वारा प्रदर्शन किए जाने की सूचना के बाद आरपीएफ समस्तीपुर पोस्ट के निरीक्षक प्रभारी साथ ही अन्य अधिकारी वहां पहुंचे तो वहां पहले से सहायक सुरक्षा आयुक्त रक्सौल वर्तमान समस्तीपुर दल बल के साथ स्थानीय मथुरापुर पुलिस पहुंच चुकी थी। हालांकि इससे पूर्व ही प्रदर्शनकारी गेट के बाहर से जा चुके थे। सूचना मिलने पर रेल डीएसपी नवीन कुमार व जीआरपी थाना के प्रभारी बीडी आलोक भी मौके पर पहुंच जांच पड़ताल में जुटे हुए थे। पूछताछ में गेटमैन गौरव कुमार सिंह ने बताया कि 11:30 बजे के आसपास करीब 30-40 की संख्या में अज्ञात लड़कों के द्वारा गुमटी के ऊपर ओवर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया। जिससे गेट के पास भीड़ बढ़ने के कारण गेट पर जाम लग गया। इस कारण गाड़ी संख्या 05514 को करीब 10 मिनट तक आउट साइड पर खड़ा होना पड़ा। स्थानीय लोगो के समझाने के बाद सभी प्रदर्शनकारी वहां से चले गए। ज्ञात हो कि प्रदर्शनकारी रेल ट्रैक पर नहीं आए थे और सड़क पर ही प्रदर्शन करके स्थानीय लोगो के समझाने के उपरांत वापस चले गए। घटना के संबंध में गेटमैन गौरव कुमार का बयान दर्ज किया गया है।

## फर्द बयान के आधार पर छह नामजद व अज्ञात के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के दुधपुरा गांव में बीते आठ फरवरी की रात पुलिस मुखबिरी के आरोप में शराब माफियाओं के द्वारा एक युवक की बेरहमी से पिटाई किए जाने के मामले में पीड़ित के फर्द बयान के आधार पर मुफ्फसिल थाना में छह लोगों को नामजद व चार-पांच अज्ञात के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किया गया है। जिसमें मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के दुधपुरा निवासी सुरेश राय के पुत्र अजय राय (40 वर्ष), स्वामीनाथ बृजबाला (32 वर्ष) धर्मवीर राय (28 वर्ष) एवं स्व. राम लगन राय के पुत्र रत्नेश राय (45 वर्ष), उपेंद्र ठाकुर के पुत्र मोनू कुमार (30 वर्ष), रामनन्दन राय के पुत्र शिव कुमार राय (40 वर्ष) को नामजद तथा चार-पांच अज्ञात लोगों को आरोपित किया है। बता दें कि मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के दुधपुरा में बीते गुरुवार की रात कुछ बदमाशों ने एक युवक को उसके दोस्त के घर से खींचकर मारपीट करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिसे लोगों के द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पीड़ित दुधपुरा वार्ड चार निवासी राम सकल राय के पुत्र अरविंद राय ने अपने फर्द बयान में उन पर उनके गले से सोने का चेन व जेब में रखा हुआ पांच हजार रुपए छीनने का भी आरोप लगाया है। वहीं इस सम्बन्ध में मुफ्फसिल थानाध्यक्ष पिंकी प्रसाद ने बताया कि फर्द बयान के आधार पर एफआईआर दर्ज जांच की जा रही है।

## बसंत पंचमी पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत डीबीकेएन कॉलेज नरहन के प्रांगण में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. दिनेश कुमार राम के निदेर्शानुसार डॉ पुष्पांजलि एवं डॉ यश रंजन के द्वारा छात्र-छात्राओं को विभिन्न ग्रुप के माध्यम से तैयार कर किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी उपस्थित रहे। शिक्षक डॉ सुमित कुमार बरसर, प्रो एसएस द्विवेदी, मनोविज्ञान विभाग अध्यक्ष डॉ कनकलता सिंह, शिक्षा शास्त्र विभाग अध्यक्ष डॉ अनुज कुमार सुधांशु, प्रो कुमुद कुमार, प्रो आदित्य राज, डॉ सरिता कुशवाहा, प्रो हेमंत नारायण, डॉ रविशंकर तिवारी, कर्मचारियों में डॉ हरी किशोर केशव, तेज नारायण, विजय पटेल, देव कुमारी, अनिल कुमार, छात्र-छात्राओं में ग्रुप ए से वेद प्रकाश, प्रीति, संजना, काजल, ग्रुप बी से सोनम, मुस्कान, सलोनी, अंकुश, ग्रुप सी से श्वेता, अमन, ग्रुप डी से रंजीत, सुमित, राकेश, शालू, ग्रुप इ से जूली, विशाखा, और अस्मिता।

## संगोष्ठी का आयोजन किया गया : जनचेतना

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा शिक्षा शास्त्र विभाग ,कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय दरभंगा में पशु संसाधन :महत्व,क्रूरता एवं कल्याण विषय पर डॉ शिवलोचन झा , अध्यक्ष छात्र कल्याण की अध्यक्षता में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जनचेतना अभियान एवं आन्दोलन अनुसंधान संस्थान पटना एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में अपने अध्यक्षीय भाषण में डॉ शिवलोचन झा ने कहा कि हमारे शास्त्रों में कई उदाहरण भरे पड़े हैं जिसमें पशु को संरक्षण देने की बात कही गई है ।उन्होंने ह्लसर्वे भवन्तु सुखिन्न:,सर्वे सन्तु निरामया ह्लका उद्धरण देते हुए कहा कि सब प्राणियों के प्रति सद्भावना रखनी चाहिए । पशुओं के प्रति सदैव सद्भावना रखें ।मुख्यवक्ता के रूप में श्री सुजीत चौधरी ने पशु क्रूरता से संबंधित कानून को समझाते पशुओं को बचाने के लिए कई सुझाव दिए ।विख्यात चिकित्सक राम बाबू खेतान एवं डॉ वन्दना ने पशुओं के कल्याण के प्रति हो रहे समसामयिक प्रगति के बारे में विचार रखे ।डॉ . सुधीर कुमार झा,कार्यक्रम-समन्वयक ,राष्ट्रीय सेवा योजना ,कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय दरभंगा ने इस अवसर पर कहा कि पशुओं का मानव जीवन,जगत एवं सभ्यता संस्कृति से अभिन्न संबंध है ।पशुओं से हम बहुत कुछ प्राप्त करते हैं,हमारा कर्तव्य है कि हमलोग इनके प्रति संवेदनशील होकर इनका देखरेख करें ।महात्मा गाँधी का यह कथन चरितार्थ करने योग्य है कि किसी राष्ट्र की महानता और नैतिक प्रगति का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वहाँ जानवरों के साथ कैसा व्यवहार किया जाता है ।उन्होंने स्वयंसेवकों से कहा कि हम सभी शाकाहारी बनने का संकल्प लें ।तथा असहाय पशुओं की रक्षा करने का व्यवहारिक पहल करें ।

## अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एसपी से मिले : पूर्व मंत्री

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । कुमार मुकेश हत्याकांड का उद्बेदन एवं अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मंगलवार को पूर्व मंत्री अजित कुमार ने मुकेश के परिजनों व जन प्रतिनिधियों के साथ वरीय पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की। इस अवसर पर मृतक के बड़े भाई चंद्र मोहन ओझा ने वरीय व पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में घटना का शीघ्र उद्वेदन करने, परिवार को सुरक्षा मुहैया कराने तथा इस घटना में संलिप्त अपराधियों का शीध्र गिरफ्तारी करने की मांग प्रमुख है। इस मौके पर वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना गया । एसएसपी ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि इस मामले को पुलिस ने गंभीरता से लिया है कई बिंदुओं पर जांच चल रही है, यथाशीघ्र इस घटना का उद्वेदन होगा और अपराधी भी पकड़े जाएंगे। मौके पर पूर्व मंत्री अजीत कुमार ने एसएसपी से कहा कि इस घटना के 15 दिन बीत जाने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने से पूरा परिवार व समाज दहशत में है। इसलिए एक सप्ताह के अंदर पुलिस इस घटना का उद्वेदन कर अपराधी को गिरफ्तार करें , अन्यथा हम अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क पर उतरेंगे। वरीय पुलिस अधीक्षक से मिलने वालों में मृतक के भाई चंद्र मोहन ओझा, पंकज ओझा, गुड्डू ओझा, सुधीर ओझा ,नीरज ओझा, अजय ओझा, खिलाड़ी ओझा ,प्रशांत पांडे ,गजेंद्र ओझा शंकर जी , सुनील शर्मा, रणधीर कुमार सिंह आदि प्रमुख है।

## स्कॉर्पियो की ठोकर से साइकिल सवार अधेड़ की मौत

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के सिंघिया-टारा मुख्यपथ में टारा गांव के पास तेज रफ्तार से जा रही स्कॉर्पियो ने अपनी चपेट में लेकर एक साइकिल सवार अधेड़ को कुचल दिया। इससे साइकिल सवार अधेड़ की मौत हो गयी। यह हादसा सोमवार दोपहर करीब ढाई बजे हुआ। हादसे के बाद स्कॉर्पियो चालक गाड़ी लेकर भागने में सफल रहा, लेकिन सूचना पर पहुंची पुलिस ने पता लगा गाड़ी जब्त कर ली। घटनास्थल के आसपास के लोगों ने बताया कि स्कॉर्पियो ने साइकिल सवार अधेड़ को पीछे से इतनी जोरदार ठोकर मारी कि वे गेंद की तरह उड़ कर दूर जाकर गिरे। जिसके बाद पहुंचे लोगों ने उनकी गंभीर हालत देख इलाज के लिए एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया। जहां से उन्हें दरभंगा रेफर कर दिया। बताया गया है कि दरभंगा जाने के क्रम में रास्ते में ही अधेड़ की मौत हो गई। मृतक की सिंघिया गांव के उत्तरवारी टोला निवासी स्वर्गीय रामपुकार सिंह के 55 वर्षीय पुत्र शिव कुमार सिंह उर्फ मुखिया जी के रूप में की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि शिव कुमार सिंह अपना खेत देखने गये थे। खेत देखने के बाद वे साइकिल से घर लौट रहे थे। उसी दौरान टारा गांव की ओर से तेज रफ्तार में जा रही स्कॉर्पियो ने उन्हें पीछे से ठोकर मार दिया। हादसे की सूचना मिलने के बाद सिंघिया पुलिस अस्पताल पहुंची और लाश अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया। उसके बाद घटना स्थल के आसपास के लोगों के बताये जाने पर हादसे को अंजाम देने वाली स्कार्पियों का पता लगा अपने कब्जे में ले लिया।




देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, बुधवार, 14 फरवरी, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### 17 फरवरी को आयोजित होगी सम्मान समारोह

मधेपुरा भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के वैसे विद्यार्थी, जो नेट-यूजीसी परीक्षा दिसंबर -2023 में सफल हुए हैं, उन्हें 17 फरवरी, 2024 को विश्वविद्यालय में आयोजित एक समारोह में सम्मानित किया जाएगा। उपकुलकचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि उन्हें कई विद्यार्थियों की आवश्यक सूचनाएं प्राप्त हो गई हैं। यदि कोई विद्यार्थी अब तक अपनी सूचना नहीं भेज पाए हों, तो वे अपना नाम, मोबाइल नंबर तथा नेट-यूजीसी का रिजल्ट एवं बीएनएमयू का विद्यार्थी होने का प्रमाण हमारे ई. मेल. पर भेज सकते हैं। वाट्सएप पर भेजा गया नाम स्वीकार्य नहीं होगा।

### हथियार के साथ घूम रहा बदमाश को पुलिस ने किया गिरफ्तार

सहरसा ।सदर थाना पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है दरसल गुप्त सूचना प्राप्त हुई की सदर थाना क्षेत्र अर्न्तगत सुपर मार्केट रैक प्वाईट पर एक युवक अपराधीक घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से हथियार के साथ घुम रहा है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्क कार्रवाई हेतु पु०अ०नि० मनीष कुमार सशस्त्र बल के साथ रैक प्वांइट पर पहुँचे तो देखे कि एक व्यक्ति पुलिस वाहन को देखकर भागने लगा जिसे खदेड़कर पकड़ा गया। जिसके पास से हथियार बरामद हुआ। जिस पर कांड दर्ज कर अग्रीम कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्त में आए बदमाश का नाम प्रेम कुमार है जिसके पास से एक देशी कट्टा और 5 कारतुस बरामद किया गया ।

# वार्षिक माध्यमिक परीक्षा के लिए जिले में बनाए गए 23 परीक्षा केंद्र

प्रात : किरण, संवाददाता



सहरसा । वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2024 दिनांक 15/02/2024 से प्रारंभ होकर दिनांक 23/02/2024 तक सहरसा सदर अनुमंडल के 20 एवं सिमरी बख्तियारपुर के 03 केन्द्रों पर संचालित होगी।आज इसी परिपेक्ष्य में विकास भवन सभागार में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस बल के साथ ब्रीफिंग की गई। अपर समाहर्ता एवं उप विकास आयुक्त ने सभी को संबोधित कर परीक्षा संचालन से संबंधी आवश्यक जानकारी दी।परीक्षा का संचालन दो पालियों में की जाएगी।प्रथम पाली पूर्वाह्न 9:30 बजे से अपराह्न 12:45 बजे तक तथा दूसरी पाली अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न 05:15 बजे तक संचालित होगी। दोनों पालियों की परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों का प्रवेश परीक्षा प्रारम्भ होने के समय 30 मिनट अर्थात आधा घंटा पूर्व तक ही दी जाएगी।प्रथम पाली की परीक्षा जो पूर्वाह्न 09:30 बजे से प्रारंभ होगी ,के लिए पूर्वाह्न 09:00 बजे तक एवं द्वितीय पाली की परीक्षा जो अपराह्न 02:00 बजे से प्रारंभ होगी ,के लिए अपराह्न 01:30 बजे तक ही परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।दोनों पालियों के लिए निर्धारित समय के बाद अर्थात विलंब से आने वाले परीक्षार्थियों को किसी भी परिस्थिति में भवन में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।परीक्षा के संचालन के विधि-व्यवस्था संधारण हेतु गश्तीदल दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई।परीक्षा प्रारम्भ होने से एक घंटा पूर्व (08:00 बजे पूर्वाह्न तक) गेट खोला जाएगा तथा गेट पर ही प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी /महिला पर्यवेक्षिका/पुलिस पदाधिकारी/बल छात्र एवं वीक्षको की पूर्व जाँच कर तथा उचित पहचान पर ही परीक्षा केंद्र परिसर में प्रवेश की अनुमति देंगें।किसी भी परिस्थिति मे अन्य किसी व्यक्ति को जो परीक्षा कार्य हेतु अधिकृत नहीं है,परीक्षा केंद्र परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।परीक्षा केंद्र से 200 गज /मीटर की दूरी में रहने /घूमने /भीड़ इकट्ठा होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।परीक्षार्थी मात्र प्रवेश पत्र एवं कलम के साथ ही परीक्षा हॉल में प्रवेश करेंगे।मोबाइल फोन परीक्षा कक्ष में ले जाना पूर्णतः वर्जित रहेगा।परीक्षा के सफल संचालन हेतु उड़नदस्ता दंडाधिकारी/जोनल दंडाधिकारी एवं सुपर जोनल दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।केंद्राधीक्षक अपने-अपने परीक्षा केंद्रों के मुख्य स्थान पर /प्रवेश द्ववार पर फ्लैक्स बोर्ड /पोस्टर पर ह्वआप सी सी टी वी कैमरे की निगरानी में हैंह्वप्रदर्शित करेंगें।
यदि परीक्षा के दौरान कोई परीक्षार्थी अनुचित साधन का इस्तेमाल करता है तो उसे परीक्षा से निष्कासित करते हुए उसका परीक्षा परिणाम घोषित नहीं किया जाएगा।बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम 1981 के प्रावधानों के तहत कदाचार में पकड़े जाने पर परीक्षार्थी को निष्कासित कर दिया जाएगा तथा 2000/-रुपये तक जुमार्ना अथवा 06 मास की कैद की सजा अथवा दोनों दंड मिल सकता है।

# पेंटिंग प्रतियोगिता में विवेक प्रथम, आदित्य द्वितीय व काजल ने की तृतीय स्थान प्राप्त



प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई सदर प्रखंड स्थित कौशल विकास केंद्र में जिला कौशल प्रबंधक प्रतीक जैन के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन। जिसमें दो दर्जन से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इस दौरान सेंटर कॉर्डिनेटर रवि कुमार, शिक्षक गोविंद कुमार, अनुभव कुमार और आजाद आलम के देखरेख में प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विवेक कुमार प्रथम, आदित्य कुमार द्वितीय और काजल कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त की। जिसे जिला कौशल प्रबंधक प्रतीक जैन द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जिला प्रबंधक प्रतीक जैन ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता से छात्र-छात्राओं की दृढ़ इच्छाशक्ति एवं आत्मबल मिलता है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार द्वारा कुशल युवा कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को तीन माह का कंप्यूटर अंग्रेजी तथा कुशल व्यवहार की प्रशिक्षण दिया जाता है। वही सेंटर कॉर्डिनेटर रवि कुमार ने कहा कि दसवीं पास कोई भी छात्र-छात्राएं कौशल विकास केंद्र में नामांकन करा कर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि फरवरी माह के लिए नामांकन जारी है। इस मौके पर बंटी कुमार, सौरभ कुमार, खुशी कुमारी, मुस्कान कुमारी, रुखसार, नमिता समेत कई छात्र-छात्राएं मौजूद थी।

# स्कूल भवन निर्माण में ग्रामीण ने लगाया अनियमितता का आरोप, रोका काम

प्रात : किरण, संवाददाता

मुरलीगंज,मधेपुरा बेलो कला पंचायत स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में करोडो की लागत से निमार्णाधीन भवन की ढ़लाई कार्य में अनियमितता को लेकर ग्रामीणो ने विरोध कर निर्माण पर तत्काल रोक लगवाया। ग्रामीणो द्वारा विभागीय कर्मी के देख रेख में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कराने की मांग की जा रही है। बिहार राज्य आधारभूत संरचना के तहत लगभग दो करोड़ की लागत से भवन निर्माण चल रहा है। मंगलवार को दूसरे तल्ला की ढ़लाई किया जाना था। निर्माण स्थल पर स्थानीय कुछ ग्रामीण गए तो देखा कि ढ़लाई में उपयोग होने वाली गिट्टी पूरी तरह निम्न स्तर का है।

लोगों ने गिट्टी का उपयोग करने पर रोक लगा दिया। साथ हीं लोगों ने छड़ लगाने में अनियमितता बरतने का भी आरोप लगाए। ग्रामीणो का कहना था कि ढ़लाई कार्य में निम्न स्तर के गिट्टी का उपयोग किया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीण डॉ राकेश रौशन, अवधेश यादव, नीरज कुमार, मोहन कुमार ने कहा कि दूसरे तल्ले के ढ़लाई के लिए काफी निम्न स्तर के गिट्टी लाया गया है। आज तक भवन निर्माण से संबंधित पब्लिक इन्फर्मेशन बोर्ड नहीं लगाया गया है। विभागीय कर्मी के मिलीभगत से ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती जा रही है। इन लोगों ने अब तक हुए निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग जिला प्रशासन से किया है। वही इस बावत भवन निर्माण के कनीय अभियंता राजीव कुमार निराला ने बताया कि स्थल जांच कर निम्न स्तरीय गिट्टी को हटवा देने और गुणवत्तापूर्ण कार्य करने की हिदायत दिये हैं।

# मुरारी प्रताप को पंजाब सरकार के द्वारा महाधिवक्ता नियुक्त करने पर हर्ष व खुशी



● अधिवक्ता मुरारी प्रताप सिंह आलमनगर निवासी हैं

प्रात : किरण, संवाददाता

आलमनगर,मधेपुरा आलमनगर प्रखंड के खुरहान निवासी सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता मुरारी प्रताप सिंह को पंजाब सरकार के द्वारा अतिरिक्त महाधिवक्ता नियुक्त करने पर खुशी व्यक्त करते, इस क्षेत्र के लोगों में खुशी देखा जा रहा है। खुरहान निवासी मुरारी प्रताप सिंह दिल्ली विश्वविद्यालय से एलएलबी की पढ़ाई पूरी की। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया में कानून की प्रैक्टिस शुरू की। प्रैक्टिस के दौरान सुप्रीम कोर्ट एवं दिल्ली हाई कोर्ट में कई मामलों का प्रतिनिधित्व किया। वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट में उत्तर प्रदेश के लिए विशेष काउंसलिंग के रूप में कार्यरत है। पंजाब सरकार के डिपार्मेंट आफ होम अफेयर एंड जस्टिस चंडीगढ़ के द्वारा विगत 10 फरवरी को ज्ञापन संख्या 9/42022/4 यु डी 1/117 के द्वारा पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट चंडीगढ़ में सरकार के पक्ष रखने के लिए इस पद पर नियुक्त किया गया है। वह समाज सेवा के बल पर इस क्षेत्र के अलावा कई जिलों में बेहद लोकप्रिय हैं। इस उपलब्धि से क्षेत्र के लोगों के बीच खुशी का लहर देखा जा रहा है।

# छात्र-छात्राओं का विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

प्रात : किरण, संवाददाता

सौरबाजार/सहरसा- प्रखंड क्षेत्र के तीरी पंचायत स्थित वाई पी एम स्कूल तीरी चकला में वर्ग दसवीं के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय निदेशक त्रिभुवन कुमार ने छात्र-छात्राओं को डायरी और कलम देकर विदाई की। विदाई समारोह के दौरान विद्यालय निदेशक त्रिभुवन कुमार ने कहा कि इस बार 10वीं वर्ग के लगभग 2 सौं छात्र-छात्राओं को शिक्षा दी गई। जहां उपस्थित सभी छात्र- छात्राएं आगामी 15 फरवरी से होने वाले दसवीं बोर्ड की परीक्षा में शामिल होंगे। वही कोचिंग के सभी शिक्षकों सभी छात्र-छात्राओं के प्रति उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। उन्होंने कहा कि आज के परिवेश में शिक्षा को लेकर सबसे बड़ा महत्व अभिभावक का होता है। अगर अभिभावक चाहे तो अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध करा सकता है। चाहे वह कमजोर वर्ग से ही क्यों ना हो, क्योंकि सरकार द्वारा बहुत सारे स्कॉलरशिप एवं क्रेडिट कार्ड जेसी सुविधा है उपलब्ध है। जिससे उन्हें अच्छी शिक्षा मिल सके। शिक्षक केवल मार्गदर्शक होते। अभिभावक को चाहिए कि अपने बच्चों को शिक्षा स्तर पर पूर्ण रूप से योगदान दें। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य नीतीश कुमार, शिक्षक राजेश राम, प्रदीप कुमार, चंदन सिंह, रंजीत कुमार सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

# जननायक कर्पूरी ठाकुर शताब्दी समारोह का आयोजन



प्रात : किरण, संवाददाता

सहरसा । सहरसा के प्रेक्षा गृह में जननायक कर्पूरी ठाकुर शताब्दी समारोह का आयोजन किया गया ।खचाखच भरा प्रेक्षा गृह में कपूर्री जी के विचारों से भरा रेडियो क्लिप को सुनाया गया ।कला,संस्कृति एवं युवा विभाग की वीडियो क्लिपिंग भी उपस्थित बच्चे-बच्चियों को दिखायी गयी ।भारत रत्न से मरणोपरांत नवाजे गए इस महापुरूष के निर्णय देश एवं दुनिया के लिये कई मायने में मील का पत्थर साबित हुआ। सामाजिक न्याय के पुरोधा जननायक जब पहली बार मुख्यमंत्री बने तो अंग्रेजी की अनिवार्यता को खत्म कर दी जिससे दूर-दराज गांवों के बच्चे भी अपनी पढ़ाई को आगे बढ़ा सकें ।वे पहले मुख्यमंत्री थे जिन्होंने मैट्रिक तक मुफ्त शिक्षा देने का प्रावधान किया ।उर्दू को दूसरी राजभाषा बनाया।

अपर समाहर्ता श्री ज्योति कुमार ने जननायक को सामाजिक न्याय का सबसे बड़ा पुरोधा बताया। उन्होंने उनके सादगीपूर्ण जीवन की कहानियों से सबको रूबरू कराया ।उनके गरीबी को उनके आगे बढ़ने में मदद करने का प्रेरक तत्व बताया ।उनके जीवनी को पढ़ने के लिये सभी उपस्थित दर्शकों को बताया ।सादगी के मिशाल जननायक अपने जीवन के अंतिम क्षण में भी पूर्ण सादगी के साथ ही अंतिम सांसें ली। ओबीसी कन्या उच्च विद्यालय की छात्राएं जननायक के जीवन से जुड़ी लघु नाटिका प्रस्तुत की जिसमें उस समय के तत्कालीन प्रधानमंत्री के उनके घर में आगमन की स्थिति का सजीव प्रदर्शन किया गया। राजकीय कन्या विद्यालय,रूपबती विद्यालय एवं अन्य विद्यालयों से आए बच्चे/बच्चियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी।

# शिव गुरु परिचर्चा का आयोजन

प्रात : किरण, संवाददाता



महिषी/सहरसा। अंचल क्षेत्र के ऐना पंचायत के शर्मा टोला में मंगलवार को सरस्वती पुजा के अवसर पर एक दिवसीय शिव गुरु परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसमें शिव शिष्य भाई परमेश्वर ने कहा कि भगवान शिव की शिष्यता रुपी राजमार्ग पर चलने से लौकिक पारलौकिक मनोरथ स्वतःसिद्ध हो रहे है,इसलिए आइये भगवान शिव को अपना गुरु बनाये ।शिव गुरु परिचर्चा में उपस्थित शिव के शिष्य एवं शिष्याओं को सम्बोधित करते उन्होंने ने कहा कि जिन किसी ने भगवान शिव के देवता स्वरुप महादेव, महाकाल, महामृत्युंजय, औढरदानी आदि की बात कही,उन्होंने जगत्र को इस बात की जानकारी नही दे सके कि शिव गुरु सत्ता से जुड़ने पर लोगों की संसारिक संकटें दुर होता है और शिष्यो के लिए शिव परिणामदायी सिद्ध हो रहे है। उन्होंने कहा कि साहब श्री हरीन्द्रानन्द जी ने भगवान शिव को सन 1974 ई० में गुरु माना और 8 बर्षो तक वे भगवान शिव से पढने के वाद लोगों को यह संवाद देने लगे ।उन्होंने कहा कि तब से आज तक देश के अंदर लगभग 6 करोड़ लोगों ने भगवान शिव की शिष्यता को समझने लगे है ।उन्होनें कहा कि महागुरु महादेव जो अपने शिष्य हरीन्द्रानन्द जी के द्वारा अपनी दया का संचार 3 सुत्र के माध्यम से जन जन में कर रहे है जिसके फलस्वरुप लोगो का मन शिव के शिष्यता की ओर मुड़ रहा है ।उन्होंने कहा कि शिव शिष्यता के धनीभूत होने से लोगों के मन की संकीर्णताए,वैचेनी कम हो रही है,आपसी प्रेम प्रस्फुटित हो रहा है ।उन्होंने कहा कि शिव शिष्यता से महिलाओं में एक विशेष प्रकार का परिवर्तन देखा जा रहा है जिससे परिवार,समाज,और राष्ट्र की मानसिकता ऊपर उठ रही है। उन्होंने कहा कि शिव को गुरु मानकर उनका शिष्य होने के क्रम में प्राप्त अनुभूतियों के आलोक में साहब श्री ने 3 सूत्रों का प्रतिपादन किया जो शिष्य होने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं ।उन्होंने कहा कि संसार के सभी रिश्ते-नाते भावजनित होते हैं जैसे मेरा भाई, मेरी बहन, मेरी माँ, मेरे पिता जितने भी संबंध हैं सभी भाव जनित हैं इसलिए शिव से भी भाव के स्तर पर सम्पर्क स्थापित करने का प्रयास किया जाय ताकि शिव अगर आपको अच्छे लगने लगेंगे तो आपका जीवन शिव जैसा होने लगेगा ।मौके पर डोमी राम,शशी यादव,जटेश्वर राय,गजेन्द्र यादव,रामविलास साह,ललन राय,ओमी राम,रामजतन सिंह,अशोक राय,मनोज जी,हरेराम जी,गुरु बहन अकाली, किरण,परमीला, पवित्री, विनीता,कौशिला,भागीरथी,आदि ने अपने गुरु शिव से प्राप्त अनुभूतियों से लोगो को अवगत कराया।

# पोषक तत्वों का खजाना है फोर्टिफाइड चावल:सुनील कुमार

प्रात : किरण, संवाददाता



मधेपुरा जिले में पीडीएस के माध्यम से अब अधिक से अधिक फोर्टिफाइड चावल का वितरण किया जा रहा है। इसके अलावा आंगनबाड़ी केंद्र व एमडीएम में भी यही चावल का इस्तेमाल किया जा रहा है। फोर्टिफाइड चावल लोगों के स्वास्थ्य के लिए काफी महत्वपूर्ण है। लेकिन कुछ भ्रंतियों के कारण लोग इसका सेवन नहीं करना चाहते हैं। इसको लेकर लोगों को जागरूक करने का अभियान जिला प्रशासन के द्वारा चलाया जा रहा है। जिला खाद्य आपूर्ति के जिला प्रबंधक सुनील कुमार ने बताया कि फोर्टिफाइड चावल के नियमित सेवन से एनीमिया रोग से बचाव और कुपोषण बीमारी जड़ से खत्म होती है। फोर्टिफाइड चावल में विटामिन बी 12, फोलिक एसिड व आयरन की मात्रा है। उन्होंने बताया कि इस चावल के सेवन से पोषक तत्वों की कमी नहीं होगी। इसमें कई पोषक गुण मौजूद हैं। भ्रांतियों को दूर करने को चल रहा अभियान फोर्टिफाइड चावल के सेवन से लोग परहेज कर रहें हैं। लेकिन यह स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद है। इसको लेकर जिला प्रशासन की ओर से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। एसएफसी के जिला प्रबंधक सुनील कुमार ने कहा कि आम लोगों में इसे लेकर होने वाली भ्रांतियों को दूर करने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। फोर्टिफाइड चावल का सेवन सेहत के लिए अच्छा फोर्टिफाइड चावल पोषक युक्त चावल। इसमें आम चावल की तुलना में आयरन, विटामिन बी-12, फालिक एसिड ज्यादा होता है। एसएफसी के अधिकारियों ने बताया कि फोर्टिफाइड चावल में जिंक, विटामिन ए, विटामिन बी वाले फोर्टिफाइड चावल भी तैयार किए जाते हैं। ये देखने में बिल्कुल आम चावलों जैसे ही लगते हैं। इसको खाने से भोजन में पोषक तत्वों की मात्रा बढ़ जाती है और स्वास्थ्य अच्छा रहता है। सूक्ष्म पोषक तत्व व विटामिन की मात्रा भरपूर फोर्टिफाइड चावलों को मिलों में बनाया जाता है। इस दौरान इनमें सूक्ष्म पोषक तत्वों, विटामिन और खनिजों की मात्रा को कृत्रिम तरीके से बढ़ाया जाता है। इसके लिए कोटिंग, डस्टिंग और एक्सट्रूजन (उत्सारण) जैसी तकनीक अमल में लाई जाती हैं। पहले सूखे चावल को पीसकर आटा बनाया जाता है। फिर उसमें सूक्ष्म पोषक तत्व मिलाए जाते हैं। पानी के साथ इन्हें अच्छे से मिक्स किया जाता है। फिर मशीनों की मदद से सुखाकर इस मिक्स्चर को चावल का आकार दिया जाता है, जिसे फोर्टिफाइड राइस कहा जाता है। फोर्टिफाइड चावल में पोषक तत्वों की भरपूर मात्रा होती है।

# जिला जज न्यायिक पदाधिकारी के साथ बैठक कर राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी का किया समीक्षा

न्यायिक पदाधिकारी के साथ बैठक करते जिला जज धर्मेंद्र कुमार सिंह



प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई स्थानीय व्यवहार न्यायालय परिसर में आगामी 9 मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर सोमवार को विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश धर्मेंद्र कुमार सिंह के द्वारा अपने कार्यलय प्रकोष्ठ में सभी न्यायिक पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला जज ने सभी पदाधिकारी से लोक अदालत के संबंध में अब तक की गई तैयारी का समीक्षा किए साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिला जज ने न्यायिक पदाधिकारी को उनके कोर्ट में लंबित शमनियावाद को चयन करने तथा नोटिस निर्गत कर पछकारों को सूचित करने का निर्देश दिया है।

साथ ही प्रि सीटिंग करके वादों को निष्पादित करने का निर्देश भी दिया गया है।

जिला जज ने कहा कि जिला विधिक कार्यालय चिन्हित वादों में नोटिस कर शत प्रतिशत तमिला सुनिश्चित करें तथा कार्यक्रम का भी अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें।

उन्होंने कहा कि लोक अदालत में चिंहितवाद जो बिजली, वन विभाग, माप-तोल एवं खनन विभाग से संबंधित है उसमें प्रि सीटिंग दिनांक 13 फरवरी 20 फरवरी एवं 26 फरवरी निर्धारित की गई है। बैठक में विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राकेश रंजन समेत सभी न्यायिक पदाधिकारी मौजूद थे।

## शिक्षकों के साथ मारपीट, लगाया न्याय की गुहार

आलमनगर,मधेपुरा प्रखंड के नगर पंचायत स्थित मध्य विद्यालय वैसी बासा विद्यालय के शिक्षक के साथ स्थानीय ग्रामीण योगेंद्र शर्मा एवं उनके पुत्र विनोद शर्मा के द्वारा मारपीट करने के मामला को लेकर विद्यालय के प्रधान शिक्षक एवं अन्य शिक्षक शिक्षिका के द्वारा थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया ।इस बाबत थाना में दिए आवेदन में विद्यालय के प्रधान शिक्षक विनय कुमार झा शिक्षक नवीउल्ला, गणेश प्रसाद मंडल ,मनीष सिंह ,इंदु कुमारी, चंदा कुमारी ,रीता कुमारी, संतोष कुमार ,अशोक कुमार, मनोज कुमार सिंह शारदा प्रसाद, रोसैया बिंदु देवी, सुनील देवी, कविता देवी, झूला देवी ,बबिता देवी, गीता देवी ने आवेदन में बताया कि सभी शिक्षक मध्यान भोजन पश्चात बच्चों को वर्ग में जाने हेतु निर्देशित कर रहे थे ,तभी विद्यालय में एक ग्रामीण अभिभावक योगेंद्र शर्मा आए और कार्यालय के ठीक सामने परिसर में आकर प्रधान शिक्षक विनय कुमार झा का कलर पड़कर भद्दी भद्धी गालियां देने लगे तभी शिक्षक एकत्रित हो गए ।सभी शिक्षक अवाक हो गए ।उसी समय उनका लड़का विनोद शर्मा जो जन वितरण प्रणाली के विक्रेता भी हैं। बिना सोचे समझे सभी शिक्षकों के साथ भद्दी भद्दी गाली गलौज करने लगे।

# नितिश सरकार के विश्वास मत हासिल करने पर जदयू कार्यकताओं में खुशी





प्रात : किरण संवाददाता

जमुई जिला जदयू के कार्यालय स्थित कपूर्री सभागार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार विश्वासमत हासिल करने के बाद जदयू के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र महतो के नेतृत्व में मिठाई बांटी और खुशी मनाया गया । एनडीए के सभी साथियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाया । जदयू के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र महतो ने बधाई देते हुए कहा कि यह एनडीए सरकार 13 करोड़ जनता की जीत है । विपक्ष द्वारा विधायको को तोड़ने के लिए तमाम हथकंडे अपना ग्रे, लेकिन अंततः लोकतंत्र की जीत हुई । उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के लिए पूरा बिहार उनका परिवार है। उनके लिए बिहार का विकास सर्वोपरि है । बिहार में पुनः एनडीए सरकार बन जाने से न्याय के साथ विकास और सुशासन की गति मिलेगी । आगामी लोक सभा चुनाव में बिहार सभी 40 सीटो पर एनडीए की जीत होगी । प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी एवम बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी की जोड़ी बिहार की जन अकाक्षाओं पर खरा उतरेगी । इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ,पूर्व जिला अध्यक्ष ई शंभू शरण , पूर्व जिला शिवशंकर चौधरी , जदयू के वरिष्ठ नेता रविंद्र मंडल , प्रमोद चंद्रवंशी , पवन कुमार , युवा जिला अध्यक्ष नीतीश कुमार , सुजीत कुमार , शीतल मेहता , अरुण सिंह , सागर महतो , ठाकुर नवीन सिंह ,रवि , राजेश कुमार सहित पार्टी के सभी गन्यमान साथी और जदयू कायकर्ता उपस्थित थे ।

# स्कूल पढ़ाने के बजाय क्लास रूम में सो रही एक शिक्षिका

प्रात : किरण संवाददाता



अलीगंज जमुई जिला के अलीगंज प्रखंड में एक वीडियो हो रहा वायरल,बना चर्चा का विषय। अलीगंज। प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विधालय ॠषिडीह मे एक शिक्षिका का क्लास रूम मे सो रही है ।जिसका वीडियो शोसल मिडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। बताया जा रहा है कि यह विडियो बीते शुक्रवार की है ।जहा शिक्षिका अकीला देवी का क्लास रूम मे पढाने के बजाय चादर टानकर बेंच पर आराम से नीद पुरा करती दिख रही है ।और बच्चे यत्र तत्र बाहर मे खेल रहा है। ग्रामीण पंकज कुमार, शंभुशरण यादव,मोहन कुमार, रोहित कुमार,संजीव कुमार ,भोलानाथ यादव, गोरेलाल यादव, मनोज कुमार, मनीष कुमार, अर्जुन यादव, सोहर यादव ने बताया कि विद्यालय मे शिक्षक कभी भी समय से नही आते है और आकर विद्यालय मे आराम के साथ बच्चे को पढाने के बजाय नीद पुरा कर रही है ।जिसको लेकर कई बार प्रभारी एचएम से शिकायत किया गया था ,लेकिन प्रभारी कहते है कि महिला है बाहरी शिक्षक है तो हम कया करे। वही शिक्षिका का क्लास रूम मे सो रही है ।और बच्चे को पढाने के बजाय क्लास रूम मे सोना काफी निंदनीय है ।जहा एक ओर शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव के के पाठक के द्वारा सुधार की कवायद चल रही है तो भी अलीगंज प्रखंड क्षेत्र मे कोई सकारात्मक पहल होते नही दिख रही है। प्रखंड क्षेत्र मे विद्यालय खुलने व बंद होने की कई शिकायत है। बीते शनिवार को जिलाधिकारी राकेश कुमार ने प्रखंड क्षेत्र के नक्सल प्रभावित पंचायत पुरसंडा व कोदवरिया पंचायत का औचक निरीक्षण किया था। जिसमे कई विद्यालय बंद था और शिक्षक फरार थे। कुछ विद्यालय मे एमडीएम भी बंद था। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी हरिश्चंद्र सिंह ने बताया कि मूझे जानकारी मिली है जाचकर कारवाई किया जाएगा।

# हत्या मामले में एडीजे प्रथम ने एक आरोपी को सुनाया आजीवन कारावास की सजा

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई स्थानीय व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम धीरेंद्र बहादुर सिंह की अदालत ने सोमवार को हत्याकांड के आरोपी राजकुमार यादव को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत दोषी करार करते हुए आजीवन कारावास एवं 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामला 3 अगस्त 2019 की रात लक्ष्मीपुर थाना क्षेत्र के केवली गांव की है। बताया जाता है कि लक्ष्मीपुर थाना क्षेत्र के केनुहट गांव निवासी सीताराम तांती का पुत्र मंटु तांती का गांव के बगल के ही एक महिला के साथ अवैध संबंध था। इसको लेकर अक्सर महिला के साथ मंटू तांतीं का मिलना जुलना होता रहता था। वहीं 3 अगस्त 2019 की रात भी मंटू तांती उक्त महिला से मिलने के लिए उसके घर गया था। तभी महिला के पति राजकुमार यादव ने दोनों को आपत्तिजनक हालत में देख लिया। जिसके बाद राजकुमार यादव आवेश में आकर मंटू तांती के सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसकी हत्या कर दिया और साक्ष्य छिपाने को लेकर बगल के ही ओमकार यादव के खेत में मंटू शव फेक दिया। घटना के बाद मृतक की मां दखिया देवी ने लक्ष्मीपुर थाना में हत्या का मामला दर्ज कराते हुए राजकुमार यादव को नामजद आरोपी बनाया था। वहीं व्यवहार न्यायालय स्थित अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम धीरेंद्र बहादुर सिंह की कोर्ट ने मामले में सुनवाई करते हुए आरोपी राजकुमार यादव को धारा 302 के तहत दोषी करार करते हुए आजीवन कारावास एवं 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

**सम्पादकीय**

## चुनावी एजेंडे के साथ संसद सत्र का समापन

संसद का बजट सत्र समाप्त हो गया है। आखिरी दिन श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर एक प्रस्ताव पास किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की गई। इससे एक दिन पहले सरकार की ओर से यूपीए सरकार के 10 साल के राज पर पेश किए गए श्वेत पत्र पर चर्चा की गई, जिसमें बताया गया कि कैसे मनमोहन सिंह की सरकार के समय देश की अर्थव्यवस्था का भट्ठा बैठ गया था। सत्र शुरू होने से पहले सरकार की ओर से रिपोर्ट पेश की गई थी, जिसमें बताया गया था कि पिछले 10 साल में देश कितनी तेज रफ्तार से तरक्की कर रहा है। इस बीच राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान दोनों सदनों में प्रधानमंत्री ने कांग्रेस शासन की कथित विफलताओं और परिवारवाद पर जोरदार हमला किया था। इस तरह 17वीं लोकसभा के आखिरी सत्र में 18वीं लोकसभा के चुनाव का एजेंडा तय कर दिया गया। सरकार की उपलब्धियों के बखान के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह से कांग्रेस को अटैक किया उससे जाहिर हो गया कि भ्रष्टाचार और परिवारवाद भाजपा के प्रचार के प्रमुख मुद्दों में से एक होंगे। इसके बाद श्वेत पत्र में मनमोहन सिंह सरकार की विफलताओं और उस समय चर्चा में आए 15 घोटालों का जिक्र किया गया। एक बार फिर भाजपा इन घोटालों को उजागर करेगी। इसके बाद राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का मुद्दा उठा और संसद की कार्यवाही से पूरे देश में इसका संदेश दिया गया। इस तरह चुनावी एजेंडा तय करके सत्र का समापन हुआ।

## भारत रत्न की राजनीति

जयंत चौधरी का रुख पूरे विपक्ष की राजनीति पर एक प्रश्नचिह्न है। यह संकेत है कि ज्यादातर विपक्षी नेताओं की प्राथमिकता अपना और अपने परिवार का हित है। जब भाजपा उन हितों से तालमेल बैठा देती है, तो वे सहज ही उसकी तरफ खिंच जाते हैं। आरएलडी के नेता जयंत चौधरी ने राज्यसभा में कहा कि मोदी सरकार ने उनके दादा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित कर उनका दिल जीत लिया है। इसके पहले वे कह चुके थे कि अब भाजपा उन्हें अपने गठबंधन में बुलाती है, तो वे किस मुंह से उस न्योते को ठुकराएंगे! यह कहते हुए चौधरी अपने उन पूर्व बयानों को भूल गए, जिनमें उन्होंने मौजूदा केंद्र सरकार पर किसान विरोधी और सांप्रदायिक होने के इल्जाम लगाए थे। चौधरी का यह रुख असल में पूरे विपक्ष की राजनीति पर एक प्रश्नचिह्न है। यह इसका संकेत है कि विपक्ष के ज्यादातर नेता अपने और अपने परिवार के हित की लड़ाई लड़ रहे हैं। जब भाजपा उन हितों से तालमेल बैठा देती है, तो वे सहज ही उसकी तरफ खिंच जाते हैं। केंद्र ने ऐसे तालमेल बिठाने के लिए अब देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न को औजार बना लिया है। अपने सियासी समीकरण बिठाने के लिए एक महीने के अंदर उसने पांच दिवंगत शख्सियतों को यह सम्मान प्रदान कर दिया है। जिन व्यक्तियों सम्मानित किया गया है, उनमें सिर्फ एमएस स्वामीनाथन ही गैर-सियासी हैं। हालांकि उनके सम्मान को भी तमिलनाडु में भाजपा की चुनावी प्राथमिकताओं से जोड़कर देखा जा सकता है। यह बात पहले से स्पष्ट है कि भाजपा की आज की कामयाबियों का एक बड़ा कारण 1990 के दशक में उभरी तीनों प्रमुख परिघटनाओं- मार्केट, मंदिर और मंडल को अपने में समाहित कर लेना है। ऐसे में पीवी नरसिंह राव, लालकृष्ण आडवाणी और कपूर्री ठाकुर/ चौधरी चरण को सम्मानित करना उसके वर्तमान राजनीतिक समीकरणों से पूरी तरह मेल खाता है। जातीय प्रतिनिधित्व और प्रतीकों की राजनीति को साधने की वह महारत हासिल कर चुकी है। चूंकि विपक्ष नए सिरे से अपनी राजनीति का पुनर्आविष्कार करने में विफल रहा है, इसलिए भाजपा की इस कामयाबी ने ज्यादातर विपक्षी दलों और नेताओं को लगभग अस्त्र-विहीन बना दिया है। चूंकि भारत रत्न और अन्य नागरिक सम्मानों का अपने शासनकाल में उन्होंने भी सियासी मकसदों से इस्तेमाल किया था, इसलिए वे देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान के कथित अवमूल्यन पर आज शोर मचाने की स्थिति में भी नहीं हैं।

### केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह बिहार की ग्राम पंचायत के डिजिटलीकरण की दिशा में क्रांति परियोजना का उद्घाटन करेंगे

केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री, श्री गिरिराज सिंह 13 फरवरी, 2024 को बिहार में बेगुसराय जिले के ब्लॉक बरौनी में पपरौर ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री-वाणी (प्रधानमंत्री वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस) सेवा का विस्तार के अंतर्गत डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के अंतर्गत, स्मार्ट ग्राम पंचायतः ग्राम पंचायत के डिजिटलीकरण की दिशा में क्रांति नामक प्रायोगिक परियोजना का उद्घाटन करेंगे। यह अग्रणी पहल ग्रामीण संपर्क में एक आदर्श बदलाव लाने और बिहार के केंद्रीय क्षेत्रों में एक डिजिटल क्रांति को उत्प्रेरित करने का वादा करती है। बेगुसराय बिहार में इस डिजिटल परिवर्तन का नेतृत्व करने वाला पहला जिला बनने के लिए तैयार है जहां सभी ग्राम पंचायतें पीएम-वाणी योजना के अंतर्गत वाई-फाई सेवाओं से सुसज्जित होंगी। पंचायती राज मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित संशोधित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) के अंतर्गत वित्त पोषित प्रायोगिक परियोजना का लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए बिहार में बेगुसराय और रोहतास जिलों के 37 प्रखंडों में 455 ग्राम पंचायतों तक प्रधानमंत्री की वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस (पीएम-वाणी) सेवा का विस्तार करना है। यह पहल स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में ऑनलाइन सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकियों का लाभ प्राप्त करने की प्रतिबद्धता पर बल देती है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा। ग्राम पंचायतों के दैनिक कार्यों में प्रौद्योगिकी और दूरसंचार का एकीकरण शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, कौशल विकास और आजीविका क्षेत्रों में परिवर्तनकारी परिणामों का वादा करता है। इस पहल से विशेष रूप से विद्यार्थियों, किसानों, कारीगरों और महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को लाभ होगा। इस कार्यक्रम में पंचायती राज मंत्रालय, दूरसंचार विभाग, राज्य पंचायती राज विभाग, जिला प्रशासन, जिला पंचायत के अधिकारियों और परियोजना के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है, जो डिजिटल परिवर्तन और डिजिटल रूप से सहयोगात्मक प्रयास के अंतर्गत सक्षम; डेटा-संचालित और जन-केंद्रित स्थानीय स्वशासन हस्तक्षेप पर प्रकाश डालता है। बिहार सरकार का पंचायती राज विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के सहयोग से, प्रगति और प्रदर्शन की निगरानी के लिए समय-समय पर समीक्षा के साथ-साथ परियोजना का प्रभावी कार्यान्वयन और संचालन सुनिश्चित करेगा। समय के साथ परियोजना के प्रभाव को बनाए रखने के लिए संचालन और रखरखाव (ओ एंड एम) के लिए मजबूत व्यवस्था स्थापित करने पर जोर दिया जाएगा। स्मार्ट ग्राम पंचायतः ग्राम पंचायत के डिजिटलीकरण की दिशा में क्रांति परियोजना संपर्क के एक नए युग की शुरूआत करती है, ग्रामीण-शहरी विभाजन को पाटती है और स्थानीय स्वशासन में उत्तरदायित्व और दक्षता को प्रोत्साहन देती है। ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल उपलब्धता के माध्यम से, एक समावेशी और सशक्त ग्रामीण भारत का दृष्टिकोण एक महत्वपूर्ण प्रगति को आगे बढ़ाता है। पीएम-वाणी (प्रधानमंत्री वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस) योजना के अंतर्गत सार्वजनिक वाई-फाई हॉटस्पॉट के माध्यम से निर्बाध और विश्वसनीय वाई-फाई इंटरनेट सेवाओं तक पहुंच के साथ, ग्राम पंचायतें विभिन्न विकासात्मक पहलों को सुविधाजनक बना सकती हैं और शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कृषि, ई-गवर्नेंस, कौशल विकास, आर्थिक अवसर आदि जैसे कई तरीकों से अपने समुदायों को सशक्त बना सकती हैं। ग्राम पंचायतें डिजिटल विभाजन को पाटने तथा समावेशी विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, और एक विश्वसनीय वाई-फाई इंटरनेट सेवा असंबद्ध लोगों को जोड़ने के इस दायित्वपूर्ण और तेज तरीके का उपयोग करके ग्राम पंचायतों में सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए एक उत्प्रेरक है। निर्बाध संपर्क सुनिश्चित करके, पंचायती राज मंत्रालय ने ग्राम पंचायतों को सशक्त भारत के दृष्टिकोण में सार्थक योगदान देने, सशक्त बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है, जहां प्रत्येक व्यक्ति को डिजिटल युग में विकास और समृद्धि के अवसरों तक पहुंच प्राप्त है।

# बिहार में एक बार फिर क्रास ब्रीड सरकार....

**बिहार की सियासत का नैतिकता से कोई लेना-देना कम से कम पिछले तीन दशक से तो नहीं रहा, लेकिन तेजस्वी ने ये कोशिश की, सत्तारूढ़ भाजपा-जेडीयू की सरकार ने राजद के तीन विधायकों को जबरन क्रास वोटिंग के लिए विवश कर अपनी सरकार को औंधे मुंह गिरने से तो बचा लिया किन्तु इस कोशिश में ये नया और अनैतिक गठबंधन बुरी तरह लहू-लुहान हो गया। यहां तक कि भाजपा और जदयू के पांच विधायक भी अब सरकार के निशाने पर आ गए हैं और उप मुख्यमंत्री सिद्धार्थ सिंह उन्हें देख लेने की धमकी दे रहे हैं। बिहार में आगामी लोकसभा चुनाव तक सत्ता के सूत्र भाजपा को अपने हाथ में चाहिए थे इसमें उसे कामयाबी मिली, लेकिन आगे इस गठबंधन का क्या हाल होगा, ये देखने वाली बात है। भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में संसद में 370 सीटें जीतने का लक्ष्य घोषित कर दरअसल फंस गयी है। ये लक्ष्य पाने के लिए उसे एड़ी-चोटी का जोर लगना पड़ रहा है। भाजपा की खस्ता हो चुकी बुर्जों की मरम्मत में अब यहां-वहां से समेटकर रोड़े लगाए जा रहे है। बिहार में जदयू के रोड़े बटोरे गए हैं और महाराष्ट्र में कांग्रेस, शिव सेना और एनसीपी के रोड़े भाजपा के काम आ रहे हैं। भाजपा एक तरफ अपनी ध्वस्त बुर्जों की मरम्मत कर रही है दूसरी तरफ कांग्रेस समेत विपक्ष की तमाम बुर्जों पर प्रहार कर रही है और जमकर प्रहार कर रही है।**





**राकेश अचल-**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।**

यकीन मानिये की सियासत पर न लिखने का बिलकुल मन नहीं होता, किन्तु देश की सियासत में हर रोज कुछ न कुछ ऐसा घटित हो जाता है की मन मारकर उस पर लिखना ही पड़ता है। झारखंड की सियासत के बाद बिहार की सियासत में बहुत कुछ हो चुका है और एक बार फिर से महाराष्ट्र की बारी है। बिहार में एक बार फिर विधानसभा में क्रास वोटिंग की वजह से क्रास ब्रीड सरकार बन गयी। इसके लिए मै बिहार की जनता को बधाई नहीं दे सकता। मै बधाई देना चाहता हूँ विश्वास मत प्रस्ताव के दौरान हारे राजद के तेजस्वी यादव को, क्योंकि उन्होंने डाकू सुल्ताना बनने के बजाय बाबा बनना पसंद किया और सत्ता का सफेद घोड़ा नीतीश कुमार को ले जाने दिया। बिहार की सियासत का नैतिकता से कोई लेना-देना कम से कम पिछले तीन दशक से तो नहीं रहा, लेकिन तेजस्वी ने ये कोशिश की, सत्तारूढ़ भाजपा-जेडीयू की सरकार ने राजद के तीन विधायकों को जबरन क्रास वोटिंग के लिए विवश कर अपनी सरकार को औंधे मुंह गिरने से तो बचा लिया किन्तु इस कोशिश में ये नया और अनैतिक गठबंधन बुरी तरह लहू-लुहान हो गया। यहां तक कि भाजपा और जदयू के पांच विधायक भी अब सरकार के निशाने पर आ गए हैं और उप मुख्यमंत्री सिद्धार्थ सिंह उन्हें देख लेने की धमकी दे रहे हैं। बिहार में आगामी लोकसभा चुनाव तक सत्ता के सूत्र भाजपा को अपने हाथ में चाहिए थे इसमें उसे कामयाबी मिली, लेकिन आगे इस गठबंधन का क्या हाल होगा, ये देखने वाली बात है। भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में संसद में 370 सीटें जीतने का लक्ष्य घोषित कर दरअसल फंस गयी है। ये लक्ष्य पाने के लिए उसे एड़ी-चोटी का जोर लगना पड़ रहा है। भाजपा की खस्ता हो चुकी बुर्जों की मरम्मत में अब यहां-वहां से समेटकर रोड़े लगाए जा रहे है। बिहार में जदयू के रोड़े बटोरे गए हैं और महाराष्ट्र में कांग्रेस, शिव सेना और एनसीपी के रोड़े भाजपा के काम आ रहे हैं। भाजपा एक तरफ अपनी ध्वस्त बुर्जों की मरम्मत कर रही है दूसरी तरफ कांग्रेस समेत विपक्ष की तमाम बुर्जों पर प्रहार कर रही है और जमकर प्रहार कर रही है। राजद और समाजवादी पार्टी जैसे कुछ ही क्षेत्रीय दल हैं जो अभी तक भाजपा के सामने टिके हुए है। तृण मूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी भी भी कब हथियार डाल दे, कहना कठिन है। तीसरी बार सत्ता में आने को आतुर भाजपा अब सियासत में निर्ममता की तमाम हदें पार कर चुकी है। नैतिकता का परित्याग तो भाजपा पहले ही कर चुकी है। भाजपा के नेतृत्व वाले पुराने गठबंधन की जिस सरकार को बचाने में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी ने दल-बदल, और खरीद-फरोख्त के चिमटे का इस्तेमाल करने से साफ मना कर दिया था उसी भाजपा के लिए अब कोई भी चिमटा अछूत नहीं है। उसे तो केवल अपनी सरकार बनाना है। भाजपा की केंद्र सरकार किसानों के प्रति उतनी ही क्रूर है जितनी पहले थी। जब आप ये खबर पढ़ रहे होंगे तब मुमकिन है कि केंद्र और हरियाणा की सरकार मिलकर आंदोलनरत किसानों पर लाठियां बरसा रही हो। सरकार अब कोई भी प्रतिकार बर्दाश्त करने के लिए तैयार नहीं है। झारखंड की हार से केंद्र की सरकार और ज्यादा भन्ना गयी है। उसकी क्रूरता में और ज्यादा इजाफा हो गया है। मुझे लगता है कि चुनावों की घोषणा होने तक भाजपा इतना इंतजाम कर लेगी की कांग्रेस इंडिया गठबंधन के बजाय अकेले चुनाव लड़ने पर विवश हो जाए। बांटो और राज करो की पुरानी और आजमायी हुई अंग्रेजों की नीति भाजपा के बहुत काम आ रही है। आज भाजपा कहने को एक महान राष्ट्रवादी पार्टी है लेकिन उसकी चाल, चरित्र और चेहरे से फिरंगियों वाला तेज झलक रहा है। मुझे इसीलिए कभी-कभी भाजपा सुदर्शन लगती है। कांग्रेस आज की तारीख में सड़क की पार्टी है और भाजपा पुरानी कांग्रेस की तरह कार्पोरेट्स की पार्टी बन चुकीहै। सड़क से उसका रिश्ता न जाने कब का टूट चुका है। भाजपा में अब पांच सितारा संस्कृति पनप चुकी है। भाजपा का मूल चरित्र ही सौदेबाजी का है। इसमें उसे कामयाबी मिल रही है, हालाँकि इसके लिए भाजपा ने अपना और देश का सब कुछ दांव पर लगा दिया है। सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न भी भाजपा से नहीं बच पाए। जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव के दिन नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे भारत की सियासत और ज्यादा जटिल, निर्दय और अमानवीय होती जा रही है। नए भारत के लिए ये हिंसक और अदावती राजनीति कितनी फायदेमंद होगी और कितनी नुकसानदेह ये कहना अभी सम्भव नहीं है किन्तु इसके करवट लेने से देश में बहुत कुछ बदलेगा जरूर। भारत पहले अंग्रेजों से लड़ा, बाद में आपातकाल में उसे कांग्रेस से लड़ना पड़ा और अब भारत की लड़ाई भारतीय जनता पार्टी से है। मजे की बात ये है कि भाजपा के पास होशमंद नेता और बेहोश समर्थकों की फौज है, जबकि सामने बिखरी हुई सेनाएं। मुझे कभी-कभी लगता है कि 2024 की लड़ाई का हश्र 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम जैसा न हो। पहले स्वतंत्रता संग्राम के बिखराव ने हमारे सेनानियों की बगावत को नाकाम कर दिया था। आज 167 साल बाद इतिहास अपने आपको दोहरा रहा है। मुमकिन है कि बहुत से पाठक मित्रों को ये तुलना कुछ अजीब और असंगत लगे, किन्तु मेरे मन में जो है वो मैंने लिखा है। आपका सहमत होना आवश्यक नहीं है। आप अपने विचारों के खुद मालिक हैं। मजे की बात देखिये कि 2024 के संग्राम में अनेक लक्ष्मीबाइयाँ हैं जो अपनी-अपनी झाँसी बचाने में लगी हैं, लेकिन अनेक सिंधिया भी हैं (नीतीश कुमार, अशोक चव्हाण और एकनाथ शिंदे को याद रखिये) जो इन लक्ष्मीबाईयों की मौत का सामान बन रहे है। (ममता, माया को ध्यान में रखिये) इस लड़ाई में भी अनेक तात्या टोपे हैं (हेमंत सोरेन, अरविंद केजरीवाल को ध्यान में रखिये) लेकिन लड़ाके होने के बावजूद उनके हारने के आसार ज्यादा है। खैर मै तो कल्पना कर रहा हूँ। आप चाहें तो मेरी कल्पना का आनंद ले सकते हैं, लेकिन सावधानी के साथ, क्योंकि सामने तो दुर्दिन ही हैं।

# अंधकार से प्रकाश की ओर - सावन कृपाल रूहानी मिशन द्वारा लगाया गया 38वां मुफ्त मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविर रोशनी का उपहार लेकर आया

**इस वर्ष 38वें मुफ्त आंखों की जांच व मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविर का आयोजन 4 फरवरी से 11 फरवरी तक कृपाल बाग, दिल्ली में किया गया। इस अवसर पर 35वें अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता सम्मेलन का भी आयोजन किया गया, जोकि मानव एकता और विश्व शांति के समर्पित है। मानवता की भलाई के लिए लगाए गए इस शिविर में बढ़िया क्वालिटी के लेंस के साथ मरीजों की मुफ्त सर्जरी की गई, जिसमें उससे संबधित सभी सामान व महत्त्वपूर्ण चीजों को खुले दिल से भेंट किया गया। शिविर में भारत के स्वास्थ्य कर्मी सेवादारों के अथक प्रयासों द्वारा हजारों की संख्या में लोगों को आंखों की रोशनी का उपहार दिया गया। इस शिविर की सफलता का एक अन्य महत्त्वपूर्ण कारण आई केयर अस्पताल, नौएडा के डॉक्टर्स की मेहनत है, जोकि अत्याधुनिक उपकरणों और सभी सुविधाओं से सुसज्जित भारत का प्रमुख आंखों का अस्पताल है।**






**संत राजिन्दर सिंह जी महाराज**

जैसे कि हम सब जानते हैं कि मोतियाबिन्द पूरे विश्व में लाखों लोगों को प्रभावित कर रहा है, इस दिशा में सावन कृपाल रूहानी मिशन लगातार प्रयासरत है, और वह लोगों की अंधकार भरी जिंदगी में रोशनी लाने में सहायता कर रहा है। सावन कृपाल रूहानी मिशन के अध्यक्ष परम पूजनीय संत राजिन्दर सिंह जी महाराज के मार्गदर्शन में साल में दो बार मुफ्त आंखों की जांच और मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविरों का आयोजन किया जाता है, जिसमें अमेरिका से मान्यता प्राप्त आंखों के डॉक्टर्स, आई केयर अस्पताल, नौएडा के साथ मिलकर समाज सेवा के लिए सहयोग करते हैं। इस वर्ष 38वें मुफ्त आंखों की जांच व मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविर का आयोजन 4 फरवरी से 11 फरवरी तक कृपाल बाग, दिल्ली में किया गया। इस अवसर पर 35वें अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता सम्मेलन का भी आयोजन किया गया, जोकि मानव एकता और विश्व शांति के समर्पित है। मानवता की भलाई के लिए लगाए गए इस शिविर में बढ़िया क्वालिटी के लेंस के साथ मरीजों की मुफ्त सर्जरी की गई, जिसमें उससे संबधित सभी सामान व महत्त्वपूर्ण चीजों को खुले दिल से भेंट किया गया। शिविर में भारत के स्वास्थ्य कर्मी सेवादारों के अथक प्रयासों द्वारा हजारों की संख्या में लोगों को आंखों की रोशनी का उपहार दिया गया। इस शिविर की सफलता का एक अन्य महत्त्वपूर्ण कारण आई केयर अस्पताल, नौएडा के डॉक्टर्स की मेहनत है, जोकि अत्याधुनिक उपकरणों और सभी सुविधाओं से सुसज्जित भारत का प्रमुख आंखों का अस्पताल है। संपूर्ण स्वास्थ्य देखभाल-इस शिविर के पहले दिन कृपाल बाग, दिल्ली में हजारों की संख्या में मरीज इकट्ठे हुए। जहां प्रशिक्षित चिकित्सा डॉक्टर्स और मिशन के सेवादारों ने मरीजों की आरंभिक जांच कर मोतियाबिन्द से ग्रस्त मरीजों की पहचान की। इस शिविर में कुल मिलाकर 1875 मरीजों की जांच की गई, जिसमें से 860 मरीजों को सर्जरी के योग्य समझे जाने के बाद उनकी आंखों की सर्जरी की गई। एक हफ्ते से अधिक समय तक लगाए गए इस शिविर में सावन कृपाल रूहानी मिशन द्वारा मरीजों के साथ-साथ उनकी देखभाल करने वाले परिजनों की भी पूरी देखभाल सुनिश्चित करने के लिए उनके निःशुल्क रहने, खाने-पीने, आने-जाने व पढ़ने के चश्में और अन्य जरूरी सुविधाएं उन्हें मुफ्त प्रदान की गई। मोतियाबिन्द की वजह से हमारी आंखों की रोशनी कमजोर हो जाती है, जिससे कि हमारा दैनिक जीवन प्रभावित होता है। अमेरिका से आए आंखों के एक सर्जन ने कहा कि, ह्लऐसे मजबूर लोगों की आंखों की सर्जरी करके उनकी दृष्टि को बहाल करने में मदद करना बहुत ही नेक कार्य है ह्ल इन सभी सर्जनों ने नौएडा के आई केयर अस्पताल के डॉक्टर्स की अत्यधिक कुशल टीम के साथ मरीजों की आंखों का ऑपरेशन करने में रोजाना कई घंटों का समय लगाया। इस शिविर में सभी मरीजों ने सर्जरी के बाद एक जैसी खुशी और राहत महसूस की। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले से आए 72 वर्षीय एक किसान मरीज ने बताया कि, सर्जरी करने के बाद किस प्रकार उसकी जिंदगी बदल गई। उसने कहा कि, मैं काफी सालों से आंखों में धुंधलापन व पानी आने की शिकायत महसूस कर रहा था, इसका असर मेरी आजीविका पर पड़ रहा था क्योंकि खेती करते वक्त मैं न तो चीजों को सही ढंग से देख पाता था और न ही ठीक तरीके से फसलों की बुआई कर पाता था। जिसकी वजह से मैं और मेरा 6 बच्चों का बड़ा परिवार पूरी तरह प्रभावित था। इस मरीज ने आगे कहा कि, सावन कृपाल रूहानी मिशन द्वारा लगाया यह शिविर मेरे लिए एक वरदान साबित हुआ। मेरे गांव के मुखिया ने मुझे इस शिविर के बारे में बताया और मैंने यहां आने का फैसला लिया। मैं अपनी आंखों की दृष्टि वापिस आने से बेहद अहसानमंद हूं, क्योंकि इससे मुझे जीवन के हर पहलू में मदद मिलेगी। मेरे लिए यह एक बहुत ही बढ़िया अनुभव है। अन्य अनेक मरीजों ने जीवन में बदलाव लाने वाली इस सर्जरी के लिए अपना आभार प्रकट करते हुए कहा कि, इसके जरिये हमें आत्म-निर्भरता के जीवन में वापिस लौटने में मदद मिलेगी, जिससे कि हम अपने रोजमर्रा के कार्य सही तरीके से कर पाएंगे। मानवता की सेवा-संत राजिन्दर सिंह जी महाराज द्वारा सिखाई गई शिक्षा का एक प्रमुख सिद्धांत यह भी है कि आध्यात्मिक रूप से प्रगति करने के लिए हमें अपने पूरे दिल से सभी की निष्काम सेवा करनी चाहिए। अमेरिका से आए एक डॉक्टर ने कहा कि, ऐसे संगठनों से जुड़ना अपने आपमें सम्मान की बात है, जिनका जरूरतमंदों को बेहतर दृष्टि प्राप्त करने में मदद करने का एक लंबे समय तक चलने वाला लक्ष्य है, जिससे उनके जीवन में ज्यादा आत्म-निर्भरता आती है। आंमोतियाबिन्द की वजह से हमारी आंखों की रोशनी कमजोर हो जाती है, जिससे कि हमारा दैनिक जीवन प्रभावित होता है। अमेरिका से आए आंखों के एक सर्जन ने कहा कि, ऐसे मजबूर लोगों की आंखों की सर्जरी करके उनकी दृष्टि को बहाल करने में मदद करना बहुत ही नेक कार्य है। इन सभी सर्जनों ने नौएडा के आई केयर अस्पताल के डॉक्टर्स की अत्यधिक कुशल टीम के साथ मरीजों की आंखों का ऑपरेशन करने में रोजाना कई घंटों का समय लगाया। सन 2002 से सावन कृपाल रूहानी मिशन ने इन आंखों के शिविरों में अब तक लगभग 17000 से अधिक लोगों को उनकी दृष्टि वापिस लाने में मदद की है। सावन कृपाल रूहानी मिशन द्वारा लगाए जाने वाले सभी स्वास्थ्य और आंखों के शिविर निःशुल्क हैं, जोकि समाज में निष्काम-सेवा की भावना से लगाए जाते हैं।

**बसन्त पंचमी (14 फरवरी) पर विशेष**

# बसंत ऋतु के आगमन की सूचक है बसंत पंचमी

**योगेश कुमार गोयल-**
(लेखक पत्रकारिता में निरन्तर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी बसंत पंचमी के रूप में देशभर में धूमधाम से मनाई जाती रही है, जो इस वर्ष 14 फरवरी को मनाई जा रही है। माना जाता है कि यह दिन बसंत ऋतु के आगमन का सूचक है। शरद ऋतु की विदाई और बसंत के आगमन के साथ समस्त प्राणीजगत में नवजीवन एवं नवचेतना का संचार होता है। वातावरण में चहुं ओर मादकता का संचार होने लगता है। प्रकृति के सौंदर्य में निखार आने लगता है। शरद ऋतु में वृक्षों के पुराने पत्ते सूखकर झड़ जाते हैं, लेकिन बसंत की शुरूआत के साथ ही पेड़-पौधों पर नयी कोंपलें फूटने लगती हैं। चारों ओर रंग-बिरंगे फूल खिल जाते हैं, धरती का वातावरण महकने लगता है। बसंत पंचमी के ही दिन होली का उत्सव भी आरंभ हो जाता है और इस दिन पहली बार गुलाल उड़ाया जाता है। साहित्य और संगीत प्रेमियों के लिए तो बसंत पंचमी का विशेष महत्व है, क्योंकि यह ज्ञान और वाणी की देवी सरस्वती की पूजा का पवित्र पर्व माना गया है। बच्चों को इस दिन से बोलना या लिखना सिखाना शुभ माना गया है। संगीतकार इस दिन अपने वाद्य यंत्रों की पूजा करते हैं। ऐसी मान्यता है कि इसी दिन विद्या और बुद्धि की देवी मां सरस्वती अपने हाथों में वीणा, पुस्तक व माला लिए अवतरित हुई थी। यही कारण है कि भारतीय संस्कृति में इस दिन लोग विद्या, बुद्धि और वाणी की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती की पूजा-आराधना करके अपने जीवन से अज्ञानता के अंधकार को दूर करने की कामना करते हैं। कहा जाता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने बसंत पंचमी के दिन ही प्रथम बार देवी सरस्वती की आराधना की थी और कहा था कि अब से प्रतिवर्ष बसंत पंचमी के दिन देवी सरस्वती की पूजा होगी और इस दिन को मां सरस्वती के आराधना पर्व के रूप में मनाया जाएगा। प्राचीन काल में बसंत पंचमी को प्रेम के प्रतीक पर्व के रूप में ह्यवसंतोत्सवह्ल, ह्यमदनोत्सवह्ल, ह्यकामोत्सवह्ल अथवा ह्यकामदेव पर्वह्ल के रूप में मनाए जाने का भी उल्लेख मिलता है। इस संबंध में मान्यता है कि इसी दिन कामदेव और रति ने पहली बार मानव हृदय में प्रेम की भावना का संचार कर उन्हें चेतना प्रदान की थी, ताकि वे सौन्दर्य और प्रेम की भावनाओं को गहराई से समझ सकें। इस दिन रति पूजा का भी विशेष महत्व है। मान्यता है कि कामदेव ने बसंत ऋतु में ही पुष्प बाण चलाकर समाधिस्थ भगवान शिव का तप भंग करने का अपराध किया था, जिससे क्रोधित होकर उन्होंने अपने तीसरे नेत्र की ज्वाला से कामदेव को भस्म कर दिया था। बाद में कामदेव की पत्नी रति की प्रार्थना और विलाप से द्रवित होकर भगवान शिव ने रति को आशीर्वाद दिया कि उसे श्रीकृष्ण के पुत्र प्रद्युम्न के रूप में अपना पति पुनः प्राप्त होगा। ह्यबसंत पंचमीह्ल को गंगा का अवतरण दिवस भी माना जाता है। इसलिए धार्मिक दृष्टि से बसंत पंचमी के दिन गंगा स्नान करने का बहुत महत्व माना गया है। बसंत पंचमी को ह्यश्री पंचमीह्ल भी कहा गया है। कहा जाता है कि इस दिन का स्वास्थ्य वर्षभर के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। अतः इस पर्व को स्वास्थ्यवर्धक एवं पापनाशक भी माना गया है।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातः किरण
पटना, बुधवार, 14 फरवरी, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### सड़क पर पलटा ट्रेक्टर

मशरक थाना क्षेत्र के डुमरसन में ईट लदा ट्रैक्टर ट्राली बीच सड़क पर ट्राली का गुल्ला टूटने से पलट गया, जिंससे अफरातफरी मच गई। घटना के बारे में ग्रामीणों ने बताया कि ईंट लोड कर ट्रैक्टर ट्राली मुख्य सड़क एन एच 227 ए राम जानकी पथ से जा रहा था कि डुमरसन बाजार में ट्राली का गुल्ला टूटने से ट्राली सड़क पर ही पलट गया। ग्रामीणों ने बताया कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। यदि उक्त समय सड़क पर आवागमन रहता तो बडी दुर्घटना हो सकती थी।

### दो वर्ष से कम और गर्भवती महिलाओं को दवा सेवन नहीं कराएं: डॉ. माधुरी देवराजू

डब्ल्यूएचओ के क्षेत्रीय सलाहकार डॉ माधुरी देवराजू ने बताया कि जिले के सभी एमओआईसी, बीएचएम और बीसीएम को विभागीय स्तर पर पहले ही निर्देशित किया जा चुका है कि दवा खिलाने के पहले आशा या स्वास्थ्य कार्यकर्ता यह सुनिश्चित करे की बच्चों ने स्कूल में मिड डे मील के दौरान भोजन किया है, या नही। उसके बाद ही बच्चों को दवा खिलाई जानी चाहिए। सभी आशा कार्यकर्ता के पास ओआरएस के पैकेट का रहना जरुरी है। सबसे खास बात यह है कि माइक्रोप्लान के अनुसार अपने बूथ पर जाएं और दवा सेवन करवाएं। बूथ स्तर पर दवा खिलाए जाने के बाद प्रत्येक कार्य दिवस के दिन घर घर जाकर दवा खिलाना होगा। हालांकि दो आयु वर्ष से कम और गर्भवती महिलाओ को दवा सेवन नहीं करना है।

### भखुरा भीठ्ठी से दाढ़ी- बाड़ी जाने वाले रोड का शिलान्यास 20 को

सहाजीतपुर। बनियापुर प्रखंड के भखुरा भीठ्ठी से दाढ़ी- बाड़ी जाने वाले रोड का शिलान्यास हेतु भाजपा नेताओं द्वारा स्थल का किया गया निरीक्षण। वही सांसद पुत्र प्रमोद सिग्रीवाल ने बताया की लगभग 7 करोड़ की लागत से रोड को बनाया जाएगा। तथा इसका शिलान्यास आगामी 20 फरवरी को किया जाएगा। कार्यकर्म करने हेतु स्थल का निरीक्षण आज किया गया है। वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता रमाशंकर मिश्र शांडिल्य ने कहा कि केंद्र में मोदी महाराजगंज में सिग्रीवाल के द्वारा ही क्षेत्र में विकास सम्भव है। बनियापुर उत्तरी मंडल अध्यक्ष मणि भूषण दुबे ने बताया कि सिग्रीवाल जैसे सांसद होंगे तो सिर्फ.विकास ही विकास होगा महराजगंज में। 10 वर्षों का कार्यकाल पुरा होने वाला है इस बार भी केंद्र में मोदी महाराजगंज में सिग्रीवाल को जनता एक बार फिर लाएगी। मौके पर विजय कुमार जितेंद्र सिंह कंटू ठाकुर दीपू चतुवेर्दी अमन सिंह छोटू कश्यप अन्य लोगों उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर माताओं को दिए गए स्वास्थ्य कीट

इसुआपुर । राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर मंगलवार को आता नगर आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 122 अनुसूचित जाति टोले गोंहा में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पोषक क्षेत्र की वैसी अनुसूचित जाति की महिलाओं को जॉनसन बेबी स्वास्थ्य कीट देखकर सम्मानित किया गया, जिनकी गोद में 6 माह से कम उम्र की बच्ची है। वहीं इस मौके पर पोषक क्षेत्र की बच्चियों द्वारा पेंटिंग तथा सेविकाओं द्वारा रंगोली बनाई गई। इस मौके पर उपस्थित सीडीपीओ चंद्रकांति कुमारी द्वारा प्रतिभागी बच्चियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। वहीं महिला पर्यवेक्षिका अनु कुमारी ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की तर्ज पर सरकार द्वारा ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन किए जाते हैं। ताकि बेटियों के जन्म पर भी लोगों में खुशी हो। बेटियां बेटों से कम नहीं हैं, इसको भी लेकर माताओं को प्रोत्साहित किया जाता है। इस मौके पर आंगनबाड़ी सेविका शशि कुमारी, बबीता देवी, पिंकी कुमारी, नीरज कुमारी, पूनम देवी, सुचिता देवी व अन्य थे।

### कलश यात्रा में मौजूद श्रद्धालु

माँझी। मंगलवार को प्रखण्ड के घोरहट मठिया से राम जानकी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा हेतु गाजे बाजे से सुसज्जित भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में सैकड़ों ग्रामीण व बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थी। कलश यात्रा में शामिल तथा रथ पर सवार भगवान राम लक्ष्मण जानकी बने कलाकार आकर्षण का केन्द्र बने हुए थे। हल्की बारिश की बूंद के बीच राम धुन पर श्रद्धालु महिला व पुरूष थिरक रहे थे। बाद में कबीर पार नर पलिया तथा माँझी प्रखण्ड मुख्यालय होते हुए कलश यात्रा माँझी के राम घाट पहुँचा जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने कलश में सरयू नदी का पवित्र जल भर कर घोरहट के लिए रवाना हुए। यात्रा में शामिल बीडीसी प्यारे अंगद ने बताया कि 15 तारीख को मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी तथा उक्त तिथि को भण्डारा भी आयोजित किया जाएगा। कलश यात्रा राजीव कुमार भारती, धर्मदेव साह, विशेश्वर भारती, अजय भारती, राजमंगल साह, विनोद साह, शिवनाथ भारती, शशिकांत भारती, धन लाल भारती, रामबाबू साह, राजू साह, धर्मेन्द्र मधुकर तथा तारकेश्वर भारती आदि शामिल थे।

# प्रमंडलीय आयुक्त की अध्यक्षता में निर्वाचन से संबंधित तैयारियों को लेकर प्रमण्डल के सभी जिलों के साथ समीक्षात्मक बैठक

## निर्वाचन का कार्य टीम वर्क है, सही नेतृत्व, स्पष्ट कम्युनिकेशन एवं सही समन्वय के साथ करें कार्य : आयुक्त

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। प्रमंडलीय आयुक्त, सारण प्रमंडल सरवनन एम० की अध्यक्षता में मंगलवार को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर की जा रही तैयारियों को लेकर प्रमंडल के सभी जिलों के साथ बैठक की गई। बैठक में सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक से एक एक कर स्वछ, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित निर्वाचन के आयोजन को लेकर बिंदुवार जानकारी ली गई तथा महत्वपूर्ण निदेश एवं सुझाव दिये गये। आयुक्त ने कहा कि निर्वाचन कार्य पूर्णतः टीम वर्क है। सही नेतृत्व, प्रभावी कम्युनिकेशन एवं कारगर समन्वय के साथ कार्य करने से प्रबंधित ढंग से निर्वाचन का कार्य संपन्न होगा। उन्होंने मतदाता सूची के सतत अद्यतीकरण, मतदान केंद्र, मतदान प्रतिशत बढ़ाने, विधि व्यवस्था, ईपिक वितरण, डिस्पैच सेंटर, ईवीएम प्लान, शस्त्र सत्यापन, असमाजिक तत्त्वों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई, वल्नेरेबिलिटी मैपिंग, कम्युनिकेशन प्लान, कार्मिक प्रशिक्षण, वाहन की उपलब्धता आदि को लेकर एक एक कर जिलावार जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निदेश दिया। मतदाता सूची के सतत अद्यतीकरण के तहत सभी फॉर्म 6, 7 एवं 8 का सतत एवं समयबद्ध निष्पादन करने को कहा गया। मतदाता सूची में जेंडर रेशियो के बारे में जानकारी ली गई। अद्यतन मतदाता सूची में जेंडर रेशियो सारण जिला में 913, सिवान में 924 तथा गोपालगंज में 970 बताया गया। उन्होंने सभी जिलों से जेंडर रेशियो में सुधार के लिये की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी ली। विगत निर्वाचन में मतदान प्रतिशत के बारे में जानकारी ली गई। बताया गया कि विगत निर्वाचन में सारण में 54 प्रतिशत, गोपालगंज में 56 प्रतिशत तथा सिवान में 54.68 प्रतिशत मतदान प्रतिशत दर्ज किया गया था। आयुक्त ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये तैयार कार्ययोजना के बारे में जिलावार जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ यूनिक होता है। इस लिये अधिक से अधिक मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिये मतदाताओं को जागरूक करने के लिये लक्षित स्वीप योजना के आधार पर कार्रवाई की जरूरत है।न्यूनतम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों पर विशेष लक्षित स्वीप अभियान एवं इन मतदान केंद्रों की वल्नेरीबिलिटी मैपिंग सुनिश्चित करने को कहा गया। अगर पूर्व में किसी मतदान केंद्र पर किसी विशेष स्थानीय कारण/मांग को लेकर मतदान का बहिष्कार हुआ हो तो, इन जगहों पर इन कारणों को दूर करने के लिये अपेक्षित कार्रवाई का निदेश दिया गया। मतदान से पूर्व निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत मतदाता पर्ची का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया। ईपिक वितरण के संदर्भ में वितरण का रैंडम सत्यापन मतदाताओं से संपर्क कर कराने को कहा गया। मतदान कर्मियों के डिस्पैच सेंटर को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानक प्रावधान के अनुरूप चिन्हित एवं तैयार करने को कहा गया। निर्वाचन प्रक्रिया समाप्त होने के उपरांत इन केंद्रों को पूर्ववत स्थिति में वापस करने को कहा गया। विधि व्यवस्था की दृष्टिकोण से जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्ति के आधार पर शस्त्रों का भौतिक सत्यापन सभी जिलों में सुनिश्चित किया जा रहा है।उन्होंने निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप समयबद्ध ढंग से सतर्कता के साथ शस्त्रों का सत्यापन सुनिश्चित कराने को कहा गया। असमाजिक तत्वों के विरुद्ध कारगर निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। सही व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार सही कार्रवाई का निदेश दिया गया। सीसीए के तहत भी उपयुक्त तत्त्वों के विरुद्ध कार्रवाई का निदेश दिया गया। सभी मतदान केंद्रों की भेद्यता का मानचित्रण (वल्नेरीबिलिटी मैपिंग) सेक्टर पदधिकारियों के माध्यम से कारगर तरीके से सुनिश्चित कराने को कहा गया। सभी जिलों को कारगर कम्युनिकेशन प्लान तैयार करने को कहा गया। सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को ई वी एम वेयरहाउस का संयुक्त निरीक्षण करने को कहा गया। निर्वाचन कार्य में संलग्न किये जाने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों के लिये कारगर एवं व्यवस्थित प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार कर प्रशिक्षण की व्यवस्था करने को कहा गया। मल्टीमीडिया के माध्यम से बेहतर प्रशिक्षण सामग्री के आधार पर प्रशिक्षण की व्यवस्था करने को कहा गया। सभी मतदान केंद्रों पर निर्वाचन आयोग के मानक के अनुरूप न्यूनतम मूलभूत सुविधा की व्यवस्था सुनिश्चित कराने को कहा गया। इसके लिये चेकलिस्ट तैयार कर सभी मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया। निर्वाचन कार्य हेतु वाहनों की आवश्यकता का पूर्व से श्रेणी वार आकलन करते हुये कारगर प्रबंधन योजना के आधार पर कार्रवाई को कहा गया। सभी मतदान केंद्रों तक जाने के लिये कारगर रूट प्लानिंग कर उपयुक्त वाहनों की टैगिंग करने को कहा गया। निर्वाचन कार्य से प्रतिनियुक्त किये जाने वाले अर्द्धसैनिक बलों के आवासन हेतु आवासन स्थल पूर्व से चिन्हित कर आवासन स्थल पर तमाम आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने को कहा गया। इसके लिये चेकलिस्ट तैयार कर सभी चिन्हित आवासन स्थलों का भौतिक सत्यापन कराकर कमियों को दूर करने को कहा गया। अर्द्धसैनिक बलों को अन्य आवश्यक देय संसाधनों की भी ससमय उपलब्धता हेतु पूर्व से तैयारी का निदेश दिया गया। निर्वाचन कार्य हेतु आवश्यक सामग्रियों की उपलब्धता हेतु दर एवं आपूर्तिकर्त्ता का ससमय निर्धारण निविदा के माध्यम से करने को कहा गया। सामग्रियों की गुणवत्ता की मॉनिटरिंग हेतु भी जिम्मेदारी निर्धारित कर सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया। बैठक में पुलिस उप महानिरीक्षक श्री विकास बर्मन, जिलाधिकारी सारण श्री अमन समीर, जिलाधिकारी सिवान श्री मुकुल कुमार गुप्ता, जिलाधिकारी गोपालगंज मो० मकसूद आलम,तीनों जिला के पुलिस अधीक्षक, आयुक्त के सचिव डॉ० संजय कुमार, सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

# प्रसिद्ध गांधीवादी राज गोपाल पीवी के नेतृत्व में 5 सौ लोग जायेंगे काठमांडू

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। नेपाल की राजधानी काठमांडू में विश्व सामाजिक सामाजिक मंच के बैनर तले विश्व शांति के लिए गांधी से बुद्ध की ओर के नारे के साथ आगामी अंतर्राष्ट्रीय समागम का आयोजन किया गया है।यह आयोजन आगामी 15 फरवरी से 19 फरवरी 2024 तक काठमांडू में हो रहा है। जहां देश दुनियां के चालीस हजार अहिंसावादी लोगों का महा जुटान होगा। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय समागम में एकता परिषद भारत से 200 सामाजिक कार्यकर्ता प्रसिद्ध गांधीवादी पी. वी राजगोपाल के नेतृत्व में आगामी 14 फरवरी को बिहार के रक्सौल बॉर्डर से लगे बीरगंज, नेपाल से गांधी से बुद्ध की ओर पदयात्रा करते हुए काठमांडू के लिए प्रस्थान करेंगे।वीरगंज स्थित शंकराचार्य द्वार पर स्वागत होगा। यह पदयात्रा वीरगंज शहर से परवानीपुर तक 12 किलोमीटर की होगी। उसके बाद वे बस से नेपाल की राजधानी काठमांडू पहुंचेंगे और काठमांडू में 15 फरवरी को विश्व सामाजिक मंच की अंतरराष्ट्रीय रैली होगी। वही 16 फरवरी को विश्व स्तर पर प्राकृतिक संसाधनों की छीना झपटी के विरुद्ध जन अधिकार को लेकर विश्व स्तरीय संवाद का कार्यक्रम एकता परिषद इंडिया और राष्ट्रीय भूमि अधिकार मंच नेपाल के संयुक्त तत्वाधान में होगा, जबकि 17 फरवरी को इसी बैनर के तहत विश्व में शांति सद्भावना न्याय पर अंतर्राष्ट्रीय संवाद का आयोजन किया जाना है। उक्त कार्यक्रम में दुनिया भर के करीब 40 हजार लोग जुटेंगे। एकता परिषद की मान्यता जो गांधी के अहिंसा और बुद्ध के शांति से जुड़ा है, उसको लेकर पूरे विश्व में शांति सद्भाव को स्थापित करने की दिशा में यह एक प्रयास है। देश भर से एकता परिषद इंडिया के कार्यकर्ता आएंगे, वह गांधी की प्रासंगिकता और हिंसा के विरुद्ध गांधी की उपस्थित को देश दुनिया के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। इस कार्यक्रम को ले कर रक्सौल में कैंप कर रहे राष्ट्रीय एकता परिषद के उपाध्यक्ष सह प्रदेश संयोजक प्रदीप प्रियदर्शी का मानना है कि विश्व में अलग-अलग स्तर पर हो रहे हिंसा के प्रति हिंसा युद्ध और इसके परिणाम स्वरुप उसे देश के खास कर गरीब और कमजोर वर्ग के लोग महिलाएं और बच्चों के ऊपर बढ़ते दमनात्मक कार्रवाइयों और अन्याय को रोकने का एकमात्र रास्ता गांधी के आदर्श है। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई देशों में गांधी की प्रासंगिकता स्थापित हो रही है और जिस प्रकार गांधी ने आजादी पूर्व समाज के सभी तत्वों, सबकों को जोड़ने के लिए भेदभावपूर्ण सामाजिक व्यवस्था और सरकारी दमन के विरुद्ध शांति में आंदोलन का नेतृत्व किया। वह आज भी प्रासंगिक है। चंपारण की भूमि गांधी के महात्मा बनने में सहायक रही है और बापूधाम इसका जीवंत प्रमाण है। आज महात्मा गांधी के अनुयायी गांधीवादी नेता पी.वी राजगोपाल इसी चंपारण की भूमि रक्सौल से यात्रा का नेतृत्व करेंगे। गौरतलब है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित गांधीवादी पी.वी राज गोपाल 13 फरवरी को राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के कर्म भूमि रक्सौल पहुंचेंगे।जहां राष्ट्रीय एकता परिषद के सदस्य समेत 2 सौ गांधीवादी जुटेंगे। रक्सौल में उनका रात्रि विश्राम होगा। रक्सौल में उनका स्वागत होगा। साथ ही महात्मा गांधी की प्रांगिकता पर एक गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके बाद वीरगंज जायेंगे, जहां भूमि अधिकार मंच, सत्याग्रह नेपाल समेत अन्य संगठनों के द्वारा जुटे 3 सौ गांधीवादी कार्यकताओं यानी करीब 5 सौ लोग पद यात्रा करते हुए बारा जिला के पथलैया स्थित काठमांडू के लिए रवाना होंगे। कार्यक्रम से जुड़े नेपाल के जाने-माने गांधीवादी चिंतक व सत्याग्रह संस्था के संस्थापक चन्द्रकिशोर, सामुदायिक आत्मनिर्भर केन्द्र के अध्यक्ष जगत बस्नेत, भूमि अधिकार मंच के जगत देउजा, कल्पना कार्की आदि ने बताया कि भारत के गांधी वादी मित्र जो शांति और संवाद में विश्वास करते हैं।

# ग्रामीण चिकित्सकों का एक प्रशिक्षण शिविर आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

जलालपुरेप्रखंड के धारान बाजार पर जनजीवन कल्याण संघ केबैनर तले बालाजी हॉस्पिटल परिसर मे ग्रामीण चिकित्सकों का एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया`जिसकी अध्यक्षता डॉक्टर अनूप कुमार ने की` चिकित्सकों का प्रशिक्षण कार्य पटना के चिकित्सक डॉ प्रभात कुमार एन एस हॉस्पिटल तथा गुलाम शब्बीर लोकेश हॉस्पिटल के नेतृत्व में संपन्न हुओ सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण चिकित्सकों ने प्रशिक्षण प्राप्त कियो सभी चिकित्सकों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित भी किया गयो इस अवसर पर राष्ट्रीय संयोजक डॉक्टर अविनाश कुमार, प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र शर्मा, प्रदेश महासचिव संतोष कुमार, प्रमंडलीय प्रवक्ता डॉक्टर कमलेश कुमार राय, सारण प्रभारी अध्यक्ष डॉ. सुमित कुमार गुप्ता, वैशाली जिला अध्यक्ष डॉक्टर प्रमोद कुशवाहा ,पटना जिला अध्यक्ष डॉ. संजीव कुमार, डॉक्टर मनीष कुमार, डॉ राजीव रंजन, डॉ. शैलेश कुमार राय, डॉ राजीव कुमार राय डॉ. कृष्णा कुशवाहा ,मदन जी एवं जिले के सैकड़ो चिकित्सक इस शिविर से लाभान्वित हुए` जनजीवन कल्याण संघ के द्वारा एक एंबुलेंस भी प्रदान किया गया जो गरीब रोगियों को जलालपुर प्रखंड के अंतर्गत सेवा प्रदान करेगीशिविर मे नए जिला कमेटी का गठन भी किया गया। बैठक में पुलिस उप महानिरीक्षक श्री विकास बर्मन, जिलाधिकारी सारण श्री अमन समीर, जिलाधिकारी सिवान श्री मुकुल कुमार गुप्ता, जिलाधिकारी गोपालगंज मो० मकसूद आलम,तीनों जिला के पुलिस अधीक्षक, आयुक्त के सचिव डॉ० संजय कुमार, सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

# 15 फरवरी से 23 फरवरी तक मैट्रिक परीक्षा का होगा आयोजन

- वार्षिक माध्यमिक सैद्धांतिक परीक्षा 2024 के लिए आयोजित ब्रीफिंग में अपर समाहर्ता ने दिये महत्वपूर्ण निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। होने वाली वार्षिक माध्यमिक सैद्धांतिक परीक्षा 2024 को कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए प्रतिनियुक्त सभी केन्द्राधीक्षक, स्टैटिक दण्डाधिकारी, गश्ती दण्डाधिकारी, जोनल दण्डाधिकारी-सह उड़नदस्ता दण्डाधिकारी, सुपर जोनल दण्डाधिकारी, उड़नदस्ता दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को आपसी समन्वय स्थापित कर परीक्षा संपन्न कराने का निदेश दिया गया। इस संबंध में स्पष्ट कहा गया कि परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जायेगी। ये बातें अपर समाहर्ता सारण, मो0 मुमताज आलम ने स्थानीय प्रेक्षागृह-सह-आर्ट गैलेरी में आयोजित ब्रीफिंग में दी। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा एवं वीडियोग्राफी के माध्यम से निगरानी होगी। अपर समाहर्ता सारण ने परीक्षा के संचालन की संपूर्ण जानकारी देते हुए बताया गया कि शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त परीक्षा के आयोजन हेतु सारण जिला में 67 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। जिसमें सदर अनुमंडल क्षेत्र में 52 (छात्र के लिए 34 एवं छात्रा के लिए-18 केंद्र), सोनपुर अनुमंडल क्षेत्र में छात्रा से लिए 06 एवं मढ़ौरा अनुमंडल क्षेत्र में छात्रा के लिए 09 परीक्षा केन्द्र शामिल है। इस परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों की कुल संख्या -75524 है। जिसमें सदर अनुमंडल में 57961, मढ़ौरा अनुमंडल में -11362 एवं सोनपुर अनुमंडल में 6201 परीक्षार्थी हैं। परीक्षा का आयोजन दो पालियों में होगा। प्रथम पाली पूर्वाहन 9:30 बजे से अपराह्न 12:45 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 02:00 से अपराह्न 05:00 बजे तक होगी। परीक्षा को कदाचारमुक्त, निष्पक्ष, स्वच्छ संचालन एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु बोर्ड के निर्धारित मानक के अनुरूप प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर 1-4 सशस्त्र पुलिस बल/महिला पुलिस बल स्टैटिक दण्डाधिकारी, गश्ती दण्डाधिकारी एवं जोनल दण्डाधिकारी-सह-उड़नदस्ता दण्डाधिकारी/सुपर जोनल दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल परीक्षा प्रारंभ होने से 2 घंटा पूर्व अपनी प्रतिनियुक्ति स्थल पर अवस्थित होंगे एवं परीक्षा की समाप्ति के बाद भी केन्द्र पर उपस्थित रहकर विधि-व्यवस्था संधारित करेंगे। परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र में जूता-मोजा पहन कर प्रवेश नहीं करेंगे। परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार पर ही केन्द्राधीक्षक, प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस बल की सहायता से परीक्षार्थियों की शारीरिक जाँचोपरांत, उनके प्रवेश पत्र को देख कर परीक्षा कक्ष में प्रवेश करने देंगे। कदाचार मुक्त परीक्षा के संचालन हेतु परीक्षा केन्द्र के बाहर एवं अन्य आवश्यक स्थलों पर सी. सी. टी. वी लगाया जाएगा ताकि बाहर से परीक्षा में बाधा पहुँचाने वालों पर नजर रखी जा सके। इसके साथ ही सभी परीक्षा केंद्रों की विडियोग्रॉफी कराने का निर्देश दिया गया।

# बनियापुर मुख्यालय स्थित ठाकुरबाड़ी से प्रचीन श्री राम, सीता लक्ष्मण की अष्टधातू की मूर्ति चोरी

प्रात : किरण संवाददाता



बनियापुर (सारण) बनियापुर मुख्यालय स्थित ठाकुर बाड़ी, रामजानकी मंदिर से सोमवार की देर रात अज्ञात चोरों द्वारा अष्ट धातु की चार मूर्तियों की चोरी कर फरार हो गए। जिस मूर्ति की किमत लगभग दो करोड़ रुपया बताई जा रही है। घटना की जानकारी मंदिर के पुजारी मंदिर के गर्भगृह के साफ सफाई के दौरान हुई।और हतप्रभ रह गए, घटना की जानकारी पर गांव के सैकड़ो लोग थाना पहुंच कर मूर्ति बरामदगी की गुहार लगाने लगे। घटना के संबंध में बताया गया है कि मंदिर के पूजारी रामेश्वर दास द्वारा बताया गया है कि चोरी गई, अष्ट धातु के प्राचीन मूर्तियों में राम, सीता, लक्ष्मण तथा कृष्ण भगवान की मूर्ति शामिल है। जो लगभग सौ वर्ष पुरानी थी। जिसकी किमत लगभग दो करोड़ आंकी गई है। जिस मंदिर के पुजारी पिछले तीस वर्षो से मंदिर का पूजा पाठ तथा देख रेख करते आ रहे है। उसी तरह बीती रात भी पूजा पाठ संपन्न कर मंदिर परिसर के एक कमरे में सो गए। तथा सुबह उठकर जब मंदिर की साफ-सफाई करने पहुंचे तो देखे कि मंदिर का ताला गायब है। तथा उक्त मूर्तियों की चोरी हो गई है। जिसके बाद पुजारी द्वारा इस चोरी की सूचना गांव वालों तथा थाना को दी गई।जहा थानाध्यक्ष ने जल्द मूर्ति बरामदगी का आश्वासन दिया है।

# एक दिवसीय व्याख्यान का हुआ आयोजन

- निराला की सभी विधाओं पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। बसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर जयप्रकाश विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में ह्लनिराला साहित्य और वर्तमान परिप्रेक्ष्यह्व विषय पर एक दिवसीय विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया ! व्याख्यान का प्रारंभ दीपप्रज्वलन ,सरस्वती वंदना एवं निराला जी को पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। परिचर्चा के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर अजय कुमार ने निराला की सभी विधाओं पर प्रकाश डालते हुए ज्ञानवर्धन किया। बीज वक्तव्य देते हुए डॉ. चंदन कुमात श्रीवास्तव नेह्लनिराला साहित्य और वर्तमान परिप्रेक्ष्यह्व विषय को वर्तमान के धरातल पर उकेरा और विशिष्ट रचनाओं की जानकारी दी जिन्हें आज लोगों को पढ़ना चाहिए! निराला के जीवन पर प्रकाश डालते हुए विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अनीता ने कहा कि निराला एक व्यक्ति नहीं विचार हैं ।जीवन के भीषण झंझावातों के बीच भी मानवता के अग्रदूत बने रहे ।इस दृष्टि से निराला साहित्य की प्रासंगिकता के पूर्व उनके व्यक्तित्व की प्रासंगिकता शोध की अपेक्षा रखती है ।एक सच्चा मानव होने के कारण ही राम का संघर्ष आम जन का संघर्ष बन जाता है; पुत्री का शोक हृदय विगलित गीत बन जाता है ; भिक्षुक , वह तोड़ती पत्थर, चतुरी चमार जैसी अनेकानेक रचनाएं एक नव्य दृष्टि की अपेक्षा करती हैं ।विसंगतियों एवं विकृतियों के प्रति प्रखर प्रतिरोध के स्वर भी निराला साहित्य की विशेषता है। मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के पूर्व विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर गजेंद्र कुमार ने इस संगोष्ठी को संबोधित कर छायावाद में उनके विशिष्ट पक्षों को विस्तार से प्रस्तुत किया!

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया संपर्क अभियान

प्रात : किरण, संवाददाता

रिविलगंज । भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा चलाये जा रहे गांव चले अभियान वीरम पसवा, सिरिसिया , भादपा , टोला पर गांवों में केंद्र की योजनाओं का पर्चा भाजपा जिला के मुख्य प्रवक्ता धर्मेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में दर्जनों वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ सम्पर्क चलाया गया । इस अवसर पर जनता के बीच जनसंपर्क में बोलते हुए बिहार भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के के निवर्तमान क्षेत्रीय प्रभारी एवं जिला के मुख्य प्रवक्ता धर्मेंद्र सिंह चौहान ने कहा आज देश के भाजपा सरकार लोगो के जन जन तक पहुचा है, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में के देश निरन्तर बढ़ रहा है।9 साल में मोदी सरकार द्वारा जनकल्याण कारी योजना जैसे कोरोना काल मे प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना,कोरोना वैक्सीन 1सौ 40 करोड़ लोगों को दिलाना ।500 वषो के संघर्ष को विराम,अयोध्या में भव्य राम मन्दिर का निर्माण, किसानों को समृद्ध करना, किसान को किसान सम्मान निधि द्वारा 6 हजार देना । सबका साथ,सबका विकाश ,सबका विकास के तहत कार्य करना । लोकसभा एवं विधानसभा में 33 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण देना। केन्द्र की कई योजनाओं को विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मंडल महामंत्री राकेश सिंह, सरपंच बच्चा खा, पूर्व सरपंच सरोज शर्मा, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष रणजीत तिवारी, पूर्व मण्डल उपाध्यक्ष मंटू शर्मा, मण्डल उपाध्यक्ष अशोक सिंह, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता दिलीप कुमार, विनय शर्मा सहित दर्जनों कार्यकर्ता गांव -गांव भर्मण किया।

# 14 सदस्यीय सारण एथलेटिक्स टीम अहमदाबाद रवाना

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। सारण की 14 सदस्यीय एथलेटिक्स टीम गुजरात के अहमदाबाद के लिए रवाना हुई. टीम को सारण जिला एथलेटिक्स संघ के महासचिव राजेंद्र कुमार सिंह और प्रायोजक ई.अजित कुमार सिंह ने रवाना किया. टीम छपरा जंक्शन से साबरमती एक्सप्रेस द्वारा अहमदाबाद के लिए रवाना हुई. वह एएफआई के तत्वावधान में 16 से 18 फरवरी को गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित 19 वीं नेशनल जूनियर इंटर डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स मीट के विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेगी. टीम को रवाना करते हुए महासचिव श्री सिंह और प्रयोजक श्री अजित ने उनका मनोबल बढ़ाया. उन्होंने आशा व्यक्त किया कि सारण की टीम प्रतिस्पर्धा में स्थान प्राप्त कर जिले का नाम देश के स्तर पर रोशन करेगी. टीम में अंडर 14 वर्ग के चंदन कुमार, निभा कुमारी, मनीषा कुमारी, प्रतीची कुमारी और रितु कुमारी तथा अंडर 16 वर्ग के कुंदन कुमार, रितिक कुमार सिंह, आयुष राज, अनीश चौरसिया, कनिष्क कुमार, रूस्तम कुमार और गूँजा कुमारी शामिल हैं. चंदन कुमार सिंह टीम मैनेजर और कमलजीत कुमार टीम कोच के रूप में रवाना हुए. श्री सिंह ने बताया कि सभी टीम सदस्यों की इंट्री एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के पोर्टल पर पूर्व में किया जा चुका है. टीम के रवाना होने पर पर राजकिशोर तिवारी, मृत्युंजय कुमार सिंह, यशपाल सिंह, चंदन कुमार सिंह, बंटी कुमार, विनय कुमार पंडित, निलाभ कुमार, श्वेता कुमारी, आशीष राज, संजय कुमार सिंह, जिला मीट के संयोजक नीतीश पांडेय तथा अमित कुमार सिंह उपस्थित थे।

# कचरा घर बनाए जाने पर ग्रामीणों का विरोध-प्रदर्शन

प्रात : किरण, संवाददाता

भेल्दी(सारण)। अमनौर प्रखण्ड के मदारपुर पंचायत के बांसडीह गवन्द्री छठ घाट के समीप कचरा घर बनाए जाने के विरोध में मंगलवार को ग्रामीणों ने विरोध-प्रदर्शन किया। बांसडीह व गवन्द्री गांव के ग्रामीण अखिलेश सिंह,उमेश सिंह,प्रदीप सिंह,सोनालाल ठाकुर,रामभगवान सिंह,परमानंद सिंह,सुभाष सिंह,सुनील कुमार सिंह,पशुपतिनाथ सिंह,अवधेश सिंह,केशव शर्मा,अमरनाथ सिंह,पप्पु कुमार सिंह,शैलेंद्र सिंह,सुनील पंडित,मुन्नीलाल बैठा,मनोज सिंह,निकेश सिंह,हीरालाल सिंह,सुरेश सिंह,राघव सिंह,बच्चा सिंह,अशोक कुमार सिंह,पवन कुमार सिंह,शिवपूजन सिंह,ज्ञानी प्रसाद सिंह,एस एन दास आदि का कहना है कि बांसडीह व गवन्द्री छठ घाट पर लोक आस्था के महापर्व पर सैकड़ों छठ व्रती अर्घ्य देने के लिए जुटती हैं।धर्म स्थल पर कचरा घर बनाने से श्रद्धालुओं को अत्यधिक परेशानी होगी।मदारपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि टीपू राय मौके पर पहुंचे और लोगों को आश्वस्त किया कि प्रखण्ड प्रशासन निर्माण करवा रहा है जब लोग यहां बनाने का विरोध कर रहे हैं तो कचरा घर नहीं बनाना तब जाकर लोग शांत हुए और अपने-अपने घर चले गए।

# चौपाल लगाकर मशरक पुलिस ने ग्रामीणों को किया जागरूक

प्रात : किरण, संवाददाता

मशरक। मशरक के गांवों को अपराध मुक्त बनाने, अवैध शराब पर रोक,महिला उत्पीड़न को रोकने व साइबर अपराधों के प्रति सजग रहने के लिए थाना पुलिस ने कई गांवों में चौपाल लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया। मौके पर सर्कल इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह और थानाध्यक्ष धनंजय राय के नेतृत्व मे पुलिस टीम ने क्षेत्र के धवरी गोपाल, गोढ़ना बाजार ,बंगरा ,अरना और चांद कुदरिया गांव में चौपाल लगाई। मौके पर सरस्वती पूजा को लेकर विशेष सावधानी बरतने की अपील की गयी थानाध्यक्ष धनंजय राय ने बताया कि विधा की देवी मां सरस्वती ज्ञान देती है जिंससे समाज में आदमी का शिक्षित विकास होता है इसलिए पूजा-अर्चना शांतिपूर्ण तरीके से करना हैं डीजे बजाने पर रोक लगाई गयी हैं यदि किसी भी प्रकार की अवांछनीय तत्वों के द्वारा कोई भी गड़बड़ी की जाएंगी तों उनके उपर कानूनी कार्रवाई की जाएंगी। उन्होंने ग्रामीणों से निवेदन किया कि गांव में किसी भी तरह की कोई भी अवैध गतिविधी या अवैध शराब निर्माण,भंडारण की जाती है तों इसकी सूचना उन्हें दे सूचना देने वाले की जानकारी गुप्त रखी जाएंगी। इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह ने ग्रामीणों को डायल-112 आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पुलिस इंस्पेक्टर और थानाध्यक्ष ने सभी ग्रामीणो को बताया कि गांव का माहौल बिगाड़ने पर पुलिस की विशेष नजर हैं आज कल युवा वर्ग सोशल इंटरनेट का जमकर इस्तेमाल कर रहे हैं वहीं उनको साइबर खतरों की जानकारी भी बहुत जरूरी है।

# मशरक में मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी ने किया पदभार ग्रहण

प्रात : किरण, संवाददाता

मशरक। मशरक प्रखंड मुख्यालय स्थित मनरेगा भवन के सभागार में रिविलगंज से स्थांतरित होकर आए मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी संजय साव ने पदभार ग्रहण किया। मौके पर प्रखंड दुरगौली मुखिया प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह,जजौली मुखिया प्रतिनिधि वरूण यादव की मौजूदगी में मनरेगा के सभी पंचायत के पीआरएस मौजूद रहें। आपकों बता दें कि मशरक में कार्यरत मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी प्रमोद यादव का तबादला दरियापुर हुआ है। मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी प्रमोद यादव से पदभार ग्रहण के बाद मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी संजय साव ने सभी से परिचय प्राप्त किया। वहीं उन्होंने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के पंचायतों में सरकारी योजनाओं को सत प्रतिशत लागू करना ही मेरी पहली प्राथमिकता है। मनरेगा के तहत मजदूरों को अधिक से अधिक काम देने के लिए पंचायतों में योजनाओं को चालू किया जाएगा।

# पैशेंट प्लेटफार्म से जुड़े सदस्यों द्वारा आईडीए अभियान में मिल रहा है भरपूर सहयोग: डॉ दिलीप सिंह

प्रात : किरण, संवाददाता

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि इस बार गड़खा, मांझी और सोनापुर के अलावा पेशेंट प्लेटफार्म से जुड़े सदस्यों का भी सहयोग लिया जा रहा है, जो लक्षित समूह को दवा खिलाने में सहयोग कर रहे हैं। हालांकि पिछली बार पेशेंट सपोर्ट ग्रुप से जुड़े नेटवर्क सदस्यों द्वारा सहयोग किया गया था। जबकि इस बार भी इन दोनों का सहयोग लिया जा रहा है। लिहाजा काफी हद तक सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहा है। लेकिन इस बार दवा खिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा हैं, कि लक्षित समूह को दवा खिलाने में हम लोग कामयाब होंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### रेडियो दिवस के अवसर पर काराधीन बंदियों को किया गया जागरूक



आरा। अंतर्राष्ट्रीय रेडियो दिवस के अवसर पर मंडलकारा, आरा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, भोजपुर, आरा के तत्वाधान में सभी काराधीन बंदियों को जेल में स्थित रेडियो के माध्यम से जागरूक किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, भोजपुर, आरा के सचिव, गौतम कुमार ने जेल में स्थित रेडियो केंद्र से नालसा की योजनाओं से सभी काराधीन बंदी को विधिक रूप से जागरूक किया एवं कानून की विशेष जानकारी भी इनके द्वारा प्रदान की गई। विदित हो की जेल में अपना रेडियो का उद्घाटन माननीय उच्च न्यायालय पटना के न्यायमूर्ति सह व्यवहार न्यायालय भोजपुर के निरीक्षी न्यायाधीश नवनीत कुमार पांडे द्वारा किया गया था। इस अवसर पर प्रतिनियुक्ति पैनल अधिवक्ता, कृष्ण गोपाल मिश्रा, जेल अधीक्षक गौरव कृष्ण, जेल उपाधीक्षक राजेश मिश्रा, सहायक अधीक्षक शबनम प्रिया के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

### प्रदेश नेता अनिल दुबे के द्वारा प्रधानमंत्री के कार्यों की जा रही चर्चा

भभुआ कैमुर। भभुआ विधान सभा के भभुआ प्रखंड के हर पंचायत के सभी गांवों में जा जा कर प्रधानमंत्री जी के द्वारा किए गए कार्यो की विस्तृत चर्चा किया जा रहा है। जिसमें भजपा के प्रदेश कार्य समिति के सदस्य अनिल दुबे, भजपा जिला प्रभारी सुरेश शर्मा और जिला महामंत्री संतोष खरवार व उनके साथ भाजपा कार्यकर्ता भी शामिल रहे। पंचायत के हर गांव के दलित और महादलित बस्तियों में संपर्क कर बीजेपी के गांव चलो अभियान के तहत ग्रामीणों के बीच जाकर जनता के हर सुख दुख में साथ देने का वादा करते हुए माननीय प्रधानमंत्री महोदय द्वारा जनहित में चलाए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी जा रही है। अबकी बार 400 पार किनारा लगाते हुए गांव-गांव जाकर भाजपा द्वारा किए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी से ग्रामीणों को अवगत करा रहे हैं।

### सरस्वती पूजा समितियों के समक्ष संकट

काराकाट (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार अहले सुबह तेज हवा गरज के साथ बारिश होने लगी। इससे पूर्व देर रात्रि से ही आसमान में काले बादल छाये थे और बादल गरज के साथ बिजली चमक रही थी। अहले सुबह से तेज हवा के साथ बारिश शुरू हुई। जिससे ठंड व कनकनी बढ़ गयी। बारिश के कारण सरस्वती पूजा के पंडाल को भी नुकसान पहुंचा हैं। अचानक मौसम का मिजाज बदलने व बारिश होने से लोग छाता व प्लास्टिक और रेन कोट का सहारा लेकर घरों से बाहर निकले। दुकानदार तेज हवा के बीच प्लास्टिक त्रिपाल बांधकर दुकान लगाये। स्कूल जाने वाले छात्र छात्राएं व कार्यालय जाने वाले कर्मी व अपने गन्तव्य को जाने वाले लोग रेन कोट व छाता का सहारा लेकर अपने-अपने गन्तव्य स्थल की ओर गए। तेज आंधी व बारिश में पूजा पंडाल को नुकसान अहले सुबह तेज हवा व बारिश होने से कई सरस्वती पूजा पंडाल व विवाह समारोह के पंडाल को काफी नुकसान पहुंचा है। कई तैयार पंडाल बारिश और हवा में गिर गये। तेज हवा के कारण कई घरों की छतों पर रखी पानी टंकी के ढक्कन सहित अन्य सामान उड़ गये। मूर्तिकारों को भी तैयार प्रतिमा को बारिश से बचाकर रखना पड़ा। प्रखंड के कई छोटे सरस्वती पूजा कमिटी के सदस्यों को बारिश होने से काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### 9 लीटर देसी शराब बरामद , एक कारोबारी गिरफ्तार, दूसरा फरार

बिक्रमगंज(रोहतास) राजपुर एवं सूर्यपुरा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर देसी शराब किया बरामद , एक कारोबारी गिरफ्तार दूसरा फरार । राजपुर थानाध्यक्ष शशि भूषण कुमार ने कहा कि थाना क्षेत्र के पकड़ी गांव से 8 लीटर देसी शराब बरामद किया गया । उन्होंने कहा कि पुलिस की भनक लगते ही कारोबारी भागने में सफल रहा । इस मामले में पुलिस जांच कर रही है । तो वहीं दूसरी ओर सूर्यपुरा पुलिस ने थाना क्षेत्र के हुकाडीह निवासी वीरेंद्र कुमार को एक लीटर महुआ शराब के साथ रतनपट्टी से रंगेहाथों गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष प्रिया कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया ।

### 500 लीटर महुआ शराब को पुलिस ने किया विनष्ट

बिक्रमगंज(रोहतास):सूर्यपुरा थाने की पुलिस ने महुआ पास शराब को किया विनष्ट। थानाध्यक्ष प्रिया कुमारी ने कहा कि थाना क्षेत्र के जमुआड़ा व रतनपट्टी दलित बस्ती में छापेमारी कर दोनों चिन्हित स्थलों से कुल पांच सौ लीटर महुआ पास शराब को पुलिस अधिकारी की देखरेख में पुलिस कर्मियों द्वारा विनष्ट किया गया।

# भाकपा माले विधायक मनोज मंजिल समेत 23 को उम्रकैद, हत्या के मामले में भोजपुर कोर्ट ने सुनाया फैसला

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। भोजपुर के अगिआंव विधायक से माले विधायक मनोज मंजिल को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है।2015 विधानसभा चुनाव के समय जेपी सिंह नाम के व्यक्ति की हुई थी हत्या।उसी मामले में आरा सिविल कोर्ट एडीजे 3 के द्वारा विधायक सहित 23 को उम्रकैद और अर्थदंड की सजा सुनाई गई है।आरा कोर्ट में विधायक के सैकड़ों समर्थक पहुंचे साथ में तरारी से माले विधायक सुदामा प्रसाद भी विधायक मनोज मंजिल से मिलने पहुंचे।

**मनोज मंजिल को उम्रकैद :** 9 साल पुराने मामले में मनोज मंजिल को ये सजा हुई है।बता दें कि विधानसभा की सुरक्षित सीट अगिआंव से मनोज मंजिल 2019 में पहली बार विधायक बने थे।माले में ये लगातार सक्रिय भी रहे हैं।उनके खिलाफ सजा का ऐलान आरा की एमपी/एमएलए कोर्ट के द्वारा किया गया है।

मनोज मंजिल के साथ ही अन्य 22 लोगों को भी कोर्ट ने सजा सुनाई है।कोर्ट द्वारा सजा सुनाते ही विधायक मनोज मंजिल को पुलिस ने डिटेन कर लिया।

**मनोज मंजिल की विधायकी पर खतरा :** सजा का ऐलान होते ही विधायक मनोज मंजिल को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।उन्हे कोर्ट के निर्देश पर जेल लेकर जाया जाएगा।उनके वकील इस फैसले के खिलाफ उच्च अदालत में अपील करेंगे।ऐसे में अगर ऊपरी अदालत से राहत नहीं मिलती है तो इनकी विधायकी पर भी खतरा है।बता दें कि दो साल से ऊपर की सजा पर जनप्रतिनिधि कानून अधिनियम के तहत इनकी विधायकी भी जानी तय है।

## शनल टीचर्स कौंसिल द्वारा आयोजित में ज्ञान ज्योति के बच्चों ने ओलम्पियाड में दर्ज किया रिकॉर्ड

प्रात: किरण संवाददाता




आरा। राष्ट्रीय स्टार पर नेशनल टीचर्स कौंसिल द्वारा आयोजित ओलम्पियाड के परिणाम आते ही सम्पूर्ण ज्ञान ज्योति परिवार में तब हर्ष का वातावरण व्याप्त हो गया जब इस विद्यालय के छियालीस विद्यार्थियों ने विभिन्न स्पधार्ओं के अंतर्गत आयोजित नेशनल लेवल मैथमेटिक्स ओलम्पिआड, नैशनल लेवल साइंस ओलम्पिआड एवं आल इंडिया टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन में गोल्ड मैडल और सिल्वर मैडल की लाइन लगा दी। ज्ञान ज्योति के कक्षा दस के आतिफ अकरम ने फर्स्ट रैंक पर आकर ज्ञान ज्योति के साथ साथ अपने माता पिता को भी गौरान्वित किया। विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. आदित्य बिजय जैन तथा प्रिंसिपल डॉ. सीपी जैन ने अपने हाथों आतिफ अकरम को इनके पिता मो. फैज अकरम की उपस्थिति में सर्टिफिकेट और गोल्ड मैडल के साथ साथ दस हजार रुपये का चेक प्रदान किया जो इस परीक्षा के लिए नैशनल टीचर्स कौंसिल के द्वारा जारी किया गया था। एक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सभी सफल बच्चों भी सर्टिफिकेट्स एवं मैडल प्रदान करने में विद्यालय स्वयं को गौरानवित महसूस कर रहा था।

बच्चों की तालियों की गूँज ने वातावरण को उत्तेजित कर रखा था। पचीस बच्चों ने गोल्ड मैडल प्राप्त किया जिसमें, सौम्य राज, कक्षा पांच, अक्षत अग्रवाल कक्षा पांच, आयुष्मान कुमार कक्षा पांच, श्रेष्ठ बिजय जैन कक्षा पांच, अभिषेक कुमार कक्षा छः, भावेश कुमार कक्षा छः, आयुष राज कक्षा छः, रचना तिवारी कक्षा सात, रूद्र कुमार कक्षा सात, आर्यन राज कक्षा आठ, प्रिंस कुमार सिंह कक्षा आठ, हरीश कुमार कक्षा दस तथा रंजीत कुमार कक्षा दस और आतिफ अकरम कक्षा दस के हैं।

## श्रीराम लला के दर्शन के लिए 1344 श्रद्धालुओं लेकर आस्था स्पेशल ट्रेन रवाना

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर रेलवे जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या एक से सोमवार की रात 8:45 बजे भाजपा एमएलसी डॉ तरुण चौधरी, भाजपा नेता जगरनाथ ठाकुर एवं भाजपा जिला अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा के द्वारा हरी झंडी दिखाकर आस्था स्पेशल ट्रेन को रवाना किया गया। 20 बोगियों वाले इस ट्रेन की सभी बोगियां स्लिपर श्रेणी की है। जिसमें कुल 1344 श्रद्धालु यात्री श्रीराम लला के दर्शन के लिए अयोध्या रवाना हुए। समस्तीपुर जिले के अलावा दरभंगा, मधुबनी व आस-पड़ोस के जिलों से भी श्रद्धालु यात्रियों ने भारी संख्या में बुकिंग करवाने को लेकर 2000 से अधिक आवेदन आए थे। जिसमें से 1344 श्रद्धालु यात्रियों का टिकट कंफर्म हुआ। ट्रेन रवाना होने से पूर्व ट्रेन खुलने के इंतजार में बैठे यात्रियों के लिए समस्तीपुर रेलवे जंक्शन पर टेंट पंडाल लगाया गया था। जहां यात्रियों के लिए भजन कीर्तन की भी व्यवस्था की गई थी। ट्रेन की बोगियों में सबसे अधिक महिला श्रद्धालु यात्री शामिल थी। सभी भजन कीर्तन व राम धुन का गीत गा रहीं थी। वहीं श्रद्धालु व भाजपा कार्यकर्ता जय श्री राम का नारा लगा रहे थे। भाजपा एमएलसी डॉक्टर तरुण कुमार चौधरी ने कहा कि अयोध्या तो एक झांकी है काशी मथुरा बाकी है। वहीं इस ट्रेन में यात्रियों को निशुल्क भोजन पानी की व्यवस्था की गई है। मौके पर एमएलसी डॉ तरुण कुमार चौधरी, भाजपा नेता जगरनाथ ठाकुर, भाजपा जिला अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा समेत भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। यात्रियों की सुरक्षा के लिए ट्रेन के बोगियों में आरपीएफ व जीआरपी के जवानों को तैनात किया गया है। वहीं ट्रेन के रवाना होने तक समस्तीपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर सुरक्षा के बाहर इंतजाम किए गए थे।

## नृत्य कला में प्रतिभाओं के सृजन के लिये अपनाया शिक्षा जगत : आदित्या

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। बसंत के बयार में अबीर गुलाल की बौछार के साथ कला व संगीत की खुश्बू बिखरी। अवसर था राजकीय उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, पिपरा (बनियापुर, सारण) में बसंत उत्सव का। नव नियुक्त प्रशिक्षु अध्यापिका आदित्या के साथ विद्यालय की छात्राओं ने नृत्य के गुर सीखे और प्रदर्शन किया। सरकारी विद्यालय का यह नजारा और भी खूबसूरत था जहां विद्यार्थियों ने कला व संगीत के रंग बिखेरे। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाध्यापक श्री अवधेश कुमार चौधरी व आयोजन की संयोजिका सह नृत्य विषय की नव नियुक्त प्रशिक्षु अध्यापिका आदित्या ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर अध्यापिका आदित्या ने कहा कि भावी पीढ़ी की प्रतिभा का शिक्षा कला और संस्कृति के क्षेत्र में सृजन करने हेतु ही शिक्षा जगत में आई हूं। नई पीढ़ी के अंदर असीम प्रतिभा है जिन्हें निखारने की आवश्यकता है और इसमें शिक्षकों की अहम भूमिका हो सकती है। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक श्री चौधरी ने कहा कि कला और संगीत से संस्कार का निर्माण होता है। सरकार द्वारा विद्यालयों में कला के प्रशिक्षकों के पदस्थापन से एक सुखद वातावरण की कल्पना की जा सकती है। इस अवसर पर नृत्य अध्यापिका आदित्या के निर्देशन में वर्षा कुमारी, अर्चना पाण्डेय, रागिनी सिंह, आरती कुमारी, शिवानी सिंह, काजल कुमारी, पलक कुमारी, स्वीटी कुमारी, निशु कुमारी , रुचिता कुमारी, श्वेता यादव, श्वेता सिंह, मुस्कान कुमारी, पुष्पा प्रजापति, अदिति शर्मा ने सरस्वती वंदना " जय मां सरस्वती भवानी" पर माता सरस्वती की विभिन्न भाव भंगिमाओं को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। वहीं कथक नृत्यांगना स्नेहा पाण्डेय ने कथक की शुरूआत गणेश वंदना से करते हुये तीनताल में उपज, ठाट, आमद परन व होली " मोहन खेले होरी संग राधिका गोरी" पर अभिनय प्रस्तुत कर अद्भुत समां बांधा। इस कार्यक्रम में उत्तम पाण्डेय ने बसंत की बहार पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

## सात सूत्री मांगों को लेकर पशु स्वास्थ्य रक्षा टीकाकर्मी संघ ने किया प्रदर्शन

विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता



सात सूत्री मांगों को लेकर बिहार राज्य पशु स्वास्थ्य रक्षा टीकाकर्मी संघ सह मैत्री संघ ने विभूतिपुर प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय के सामने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे कर्मियों का कहना था कि पूर्व में सात-सूत्री मांग को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के माध्यम से विभाग को दिया गया था। लेकिन विभाग के द्वारा विचारणीय नही होने के हवाला देते हुए मांग पत्र को ठुकरा दिया गया। प्रखंड नोडल से लेकर जिला पशुपालन पदाधिकारी राज्य स्तरीय पदाधिकारी द्वारा विभाग में मानव बल की कमी होने का हवाला देते हुए बहाली करने का मौखिक आश्वासन दिया था। न ही मैत्री संघ के साथियों को मासिक वेतन एवं न ही कोई विचार किया गया। जिससे हम लोग ठगा महसूस कर रहे हैं। हम लोगों की मांग अगर पूरा नहीं होती है तो हम लोग टीकाकरण का अनिश्चितकालीन बहिष्कार कर दूसरा दिन प्रदर्शन जारी है। धरना प्रदर्शन में अंजनी कुमार, मनीष कुमार, रंजीत कुमार, बिंदेश्वर राय, प्रेम प्रकाश, ललन कुमार, अखिलेश प्रसाद, कैलाश कुमार, अमनीश कुमार, राज नारायण, कमल सिंह, शशिकांत कुमार, सुनील कुमार, शिवम कुमार, हरिवंश सिंह आदि शामिल थे।

## कैमूर जिला से सटे सीमावर्ती जिलों की सीमा पर वाहनों की चेकिंग का अभियान चलाया जाए

प्रात: किरण संवाददाता



भभुआ कैमुर। जिला पदाधिकारी कैमूर सावन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक ललित मोहन शर्मा के द्वारा अंतर्राज्यीय सीमावर्ती जिला समन्वय हेतु बैठक की गई। आगामी लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के सफल संचालन हेतु बैठक का एजेंडा जाली नोटों की तस्करी/राउंड क्लॉक चेकिंग/ देसी/ अंग्रेजी शराब/ विस्फोटक पदार्थ का संरक्षण/ चेक पॉइंट/ जिला बदर/ नशीले पदार्थो की तस्करी/ अंतराज्यीय संचार समन्वय/ नक्सल प्रभावित क्षेत्र इत्यादि थे। कैमूर जिला से सटे सीमावर्ती जिलों की सीमा पर वाहनों की चेकिंग का अभियान चलाया जाए। कैमूर जिला से सटे सीमावर्ती जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से लगातार समन्वय स्थापित किया जाए तथा सीमावर्ती क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारी स्तर पर भी समन्वय स्थापित करते हुए चुनाव के दौरान आने वाली समस्याओं से संबंधित सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जाए।

## सरस्वती पूजा के अवसर पर थाना परिसर में की गई शांति समिति की बैठक

प्रात: किरण संवाददाता



कुदरा(कैमूर) थाना परिसर में सरस्वती पूजा के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु की गई शांति समिति की बैठक। आपको बताते चलें कि पौराणिक कथाओं के अनुसार माघ शुक्ल पक्ष पंचमी तिथि को मां सरस्वती हाथों में पुस्तक वीणा और माला लिए श्वेत कमल पर विराजमान हो प्रकट हुई थी, जिस वजह से इस दिन सरस्वती पूजा मनाया जाता है। सरस्वती को साहित्य, संगीत, कल की देवी माना जाता है उसमें विचारण भावना एवं विविध समन्वय है। वीणा संगीत की, पुस्तक विचारणा की, और (हंस) वाहन कलां की अभिव्यक्ति है। सरस्वती की आराधना से रोग शोक चिंताएं और संचित विकार दूर होता है। लोक चर्चा में सरस्वती को शिक्षा का देवी माना गया है, सतत अध्ययन ही सरस्वती की सच्ची आराधना है। इस वर्ष माघ शुक्ल पक्ष पंचमी तिथि बसंत पंचमी 14 फरवरी दिन बुधवार को मनाया मनाया जाएगा। जिस अवसर पर थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस निरीक्षक दिलीप कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को कुदरा थाना परिसर में पूजा समिति के सदस्यों, सामाजिक कार्यकताओं, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मियों की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक संपन्न हुआ। पुलिस निरीक्षक द्वारा आग्रह किया गया कि पूजा पाठ एवं त्योहार शांति व सौहार्द का प्रतीक है, सभी मिलजुल कर मनाएं एवं अश्लील गानों का प्रयोग ना करें।बैठक में उपस्थित महानुभावों के सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया की मूर्ति विसर्जन के दौरान डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा।अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए अपने देखरेख में सरस्वती पूजा का संचालन कराना सुनिश्चित करेंगे।

## चॉंद अपहरण कांड में वर्तमान प्रमुख अनिल सिंह गिरफ्तार

भभुआ (कैमूर) चॉंद थाना में स्व०लक्ष्मण सिंह के पुत्र भानू प्रताप सिंह के द्वारा प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी थी इनके भतीजा सतीश सिंह को वर्तमान प्रमुख अनिल सिंह, उनके भाई मुनी लाल सिंह एवं धर्मेन्द्र सिंह के द्वारा अपहरण कर लिया गया है। इन्होंने बताया कि इनके भतीजा सतीश सिंह के द्वारा वर्तमान प्रमुख अनिल सिंह के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था इसी प्रस्ताव को उठाने के लिए ये घटना को अंजाम दिया गया है। कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही थी।

## पंडाल सजधज कर तैयार, आज विराजेंगी मां शारदे की प्रतिमाएं

प्रात: किरण संवाददाता



बिक्रमगंज(रोहतास):बिक्रमगंज अनुमंडल मुख्यालय अंतर्गत सभी प्रखंडों के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में मां सरस्वती स्थापना के लिए पंडालों में तैयारी पूरी कर ली गई है । बीते दो दिनों से पूर्व मां सरस्वती पूजा समिति के लोग पंडाल को अंतिम रूप देने में जुटे हुए थे । तो वहीं दूसरी ओर मूर्तिकारों के द्वारा भी मां शारदे की प्रतिमा को अंतिम रूप दिया जा चुका है ।

मंगलवार को देर रात तक लोग मां सरस्वती की प्रतिमा को मूर्तिकार के यहां से पंडालों में स्थापित करने के लिए ले जाते हुए दिखाई दिए । ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में सरस्वती पूजा को लेकर अच्छा खासा उत्साह देखने को मिला । अनुमंडल मुख्यालय सहित सभी प्रखंडों के ग्रामीण व शहरी अंचलों के अन्य बाजारों में सरस्वती पूजा को लेकर काफी चहल-पहल देखी गई ।

**सजावट की दुकानों पर रही भीड़:** मंगलवार को विभिन्न बाजारों में सजावट के दुकानों पर काफी भीड़ देखने को मिली ।

एक सप्ताह पूर्व से ही सजावट विक्रेताओं के द्वारा दुकानों पर सजावट लाकर रखा गया था । वहीं शहर के इलेक्ट्रानिक दुकान संचालक विकास कुमार ने बताया कि अनुमान के मुताबिक सजावटों की बिक्री हो रही है । हालांकि सजावटों के मूल्य में कोई खास इजाफा नहीं हुआ है । उन्होंने कहा कि बुधवार को भी दोपहर तक अच्छी बिक्री होने की उम्मीद है ।

## आंगनबाड़ी नव निर्माण हेतु भोजपुर जिला अंतर्गत एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर का किया गया आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता




आरा। विद्या भवन सभागार में बाला मॉडल कॉन्सेप्ट पर आंगनबाड़ी नव निर्माण हेतु भोजपुर जिला अंतर्गत एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता ग्रामीण विकास अभिकरण के निर्देश प्रमोद कुमार ने किया। इस मौके पर ग्रामीण विकास अभिकरण के सह परियोजना निदेशक शालिनी प्रज्ञा , कार्यपालक अभियंता मनरेगा, सहायक अभियंता मनरेगा सहायक परियोजना पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षक के रूप में श्री आशीष यादव कन्या अभियंता मनरेगा नालंदा उपस्थित रहे। निर्देशक प्रमोद कुमार ने बताया कि बाला मॉडल कॉन्सेप्ट पर आंगनबाड़ी का नवनिर्माण अपने आप में एक महत्वपूर्ण योजना है इसके तहत छोटे बच्चों से जुड़े सभी चीजों को ध्यान में रख रखकर इसको विकसित किया जा रहा है । सहायक निदेशक शालिनी प्रज्ञा ने कहा कि इस वाला मॉडल कॉन्सेप्ट पर आंगनबाड़ी के नौ निर्माण होने से बच्चों को अच्छे ढंग से खेलने और सीखने का मौका मिलेगा जिले में बहुत जल्द ही कई आंगनबाड़ी केंद्र विकसित किए जाएंगे ।

इस प्रशिक्षण में भोजपुर जिले के सभी प्रखंडों के कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा कनीय अभियंता मनरेगा एवं पंचायत तकनीकी सहायक ने भाग लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एम आई एस आफिसर, अंकेक्षण सहायक की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## 42 एनसीसी बटालियन के कर्नल ने एनसीसी प्रभारियों के साथ की बैठक

प्रात: किरण संवाददाता



सासाराम/ रोहतास :जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में पदस्थापित एनसीसी प्रभारीयों के साथ 42 एनसीसी बटालियन के कर्नल डीएस मलिक ने सासाराम में बैठक की। एनसीसी कर्नल ने बताया कि जिले के विभिन्न शैक्षिक संस्थानों में पदस्थापित एनसीसी प्रभारीयों के साथ सासाराम एनसीसी कार्यालय परिसर में आयोजित बैठक में कई निर्देश दिए गए। इस दौरान एनसीसी को लेकर सरकार के निर्धारित लक्ष्य को जानकारी दी गई। बताया गया कि एनसीसी का लक्ष्य 15 लाख से 25 लाख हो गई है। देश के प्रधानमंत्री तथा रक्षा मंत्री भी एनसीसी हैं।

उन्होंने कहा कि एनसीसी हमेशा डिसिप्लिन का संदेश देते हैं। इससे आगे की शिक्षा में उससे कई लाभ मिलते हैं।

## 18 हजार रुपये का कटा ऑनलाइन चालान

नसरीगंज(रोहतास)। मंगलवार को वरीय पदाधिकारियों के दिशा-निर्देश पर नासरीगंज पुलिस ने थानाध्यक्ष के नेतृत्व में चलाया वाहन जांच अभियान । जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि वरीय पदाधिकारियों के दिशा-निर्देश पर थाना क्षेत्र के दाऊदनगर मोड़ के समीप पुलिस ने वाहन जांच अभियान चलाया । उन्होंने कहा कि वाहन जांच के क्रम में पुलिस पदाधिकारियों के द्वारा वाहन चालकों से 18 हजार रुपये का ऑनलाइन चालान काटा गया । श्री कुमार ने कहा कि वाहन जांच अभियान निरंतर चलता रहेगा । वाहन जांच के क्रम में पदाधिकारियों ने चालकों का हेलमेट , ड्राइविंग लाइसेंस , डिक्की सहित अन्य बिंदुओं पर गहन रूप से जांच की ।

## तेज आंधी में मुर्गा फार्म पर गिरा पेड़, फार्म शेड ध्वस्त, तीन हजार मुर्गा की हुई मौत

प्रात: किरण संवाददाता



काराकाट (रोहतास)। काराकाट प्रखंड आई तेज आंधी में गच्छई निवासी अविनाश कुमार सिंह उर्फ मंटू सिंह पिता रामयश्रय सिंह के मुर्गा फार्म के समीप लगे हुए विशाल पेड़ उखाड़ करके गिर गया। जिससे फार्म का शेड जहां ध्वस्त हो गया, वहीं फार्म में 5000 में से तीन हजार मुर्गा का मौत हो गई । अविनाश कुमार सिंह ने बताया कि उसमें लगभग 5000 मुर्गा थे, जिनका वजन लगभग डेढ़ क्विंटल था। उन्होंने ने कहा कि इस संबंध में लिखित आवेदन अंचलाधिकारी को दिया गया है। अंचलाधिकारी ने तत्काल ग्राम सेवक को इसकी जांच के लिए घटना स्थल पर भेजा । मंटू सिंह ने बताया कि 7:30 लाख का मुर्गा और 10 लाख का फॉर्म बर्बाद हो गया है। सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकताओं ने मुर्गा पालक मंटू सिंह 20 लाख रुपया मुआवजा देने की मांग की। अंचलाधिकारी जितेंद्र कुमार से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि ग्राम सेवक को भेज करके इस मामले का जांच कर हूं तथा मुआवजा के लिए आगे आवेदन को अग्रसारित कर रहा हूं। जितना मेरे अधिकार में होगा उतना हम मदद करेंगे।

## 500 मूल्यवान निजी कंपनियों की सूची का तीसरा संस्करण पेश

बरगंडी प्राइवेट, एक्सिस बैंक के प्राइवेट बैंकिंग बिजनेस और हुरुन इंडिया ने 2023 बरगंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया 500 लांच किया, जो भारत की 500 सबसे मूल्यवान कंपनियों की सूची का तीसरा संस्करण है। इन कंपनियों को उनके मूल्य के अनुसार स्थान दिया गया है, जिसे सूचीबद्ध कंपनियों के लिए बाजार पूंजीकरण और गैर-सूचीबद्ध कंपनियों के लिए मूल्यांकन के रूप में परिभाषित किया गया है। इस सूची में कंपनियों को शामिल करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2023 थी। इस सूची में केवल भारत में मुख्यालय वाली कंपनियों को शामिल किया गया है। इसमें सरकारी स्वामित्व वाली कंपनियां और विदेशी या भारतीय कंपनियों की सहायक कंपनियां शामिल नहीं हैं। एक्सिस बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ चौधरी ने कहा कि बरगंडी प्राइवेट को भारत की 500 सबसे अधिक मूल्यांकन वाली कंपनियों की सराहना के लिए हुरुन इंडिया के साथ फिर से साझेदारी करके खुशी हो रही है।

## नई आशा के द्वारा स्वाथ्य शिविर सह जांच कैम्प का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



कोईलवर। नई आशा संस्था के तत्वावधान में मंगलवार को कोईलवर प्रखंड के गीधा पंचायत के मिडिल स्कूल गीधा में स्वास्थ्य शिविर जांच कैम्प का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन डॉ मदन चंद्रा ने किया। इस अवसर पर उपस्थित उन्होंने कहा कि अपने घरों एवं आसपास में साफ-सफाई का ध्यान रखते हुए नशा से दूर रहें । किसी भी प्रकार के रोग होने पर निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में जाकर इलाज कराएं । आगे उन्होंने कहा कि समय से भोजन करना आवश्यक है। विशेष कर गर्भवती व धात्री महिलाओं को समय से भोजन के साथ मौसमी व सस्ते फल एवं हरी साग सब्जी खाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आप लोग किसी भी परिस्थिति में घरों में अपने परिवार का प्रसव न कराएं इससे जच्चा और बच्चा दोनों के जान जोखिम में रहता है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोईलवर में प्रसव से संबंधित उत्तम व्यवस्था है । सरकार द्वारा निशुल्क एंबुलेंस से प्रसव वाली महिला एवं परिजनों को अस्पताल लाने पहुंचाने की व्यवस्था है। अस्पताल में बच्चे का जन्म होने पर जन्म प्रमाण पत्र भी निःशुल्क बन जाता है।

उन्होंने बंधकरण के लिए भी प्रोत्साहित किया।प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक शंभू कुमार ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी लोगों को दी। और किसी भी प्रकार का स्वास्थ्य संबंधित दिक्कत होने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोईलवर आने की सलाह दी। आज के स्वास्थ्य जांच कैंप में 137 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इनमें 12 गर्भवती महिलाओं की जांच किया गया। इनमें से तीन विशेष रूप से एनीमिया से ग्रसित थीं जिनका ब्लड 7 ग्राम से कम था। उन्हें आयरन और कैल्शियम की दवाई दी गई। एक अधेड़ जिनका शुगर बढ़ा हुआ था, उनके साथ कई लोगों को सर्दी जुकाम व चर्म रोग की दवाइयां दी गई। इस अवसर पर आधार कार्ड शिविर भी लगाया गया था। बिजली बाधित होने के कारण कार्य प्रणाली में दिक्कतें आई। मौके पर डॉ शिवशंकर कुमार, डॉ जियाउल हक, सीएचओ मंशा तिवारी , रविंद्र कुमार एवं विकास मित्र धरमु राम मौजूद रहे ।

## मन के विपयार्यो को समझें : स्वामी मुकुन्दानन्द

आरा। ज्ञान तो जीवन में हम बोहत प्राप्त करते हैं। जन्म से लेके मृत्यु तक हैं कोई न कोई ज्ञान के आधार पर जीते हैं, और हम सबके जीवन के आधारित ज्ञान के केंद्र अलग अलग हैं।

यानी यह सारांश मिलता है की जितना उच्च अपना ज्ञान होगा उतना ही उच्च कोटि का हमारा जीवन का अनुभव होगा। तो हम ऐसे सम्यक ज्ञान को कहा कैसे किस्से प्राप्त करें की हमारा जीवन सर्वोच्च स्थिति में हो और अपने इस जीवन का संपूर्ण उपयोग हम लें अपनी अभिवृद्धि के लिए। तो सबसे सर्वश्रेष्ठ ज्ञान हमारे धर्म ग्रंथों में बताया गया है, ज्ञान वही सही है जो ज्ञान भगवान के निकट, अपने अकाट्य सत्य स्वरूप परमात्मा तक ले जाए। इसी को कहते हैं ब्रह्म विद्या। इसी ब्रह्मविद्या का ज्ञान कराया स्वामीजी ने। जीवन के सभी नाते शरीर के हैं। जब हम आत्म हैं, तो आत्म के नित्य संबंधी तो परमात्मा ही हैं। जो दोस्ती और प्रेम हम संसार में स्थापित कर लेते हैं वो सब मृत्यु के बाद बिछड़ जाते हैं। तो जन्म मृत्यु नामक चक्र अकाट्य सत्य है। और इस सत्य को जितना हम सोचेंगे उतना संसार के सुख दुःख हमारे ऊपर कोई प्रभाव नहीं डाल पाएगी। इस अकाट्य ज्ञान को भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को बताया जो स्वामीजी ने आज प्रवचन में श्रोतागण को ज्ञात कराया। आध्यात्मिक ज्ञान का बीज है आत्मज्ञान। स्वामीजी ने सभी शास्त्र वेद के सम्मत ज्ञान का स्पष्टीकरण करते हुए अति मधुर विनोदकारी प्रसंगों के साथ अति सरल भाषा में गीता के ज्ञान को ऐसे प्रदान कर रहे हैं। भगवान की शरणागति के तत्त्वों को समझाते हुए स्वामीजी इस ज्ञान को कैसे क्रियान्वित करना है उसके सिद्धांत बताए। ज्ञान बस हम सुन लें और उसको क्रियान्वित न करें तो वो कोई उपयोग नहीं है।

अगर जीवन में परिवर्तन छाते हैं, भक्ति में प्रवेश चाहते हैं की हम भी भगवान के निकट जाएं, तो ज्ञान साधना को क्रियान्वित करना परम आवश्यक है। स्वामीजी ने इन तत्त्वों के अंत में बताया की गीता का सबसे प्रमुख उपदेश क्या है?

## संक्षिप्त खबरें

### एणडीए गंठबंधन हासिल करने पर जिला प्रवक्ता ने दी शुभकामनाएं

गया। गया में एनडीए गठबंधन द्वारा बिहार विधान सभा में शानदार बहुमत हासिल किए जाने पर जिला जनता दल यू के उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार दास, जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल,जिला उपाध्यक्ष मो0 शमीम अहमद,अरूण राव,मुंद्रिका कुमार भारती,प्रमोद मांझी आदि-जदयू नेताओं ने एनडीए गठबंधन के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई दिया है। डॉ कुमार ने कहा कि यह जीत लोकतंत्र की जीत बताया है। नेताओं ने कहा कि बिहार में भाजपा, जदयू, निर्दलीय विधायको ने नीतीश कुमार के नेतृत्व को कबूल किया है।

### मुख्यमंत्री विकास पुरुष आज भी मुख्यमंत्री हैं कल भी थे : कुमार गौरव

गया।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को विधानसभा में विश्वास मत हासिल करने पर बिसार तालाब स्थित युवा जदयू कार्यालय में युवा जदयू जिलाध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने बधाई देते हुए खुशी जाहिर की है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार मजबूती के साथ चलेगी और लोकसभा चुनाव में 40 की 40 सीट जीतेगी। युवा जदयू जिला अध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा से जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बार-बार पलटी मारने की सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि पलट तो बाकी लोग रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल भी बिहार के मुख्यमंत्री थे और आज भी बिहार के मुख्यमंत्री हैं। बिहार के विकास में लगे हुए हैं। जो लोग मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पलटू राम बोलते है उनको अपनी छवि को देखना चाहिए

### बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन जिला शाखा का विस्तार किया गया

गया। गया जिला में बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन जिला शाखा के कार्यसमिति की बैठक शहर के चांदचौरा मुहल्ला स्थित सिजुआर भवन में आयोजित की गई है।इस बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सूर्यप्रताप सिंह ने की है। इस बैठक के दौरान संगठन के विस्तार, सदस्यता अभियान, अनुमंडलस्तर पर यूनियन का गठन सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई है। इस बैठक के दौरान सर्वसम्मति से रंजन सिन्हा एवं सुभाष कुमार को कार्यसमिति सदस्य चुना गया है। इसके अतिरिक्त जयप्रकाश को संगठन सचिव एवं सादात अनवर प्रिंस को सचिव चुना गया है। इस बैठक के दौरान गया जिला के सदर, टिकारी, शेरघाटी व नीमचक बथानी में अनुमंडल स्तर पर समिति का गठन कर पत्रकारों को जोड़ने पर भी चर्चा की गई है। इस बैठक में संरक्षक कंचन कुमार सिन्हा, महासचिव गोपाल प्रसाद सिन्हा, कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार मिश्रा, रौशन कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### एसडीओ ने थाना परिसर में शांति समिति का किया बैठक

शेरघाटी।थाना परिसर में अनुमंडल पदाधिकारी सारा अशरफ के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, उक्त बैठक के दौरान सरस्वती पूजा के दौरान अश्लील गानों एवं डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाते हुए यह कड़ी निर्देश दिया उन्होंने कहा कि डीजे बजाने पर पकड़े जाने पर कार्रवाई की जाएगी साथी डीजे भी जप्त कर लिया जाएगा। वहीं बैठक के दौरान कहा गया की मूर्ति दूसरे दिन विसर्जन कर दिया जाए ताकि किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो सके, जबकि शहर में हो रहे जाम की समस्या से निजात पाने को लेकर भी यह चर्चा छाई रही उक्त बैठक के दौरान थाना अध्यक्ष शेरघाटी अजीत कुमार,प्रखंड विकास पदाधिकारी स्नेहिल आनंद,प्रमोद वर्मा दीनानाथ पांडे, राम लखन पासवान, पशुपतिनाथ पाठक, किशोर यादव,गुगन सिंह समेत कई लोग उपस्थित हैं।

### बिजली चोरी के आरोप में तीन लोग पर मुकदमा दर्ज

शेरघाटी। विद्युत विभाग की टीम ने छापेमारी करते हुए थाना क्षेत्र के पुष्प की गिरी कॉलोनी निवासी कौशल कुमार सिंह के खिलाफ 1लाख 30 हजार रुपए, महेंद्र साव 47 हजार,भुनेश्वर यादव अमर सिंह बाग 54 हजार रुपये का फाइंड लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि विद्युत विभाग के द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

### नंदकिशोर यादव को बिहार विधानसभा अध्यक्ष बनने पर दिया बधाई : रोशन

अरवल। बिहार विधानसभा के अध्यक्ष बनने पर पटना साहिब के लोकप्रिय विधायक नंदकिशोर यादव को भाजपा जिला प्रवक्ता रोशन कुमार यादव ने दिया बधाई। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की है और कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष को आभार जताया। आगे कहा कि नंदकिशोर यादव एक सुलझे हुए राजनीतिज्ञ हैं तथा उन्हें संसदीय कार्य का भी पुराना अनुभव है नंदकिशोर यादव का अध्यक्ष बनने से सदन का संचालन नियमावली से होगा तथा नंदकिशोर यादव का अनुभव का लाभ विधायक लोगों को मिलेगा।

# मैट्रिक परीक्षा में जूता मौजा पर रहेगी रोक, परीक्षार्थियों से अपील है कि जूता मौजा पहनकर परीक्षा में न आये

प्रात : किरण संवाददाता



गया। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना द्वारा आयोजित होने वाली वार्षिक माध्यमिक परीक्षा मैट्रिक2024 के अवसर पर स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन हेतु समुचित विधि व्यवस्था, परीक्षा संचालन तथा गोपनीयता बनाए रखने हेतु अपर समाहर्ता राजस्व एवं नगर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में संयुक्त ब्रीफिंग की गई है। इस बैठक में बताया गया कि इस वर्ष वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2024 आगामी 15 फरवरी 2024 से प्रारंभ होकर 23 फरवरी 2024 को समाप्त होगी। प्रत्येक वर्ष छात्र-छात्राओं की बढ़ती संख्या के कारण इस वर्ष वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2024 के लिए गया जिला अंतर्गत कुल 63 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें गया सदर अनुमंडल अंतर्गत 45, शेरघाटी अनुमंडल मुख्यालय अंतर्गत 09, टिकारी अनुमंडल मुख्यालय अंतर्गत 5, नीमचक बथानी अनुमंडल अंतर्गत 4 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं इस बैठक में अपर समाहर्ता द्वारा बताया गया कि गया जिला के अंतर्गत पड़ने वाले चारों अनुमंडल के अनुमंडल दंडाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक तथा जिन थानों के अंतर्गत परीक्षा केंद्र अवस्थित है। उनके थाना अध्यक्ष परीक्षा केंद्रों के आस पास भर्मणशील रहेंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा स्वच्छ वातावरण में कदाचार मुक्त संपन्न होना आवश्यक है। परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं स्वच्छ संपन्न कराने हेतुसभी अनुमंडल दंडाधिकारी द्वारा परीक्षा केंद्रों के आसपास 200 मीटर की दूरी तक धारा 144 के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू किया जा रहा है। केंद्राधीक्षक, स्टैटिक दंडाधिकारी को निर्देश दिया कि परीक्षा केंद्र पर मोबाइल, ब्लूटूथ या कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग किसी भी परिस्थिति में नहीं किया जाए। किसी भी परीक्षा केंद्र में कोई भी वीक्षक या कर्मी मोबाइल फोन परीक्षा के दौरान अपने पास नहीं रखेंगे। उन्होंने कहा कि यदि किसी परीक्षार्थी के पास किसी प्रकार का आपत्तिजनक उपकरण परीक्षा केंद्र के भीतर पाए जाते हैं, तो उन्हें नियमानुसार दंडित किया जाएगा। मैट्रिक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी परीक्षार्थियों के लिए जूता एवं मोजा पहनकर परीक्षा में शामिल होने पर प्रतिबंध है। अपने सुविधा अनुसार छात्र छात्राएं चप्पल पहनकर परीक्षा केंद्र आ सकते हैं। प्रथम पाली के परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के समय सुबह 9:30 बजे से 30 मिनट पूर्व सुबह 9:00 तक परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। इसी प्रकार द्वितीय पाली के परीक्षार्थियों को द्वितीय पाली परीक्षा प्रारंभ होने के समय 02:00 बजे से 30 मिनट पूर्व अर्थात अपराहन 1:30 बजे तक ही परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। दोनों पालियों के लिए निर्धारित समय के बाद अर्थात विलंब से आने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

हर परीक्षा भवन में अनिवार्य रूप से दीवार घड़ी लगना अनिवार्य है। परीक्षा में कुल 79139 लोग शामिल होने। उनमें पुरूष 39520 एव महिला 39619 शामिल होंगे। सदर अनुमंडल में 39520 पुरुष परीक्षार्थी एव 16602 महिला परीक्षार्थी, शेरघाटी में 12422 महिला परीक्षार्थी, टेकारी में 6785 परीक्षार्थी एव खिजरसराय में 3810 महिला परीक्षार्थी शामिल होंगे। नगर पुलिस अधीक्षक ने सभी केंद्राधीक्षक को निर्देश दिया कि परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों के प्रवेश के समय गेट पर तलाशी, फ्रिस्किंग की व्यवस्था अनिवार्य रूप से करेंगे। और इसके लिए केंद्र पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस बल का प्रयोग करेंगे। परीक्षा केंद्र के गेट पर तथा आवश्यकतानुसार परीक्षा कक्ष में महिला परीक्षार्थियों के चिटपुर्जे जो आदि की तलाशी महिला दंडाधिकारी, महिला पुलिस या महिला केंद्राधीक्षक द्वारा की जाएगी। सभी महिला परीक्षा केंद्र में गेट के बगल में कपड़े से घेरकर अस्थाई छोटा सा घेरा तैयार कर लिया जाए और परीक्षा कक्ष में महिला परीक्षार्थियों की तलाशी की जाए तथा तलाशी के दौरान पुरुष वीक्षक उस कक्ष में नहीं रहेंगे।कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन को ध्यान में रखकर प्रत्येक परीक्षा केंद्र के बाहर एवं अन्य आवश्यक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा आदि स्थापित किया गया है। कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन में बाधा डालने वाले असामाजिक तत्व कैमरे की नजर में रहे इसके लिए केंद्राधीक्षक फ्लेक्स बोर्ड, पोस्टर पर आप सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में है, परीक्षा केंद्रों पर प्रदर्शित करेंगे। सभी परीक्षा केंद्रों पर औचक निरीक्षण करने हेतु 11 सुपर जोनल दंडाधिकारी,पुलिस पदाधिकारी, 16 जोनल दंडाधिकारी,पुलिस पदाधिकारी, 24 गश्ती दल दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, 63 वरीय स्टैटिक दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, 122 स्टैटिक दंडाधिकारी एवं पर्याप्त संख्या में सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्ति की गई है।

## सरकार बिहार के बुनियादी समस्याओं को दूर कर हर क्षेत्रों में विकास का गंगा बहाएगी : प्रदेश प्रभारी

प्रात : किरण संवाददाता

गया। नीतीश कुमार के नेतृत्व की राष्ट्रीय जनता तांत्रिक गठबंधन की सरकार की विधानसभा में बहुमत सिद्ध करने पर गया जिला के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं में उत्साह और खुशी की लहर दौड़ पड़ी ! लघु उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी ई शंभु नाथ केसरी जी ने विधानसभा में बहुमत सिद्ध करने पर मुख्य मंत्री नीतीश कुमार ,अप मुख्य मंत्री सम्राट चौधरी , एवं विजय सिन्हा , मंत्री प्रेम कुमार, नंदकिशोर यादव सहित भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं दिए हैं ! उन्होंने कहा कि बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार में विकास की रफ्तार तेजी से बढ़ेगी और डबल इंजन की सरकार बिहार के बुनियादी समस्याओं को दूर कर बिहार में उद्योग, सड़क, शिक्षा ,स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में विकास का गंगा बहाएगी! बधाई देने वाले में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रेम शंकर चिंटू , ,जिला मंत्री भुवन मोहानी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष सिंह , राजेश चौधरी प्रभात चंद्र गुप्ता , शशि प्रियदर्शी , गणेश प्रसाद विजय गुप्ता , टिकारी ग्रामीण मंडल के महामंत्री वल्लभ मिश्रा ,अध्यक्ष अनिल पासवान , पंकज कुमार गुड्डू , कोच दक्षिणी अध्यक्ष सुनील सिंह कोच उत्तरी अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, सहित बहुत सारे भाजपा कार्यकताओं ने बधाई और शुभकामनाएं दिए!

## डॉ.मनीष पंकज मिश्रा अधिवक्ता मुरारी कुमार हिमांशु को दोबारा बिहार बार काउंसिल के सदस्य बनने पर किया स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता



गया। बार एसोसिएशन के लोकप्रिय अधिवक्ता मुरारी कुमार हिमांशु को दोबारा बिहार बर काउंसिल के सदस्य बनने पर भाजपा नेता डॉ मनीष पंकज मिश्रा एवं अन्य अधिवक्ताओं के द्वारा स्वागत किया गया मुरारी कुमार हिमांशु के आवास पर जाकर भगवान विष्णुजी चरण चिन्ह फुल माला अंग बस्त्र और बुके सहित भारतीय जनता पार्टी का डायरी देकर स्वागत किया गया है ।

इस अबसर पर डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा ने कहा मुझे सौभाग्य है कि गया बार के लोकप्रिय अधिवक्ता मुरारी कुमार हिमांशु को दोबारा बार काउंसिल का सदस्य के रूप में निर्वाचित होना खुशी की बात है। मुरारी बाबू अपने लोकप्रियता के चलते गया बार एसोसिएशन के लगातार सचिव के पद पर आसीन है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने स्वागत करते हुए कहा कि मुरारी कुमार हिमांशु पूरे बिहार के अधिवक्ताओं के हित में आवाज उठाते रहे हैं गया सचिव के रूप में अभूतपूर्व कार्य किया गया है। जिसका उदाहरण बिहार में पेश किया जाता है। विहार अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियमएबं अधिवक्ता कल्याण कोष से अवकाश प्राप्त करने पर या मृत्यु हो जाने पर अधिवक्ता के परिवार को 20 लाख रूपया शीघ्र भुगतान की मांग का अबाज बुलंद करने की मांग की आज स्वागत करने वालों में भाजपा विधि प्रकोष्ठ के सह संयोजक एस. राजेश आनंद, अधिवक्ता राहुल कुमार अधिवक्ता नागेंद्र प्रसाद शर्मा अधिवक्ता दीपक पांडे बबलू गुप्ता, बागेश कुमार अधिवक्ता ने स्वागत किया है।

## आइ क्यूए सी सेल अनुशासनिक संगोष्ठी का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



गया। कॉलेज गया आइ क्यू ए सी सेल द्वारा दो दिवसीय अंतर अनुशासनिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया है।जिसका शुभारंभ मुंशी प्रेमचंद सभागार में मुख्य अतिथि प्रोफेसर रमेश शरण पूर्व कुलपति विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग कॉलेज गया के प्राचार्य सतीश सिंह चंद्र कर्नल प्रणव कुमार एवम डा कल्पना पुरोहित ने दीप प्रज्वलित कर किया है अतिथियों के स्वागत संबोधन में प्राचार्य गया कॉलेज डा सतीश सिंह चंद्र ने कहा कि ऐसे आयोजनों से हमारा महाविद्यालय का गौरव बढ़ता है और इन 75 वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में नवाचरि परिवर्तन आए हैं गुरुकुल की शिक्षा से आज हम अंतरिक्ष की शिक्षा तक पहुंच चुके हैं। ामन्वयक आई क्यु ऐ सी डॉक्टर अरुण गर्ग ने कहा कि आज डिजिटल लर्निंग का युग है भारतीय ज्ञान परंपरा से हम सब को अवगत होना चाहिए। अपने संबोधन में. डॉ रमेश शरण ने कहा कि इन 75 वर्षों में राष्ट्र ने अभूतपूर्व प्रगति की है। आजादी के आरंभ से यदि बात करें तो विकास राष्ट्र के मुख्य अजंडे में शामिल रहा है पहले आधुनिकीकरण और औद्योगीकरण राष्ट्र विकास का पैमाना रहा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भी हम तथाकथित विकसित राष्ट्रों को आधार मानते हुए अपने विकास का मॉडल प्रतिस्थापित करते रहे थे परंतु आज देश में चाहे वह साक्षरता दर की बात हो महिला शिक्षा की बात हो ऐतिहासिक परिवर्तन हुए और सकारात्मक बदलाव आया है। उपलब्धियां के साथ-साथ चुनौतियों पर भी चर्चा करते हुए डॉक्टर शरण ने कहा कि आज हमारे समक्ष विभिन्न प्रकार की चुनौतियां भी हैं बाल मृत्यु दर जलवायु परिवर्तन कुशल कारीगरों का भाव आदि ऐसे क्षेत्र है जहां आज भी हमें नए मुकाम हासिल करने की आवश्यकता है.डॉक्टर शरण्या ने कहा कि आज हमारे समक्ष सबसे बड़ी चुनौती गुणवत्तापूर्ण शिक्षा है और जनमानस की शिक्षा इस देश में सभी वर्गो के लिए समान शिक्षा प्रणाली हम सबो के लिए सबसे बड़ी चुनौती है भारत ने अनेक चुनौतियों पर विजय प्राप्त की है जिसमें गरीबी भुखमरी. बालिका शिशु मृत्यु दर ऐसे अनेक क्षेत्र हैं जहां भारत ने अभूतपूर्व आंकड़े प्रस्तुत किए हैं हम सबों के समेकित प्रयास से जल्दी भारत विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में अग्रणी रूप से प्रतिस्थापित होगा विशिष्ट अतिथि के रूप में मगध विश्वविद्यालय के भूत पूर्व कुल सचिव वर्तमान में आई एम एस यूनीसन विश्वविद्यालय देहरादून उत्तराखंड के कुल सचिव कर्नल प्रणय कुमार ने कहा कि 75 वर्षों में सामाजिक सुरक्षा को एक बड़ी चुनौती रही हैं।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जिले के कई महादलित टोलों में हुआ विभिन्न कार्यक्रम

प्रात : किरण संवाददाता



गया। महिला एवं बाल विकास निगम , बिहार पटना द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर गया जिले के कई महादलित टोलों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। इसी क्रम में महादलित टोला बम बाबा प्रखंड - गया सदर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत महिलाओं एवं किशोरियों के बीच सखी वार्ता एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिनमे महिलाओं से संबंधित मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, वन स्टॉप सेंटर एवं अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई है । खेलकूद प्रतियोगिता में कुर्सी प्रतियोगिता, दौड़ एवं विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया है। प्रतियोगिता में विजेता प्रथम पुरस्कार मधु कुमारी, द्वितीय पुरस्कार रंजू कुमारी एवं तृतीय पुरस्कार रचना कुमारी को दिया गया है।इस कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास निगम गया के जिला मिशन समन्वयक, जेंडर स्पेशलिस्ट, महिला पर्यवेक्षिका आईसीडीएस,एनजीओ कक्क्षरर एवं स्थानीय महिलाएं उपस्थित थीं। संपूर्ण कार्यक्रम जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस सह नोडल पदाधिकारी मिशन शक्ति के निर्देशन में किया गया है।

## पंचायत समिति का बैठक हुआ सम्पन्न

प्रात : किरण संवाददाता



शेरघाटी। प्रखंड कार्यालय सभागार भवन में प्रखंड प्रमुख नरेश कुमार के नेतृत्व में पंचायत समिति की बैठक आहूत की गई उक्त बैठक के दौरान प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत से आए पंचायत समिति के अलावा मुखिया वार्ड सदस्य समेत पीएचडी, मनरेगा, अनुमंडल अस्पताल, कृषि विभाग, आपूर्ति पदाधिकारी के अलावा अन्य विभाग के पदाधिकारी भी शामिल हुए। उक्त बैठक के दौरान विभिन्न प्रकार के हो रहे समस्याओं के बारे में चर्चा किया गया जिसे जल्द ही निराकरण करने की बात कही गई। वहीं विशेषतौर पर बैठक के दौरान मुद्दा सीडीपीओ के खिलाफ नही आने और अनियमितता पर गरमाई रही।

वहीं मनरेगा के द्वारा भी जल्द ही कार्यो को पूरा करवाने के साथ-साथ अन्य कार्यो पर ध्यान देने की बात कही गई। साथ ही आपूर्ति पदाधिकारी से भी डीलरों द्वारा किये जा रहे अनियमितता पर चर्चा करते हुए उसे जल्दी सुधार करवाने की बात कही गई है। बैठक के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी स्नेहिल आनंद, उप प्रमुख लाल बहादुर शास्त्री, मुखिया पप्पू पासवान, मुमताज अंसारी,राजेश यादव, उमा भारती, अंशु कुमारी,आशा देवी समेत अन्य विभाग के पदाधिकारी भी शामिल थे।

## अध्यक्ष व महासचिव समेत 58 उम्मीदवारों का भाग्य मतपेटी में बंद

प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद। जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद में कार्यसमिति 2024-26 का 26 पदों का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। कुल 823 मतदाताओं में से 730 मतदाताओं ने मतदान में भाग लिया। मतदान के लिए तीन बुथ बने थे। पहले बुथ पर 273 वोट पड़े, दुसरे बुथ पर 267 वोट पड़े और तीसरे बुथ पर 190 वोट पड़े। अध्यक्ष, महासचिव समेत 26 पदों पर 58 उम्मीदवार अपना अपना भाग्य आजमा रहे हैं। अध्यक्ष पद पर अशोक कुमार सिंह, परशुराम सिंह, विजय कुमार पाण्डेय, रामप्रवेश ठाकुर, महासचिव पद पर नागेंद्र सिंह, जगनरायण सिंह, अमरेंद्र नारायण सिंह, राजीव रंजन सिंह, अखिलेश कुमार, नवीन कुमार, सतीश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष पद पर गिरजेश कुमार सिंह सुजीत कुमार सिंह, प्रदीप कुमार,अजय कुमार, सुनील कुमार सिंह, उपाध्यक्ष पद पर उदय कुमार सिन्हा, अशोक कुमार सिंह, अमित कुमार, ओंकार कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, सुदर्शन यादव, क्षितिज रंजन, संयुक्त सचिव पद पर अनिल कुमार सिंह, काली प्रसाद, दिलीप कुमार सिंह, देवी नंदन सिंह, धिरेंद्र कुमार सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, रामपरिखा सिंह, शम्भू नाथ मिश्र, सियाराम पांडे, सहायक सचिव पद पर सतीश कुमार स्नेही,संत सिंह, श्याम नंदन तिवारी,पवन कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, वरिष्ठ सदस्य पद पर मो अकमल हसन, यमुना प्रसाद सिंह, अम्बुज कुमार सिन्हा, मिथलेश कुमार,महेश प्रसाद सिंह, मनोज कुमार सिंह,विनय कुमार मिश्रा, निगरानी सदस्य पद पर अनिल आशुतोष, हरेंद्र कुमार,अभय कुमार सिंह, अंकेक्षक पद पर राजेश कुमार सिंह, अनिल कुमार सिन्हा, कार्यसमिति सदस्य इम्तेयाज अंसारी, धनश्याम ठाकुर, नीरज कुमार सिंह, योगेश कुमार मिश्रा,विनय द्विवेदी, साकेत कुमार, सुरेश प्रसाद, संजय कुमार, शशि भूषण कुमार,का भाग्य मतपेटी में बंद हो गया है।

मतगणना 14 फरवरी से परिणाम आने तक जारी रहेगा। सबसे पहले अध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष पद पर गिनती शुरू होगी। मतदान को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न होने पर अधिवक्ताओं ने निवार्चन समिति के अध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद सिंह, सहायक सदस्य कामता प्रसाद सिंह, अवध किशोर पांडेय, सरोज रंजन सिन्हा और अभय कुमार सहित अन्य सहयोगी सदस्यों को बधाई दी है।

### एनडीए को बहुमत मिलने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जताया हर्ष

औरंगाबाद। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने बिहार में एनडीए गठबंधन को बहुमत साबित करने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि बिहार में विधानसभा फ्लोर टेस्ट में एनडीए के जीत ऐतिहासिक रहा बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिंन्हा सहित एनडीए के सभी विधायक को बधाई देता हूं कि आप लोगों ने बिहार के हित में एकजूटता का परिचय देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के सपने को चकनाचूर कर दिया। वही राजद के तीन विधायक जो एनडीए के पक्ष में रहें उनको भी बधाई देता हूं कि सही समय पर अपना उचित निर्णय लेकर सुशासन की सरकार में शामिल होकर जनहित एवं राज्यहित में उचित कदम उठाया है।

## वार्षिक माध्यमिक परीक्षा केंद्रों की तैयारियों की लेकर बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता




अरवल। समाहरणालय सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह की अध्यक्षता में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2024 के सफल संचालन हेतु केंद्राधीक्षकों, दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ परीक्षा केंद्रों की तैयारियों से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में सघन गश्ती करने तथा परीक्षा स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया। विदित हो की वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 15 फरवरी 2024 से प्रारंभ होकर 23 फरवरी 2024 तक समाप्त होगी।

प्रथम पाली 9:30 पूर्वाहन से 12:45 अपराहन तक एवं द्वितीय पाली 2:00 अपराह्न से 5:15 बजे अपराहन तक निर्धारित है। जिले में कुल 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निदेश देते हुए कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर विधि व्यवस्था दुरुस्त रखें। केन्द्राधीक्षक को निर्देशित किया गया कि परीक्षा केन्द्र पर एक अच्छी गुणवत्तायुक्त ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था करेंगे तथा स्पष्ट रूप से उद्घोषित करेंगे कि परीक्षा के दौरान प्रवेश पत्र एवं लेखन सामग्री के अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, मोबाईल फोन, जूता मोजा एवं बैग विद्यालय परिसर में वर्जित रहेगा। सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों का प्रवेश परीक्षा प्रारम्भ होने से 30 मिनट पूर्व तक प्रवेश कराया जायेगा। परीक्षा प्रारम्भ होने के आधे घंटे पहले गेट बंद कर दिये जायेंगे। किसी भी परिस्थिति में निर्धारित समय के बाद आने वाले परीक्षार्थियों के प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी केन्द्राधीक्षक, परीक्षा में प्रतिनियुक्त सभी वीक्षक, अनुसेवक एवं परीक्षा में प्रतिनियुक्त अन्य कर्मी का पहचान पत्र निर्गत करना आवश्यक रूप से सुनिशित करेंगे तथा प्रतिनियुक्त शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों का परीक्षा केन्द्र परिसर में प्रवेश बिना पहचान पत्र के नहीं होगा। परीक्षा केन्द्र में कोई भी व्यक्ति बिना पहचान पत्र के पाया जाता है तो उनपर दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। परीक्षा केंद्रों पर पीने की पानी, लाइटिंग, बेंच डेस्क, सीसीटीवी कैमरा, वीडियोग्राफी आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सभी परीक्षार्थियों की जाँच अच्छे तरीके से की जायेगी।

**नियंत्रण कक्ष से किया जाएगा मॉनिटरिंग:** बिहार परीक्षा संचालन के सुसंगत प्रावधानों के अंतर्गत उनके विरुद्ध जुमार्ने एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी परीक्षा केंद्रों के बाहर परीक्षा अवधि में दंड प्रावधान संहिता की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू रहेंगे। परीक्षा को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचार रहित वातावरण में संचालन कराने के उद्देश्य से आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए जिला नियंत्रण कक्ष से हर पल मॉनिटरिंग किया जाएगा।

## उषा किरण खान के निधन पर शोक सभा का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर में जम्होर विकास मंच द्वारा आधुनिक हिंदी साहित्य के प्रसिद्ध लेखिका उषा किरण खान के असामयिक निधन पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में उपस्थित लोगों ने 2 मिनट का मौन रखा एवं उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने उषा किरण खान के बारे में बताया कि चार दर्जन से अधिक पुस्तकों की रचयिता उषा जी के सभी रचनाओं में संवेदना की पराकाष्ठा है।उनके उपन्यास पानी पर लकीर,कहानी संग्रह घर से घर तक,बाल उपन्यास लड़ाकू जन्मेजय, बाल नाटक डैडी बदल गए, नाटक कहां गए मेरे उगना हृदय को झकझोरने वाले कृति हैं तो वहीं मैथिली साहित्य में उनके उपन्यास सिरजनहार पाठक के मन को उद्वेलित कर देती हैं। शोकसभा के मौके पर अधिवक्ता अमन राज, सुजीत कुमार सिंह राणा सुनील सहित अन्य उपस्थित थे।

## बहुमत हासिल होना बिहार की जनता की जीत : सत्येंद्र राय

### बिहार की जनता मुख्यमंत्री नीतीश के प्रति समर्पित है

प्रात : किरण/रंजन कुमार

अरवल। बिहार विधानसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा को सदन में बहुमत हासिल किए जाने पर भाजपा नेता सत्येन्द्र राय अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह जीत बिहार की जनता की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि खुशी का इजहार करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई दी है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के जनप्रतिनिधियों एवं मुख्यमंत्री के पक्ष में वोट करने वाले नेताओं के प्रति आभार प्रकट किया। बिहार की जनता की जो अपेक्षाएं थीं वह अब पूरा हो गया। बिहार की जनता की जीत बताते हुए कहा कि सदन में बहुमत हासिल हो जाने से यह प्रतीत हो गया की बिहार की जनता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आस्था एवं निष्ठा के साथ समर्पित है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में अब बिहार के विकास कार्य में तेजी आयेगी।जनता में अपार खुशी की लहर दौड़ पड़ी है।



## 14 फरवरी को माले ने किया राज्यव्यापी विरोध दिवस की घोषणा

प्रात : किरण संवाददाता



आरा : बिहार में भाजपा की सत्ता में आते ही जनता के लिए लड़ने वाले अगिआंव विधायक मनोज मंजिल सहित 23 लोगों के सजा दिलाने के खिलाफ भाकपा-माले ने अम्बेडकर चौक से विरोध मार्च निकालकर टाउन थाना के सभा में तब्दील हो गया!इस दौरान भाकपा-माले नेताओं ने कहा कि अगिआंव से माले विधायक का.मनोज मंजिल सहित 23 लोगों को आजीवन कारावास की सजा को राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित बताया है!कहा कि जेल व दमन के जरिए दलितों-गरीबों की आवाज दबाई नहीं जा सकती!हम अपनी लड़ाई जारी रखेंगे! आगे माले नेता ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2015 के ठीक पहले जेपी सिंह की हत्याकांड मामले में भाजपा के स्थानीय नेताओं के इशारे पर का.मनोज मंजिल और हमारे अन्य पार्टी नेताओं पर हत्या का झूठा मुकदमा थोप दिया गया था!उस घटना के कुछ दिन पहले ही हमारी पार्टी के स्थानीय नेता का. सतीश यादव की हत्या भाजपाइयों ने कर दी थी!उनके हत्यारे खुलेआम घूम रहे हैं लेकिन दलित-गरीबों की लड़ाई लड़ने और सड़क पर स्कूल आंदोलन के चर्चित नेता मनोज मंजिल को एक गहरी साजिश के तहत फंसाकर सजा करवा दी गई! भाजपाई और इलाके की सामंती ताकतें मनोज मंजिल की बढ़ती लोकप्रियता से काफी घबराई हुई थी! एक तरफ जहां हमारे नेताओं को सजा सुनाई गई, वहीं न्यायालय ने दलित-गरीबों के हत्यारे को लगातार बरी करने का काम किया है. बिहार में सत्ता बदलते ही भाजपाई अपने रंग में आ चुके हैं,लेकिन उनके नापाक मंसूबे को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा! 14 फरवरी को भाकपा-माले ने इस अन्यायपूर्ण फैसले के खिलाफ राज्यव्यापी विरोध दिवस का आह्वान किया है! विरोध मार्च में भाकपा-माले केंद्रीय कमेटी सदस्य व जिला सचिव जवाहरलाल सिंह,केंद्रीय कमेटी सदस्य राजू यादव, राज्य स्थाई समिति सदस्य व तरारी विधायक सुदामा प्रसाद, राज्य कमेटी सदस्य विजय ओझा,क्यामुद्दीन अंसारी, शिवप्रकाश रंजन,शब्बीर कुमार,अगिआंव प्रखंड सचिव रघुवर पासवान,जिला कमेटी सदस्य राजनाथ राम,बालमुकुंद चौधरी, अमित कुमार बंटी,दीनानाथ सिंह, अजय गांधी,चंदन कुमार, विकास कुमार,विशाल कुमार, कमलेश यादव,बब्बू गुप्ता,रौशन कुशवाहा,मु०राजन,संतविलास राम, धीरेन्द्र आर्यन,पंकज कुशवाहा,राजेश गुप्ता, मनीष यादव,दीपांकर कुमार, अप्पू यादव आदि कई लोग शामिल थे। सभा का संचालन भाकपा-माले नगर सचिव दिलराज प्रीतम ने किया!

## संक्षिप्त खबरें

### विद्यार्थी परिषद ने जिला स्तरीय समीक्षा बैठक की

हवेली खड़गपुर (कोर्ट)।भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला स्तरीय योजना बैठक नंदलाल बसु चौक के समीप एक निजी भवन के सभागार में आयोजित की गई।इसके मुख्य अतिथि के रूप तौर प्रवासी कार्यकर्ता के नाते दक्षिण बिहार प्रांत के प्रदेश मंत्री नीतीश पटेल उपस्थित रहे। उन्होंने इस दौरान कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया। इस मौके पर मुख्य रूप से गत वर्ष में किए गए संगठन विस्तार, गतिविधि सदस्यता, कार्यक्रम आदि पर चर्चा व समीक्षा किया गया । इस बैठक में विभाग संयोजक सुभाष मंडल, दक्षिण बिहार प्रांत एसएफएस संयोजक सनी झा,जिला संयोजक अंकित जायसवाल, जिला सह संयोजक नचिकेता यादव,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शुभम केसरी, रूपेश कुमार, प्रांत सोशल मीडिया सह संयोजक सत्यम कुमार निराला, असरगंज नगर मंत्री प्रियांशु हवेली खड़गपुर नगर सह मंत्री सोनू झा,राजीव आनंद, अभिषेक केसरी शामिल थे।

### एआईएमआईएम पार्टी ने संगठन की मजबूती को लेकर किया बैठक

भागलपुर।संसदीय चुनाव की तैयारी को लेकर एआईएमआईएम पार्टी ने संगठन की मजबूती के लिए अपनी ताकत झोंक दी है।इसको लेकर रविवार को भागलपुर के स्थानीय विवाह भवन में एमआईएम द्वारा सदस्यता अभियान का कार्यक्रम रखा गया. जिसमे कई दूसरे राजनीतिक संगठनों के लोगो ने एमआईएम कि सदस्यता ली. साथ ही पार्टी की सदस्यता अभियान में राजद, जदयू और आप के सदस्यों ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और सदस्यता भी ग्रहण की।वही सुलतानगंज और सन्हौला प्रखंड कमिटी का भी गठन किया गया. इस दौरान प्रदेश सचिव संजीव सुमन, कलामुद्दीन, जिला संयोजक हाजी शाहीन, सह संयोजक जोहर शाहिद, युवा संयोजक अहमद मौशरफ, युवा जिला महासचिव शाहजहां, युवा प्रखंड अध्यक्ष राशिद, छात्र नेता नावेद, नोमान, सऊद अख्तर, परवेज, गुलाम अशरफ, रिजवान, राहुल, मनीष, सोमनाथ, बबलू आदि मौजद रहे।

### सरस्वती पूजा में डीजे बजाने वाले पूजा समितियों का होगा लाइसेंस रद्

सदर मुंगेर । सरस्वती पूजा को लेकर मुफस्सिल थाना में थाना अध्यक्ष रूबि कांत कच्छप की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में थाना क्षेत्र के विभिन्न पंचायत के सरपंच, मुखिया एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे।बैठक में थाना अध्यक्ष ने कहा कि शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सरस्वती पूजा का संचालन हो, इस पर हम लोगों को विशेष रूप से ध्यान देना है।उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर डीजे बजाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।डीजे बजाने वाले पूजा समितियां का लाइसेंस तो रद्द होगा ही, वहीं डीजे संचालक के ऊपर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने कहा कि कोई भी पूजा समिति अगर हुड़दंग मचाते हैं, तो उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# नहीं दी जमीन तो भूख हड़ताल कर जान दे दूंगा: शंकर गुप्ता

- आंचल कार्यालय सबसे बड़ा बना चोर कार्यालय, जिसके चलते नहीं मिल पाया 92 भूमिहीनों को जमीन

प्रात: किरण संवाददाता



भागलपुर। राष्ट्रीय जनता दल के झुग्गी झोपड़ी समिति के दर्जनों कार्यकताओं ने जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी से मिलने पहुंचे जहां उन्होंने अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए कई मुख्य बातें उनके समक्ष रखी जहां सभी विस्थापित हुए भूमिहीन परिवारो को जिला प्रशासन के द्वारा अबतक नहीं बसाए जाने की बात कही गई। इस दौरान अभी आक्रोशित सभी भूमिहीन परिवार के लोगों ने जम कर प्रदर्शन किया। वही उन्होंने बताया कि हम भूमिहीन के नाम पर कुल 92 परिवार को बसाने का आदेश विगत वर्षों पूर्व जिलाधिकारी द्वारा जारी कर दी गई थी।फिर भी हम लोगों को अभी तक जिला प्रशासन के द्वारा चिन्हित जमीन को उपलब्ध कराया नहीं गया है। अगर हम लोगों को जमीन मुहैया नहीं कराई गई तो हम लोग भूख हड़ताल करेंगे और यहीं पर अपनी जान दे देंगे, साथ उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि विगत समय से अबतक जगदीशपुर आंचल कार्यालय प्रांगण सबसे बड़ा चोर कार्यालय बन गया है। जिसके चलते हम विस्थापित दर्जनों भूमिहीन परिवार के लोगों को जमीन उपलब्ध नहीं कराया गया है। हमें वर्तमान में पद स्थापित नए जिलाधिकारी से काफी उम्मीद है कि हमारी बातें सुनी जाएगी और हमें हमारे हक व अधिकार की जमीन मुहैया कराने के साथ दी जाएगी। जिससे हम सभी अपने परिवार के साथ जमीन आश्रित होकर परिवार बच्चों का सही तरीके से जीविकोपार्जन कर सकेंगे। ज्ञात हो कि विगत कई वर्षों से उक्त मांग को लेकर झुग्गी झोपड़ी समिति के बैनर तले भूमिहीन परिवार के लोग अपनी आवाज बुलंद करते रही हैं। आलम यह है कि सरकारी आश्वासन मिलने के बावजूद स्थानीय जिला प्रशासन के लोभी नुमाइंदे चंद जमीन विचौलियों के झांसे में आकर हमें अपने अधिकारों से वंचित कर दिया गया है।

### 4 किलो 2 सौ ग्राम वजनी गांजा को पुलिस ने किया बरामद

नवगछिया (भागलपुर)। रेल जीआरपी पुलिस स्कॉट पार्टी के द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर गाड़ी संख्या 15626 अगरतला-देवघर एक्सप्रेस में स्वांस मादक पदार्थ को लेकर सर्चिंग अभियान चलाया है। इसी क्रम में रेल पुलिस टीम ने ट्रेन की एक बोगी से एक महिला सहित चार गाजा तस्कर को रंगेहाथ धरदबोचा है। इस दौरान गिरफ्तार अभियुक्तों की जांच तलासी के क्रम में पुलिस ने उसके पास से चार किलो दो सौ ग्राम वजनी गांजा बरामद किया है। जिसे पुलिस ने त्वरित कार्रवाई के तहत गांजा को जप्त करते हुए सभी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। वही दूसरी तरफ इस मामले को लेकर के नवगछिया जीआरपी थाने में पुलिस के द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। वही उन्होंने बताया कि अगरतला-देवघर एक्सप्रेस के स्लीपर बोगी के एस 4 में वैशाली बिदुपुर थाना क्षेत्र के गोकलपुर गांव के राजू राय पिता शंकर राय, वैशाली के रूपेश पासवान पिता उमेश पासवान, जगदीशपुर थाना क्षेत्र के अभिषेक कुमार और नवगछिया लक्ष्मीपुर गांव की महिला पूछो खातून के पास से अलग-अलग रूप से छिपा कर लेजा रही 4 किलो 2 सौ ग्राम में स्वांस मादक पदार्थ को बरामद किया गया है। वही नवगछिया रेल जीआरपी थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि राजू राय के पास से 1 किलो 200 ग्राम, रूपेश पासवान से 1 किलो, अभिषेक कुमार के पास से 800 ग्राम एवं पूछो खातून के पास से 1 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद हुआ है।

# पीड़िता अपने परिवार की जानमाल रक्षा की गुहार ले पहुंची एसपी कार्यालय

- दबंगों द्वारा लगातार घर पर दबिश दे जान से मारने की दे रहे हैं धमकी: पीड़िता

प्रात: किरण संवाददाता



नवगछिया (भागलपुर)। पुलिस जिला परिक्षेत्र के बिहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नन्हकार गांव इलाके में दबंगों के प्रताड़ना का मामला सामने आया है। मामले को लेकर मिली जानकारी के मुताबिक स्थानीय गांव के एक महिला उषा देवी ने नवगछिया पुलिस अधीक्षक पुरन कुमार झा को लिखित आवेंदन देकर अपने पड़ोस के दबंगों से अपनी व अपने पति सहित पूरे परिवार वालों के जानमाल की रक्षा को लेकर न्याय की गुहार लगाई है। वही महिला के द्वारा एसपी को दिए गए आवेंदन में पीड़ित महिला उषा देवी ने कहा है कि विगत वर्ष 10 नवम्बर 2023 को पड़ोस के ही दबंग जयहिंद चौधरी, शिवनंदन चौधरी दोनो के पिता अंबिका चौधरी, उनके पुत्र माधव चौधरी पिता जयहिंद चौधरी, सत्यम उर्फ कारे चौधरी पिता शिवनंदन चौधरी ने सामुहिक रूप से एक साथ मिलकर नन्हकार बहियार स्थित मेरे निज जमीन पर लगे आधा दर्जन से अधिक जामुन, कदम व अन्य पेड़ को जबरन काट कर बर्बाद कर दिया था। वही मामले का मेरे पति अनुज चौधरी द्वारा विरोध किये जाने पर उपरोक्त सभी नामजद अभियुक्तो ने लाठी-डंडे से लैस हो मेरे पति के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया था। वही मारपीट की घटना क्रम में किसी तरह अपनी जान बचाने के उद्देश्य से जख्मी व गम्भीर हालत में बहियार से वह मरवा गाँव की ओर भागे तभी किसी तरह मेरे पति की जान बच सकी थी। उक्त घटना के बाद स्थानीय बिहपुर थाना में लिखित आवेंदन देकर उपरोक्त सभी लोगों के विरुद्ध नामजद केस दर्ज कराया था। वही पीड़िता ने लिखा है कि इस दौरान उपरोक्त सभी नामजद अभियुक्तों ने मेरे पति को जान से मारने के उद्देश्य लेकर ढूंढते हुए जबरन अचानक घर में घुस गया और मुझे व मेरे पुत्र-पुत्री व भतीजी सहित अन्य लोगो के साथ मारपीट का प्रयास करने लगा था। घटना को देखते हुए किसी तरह हाथ पांव जोड़कर उनलोगों से खुद व अपने परिवार की रक्षा करने हेतू विनती की जिसके बाद उक्त लोगों से खुद अपने को बचाव करने में सफल रही थी । वही घटना के बाद से मेरे पति विगत तीन महीने से आजतक घर से बेघर हो दरदर की ठोकरें खाने को मजबुर चल रहे हैं। वही उपरोक्त दबंगों के भय से पति के बेघर होने के बाद आज मेरा पूरा परिवार के बीच भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। वही आवेंदन में कहा है कि बीते माह 29 जनवरी को उपरोक्त लोगों ने जान मारने की नीयत से मेरे पति पर गोली चलाई गई थी। वही गांव के लोग उन दबंगो के डर से कुछ बोलने को तैयार नही है। ज्ञात हो कि अनुज चौधरी खेतीबारी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते चल रहा था।

# अन्य प्रजाति के सर्प मिलने से ग्रामीणों के बीच मची भगदड़

प्रात: किरण संवाददाता



नवगछिया (भागलपुर)। इन दिनों जिले के कई ग्रामीण क्षेत्र इलाको में कई अन्य प्रजाति के सर्प निकलने की लगातार सूचना सामने आती रही हैं। इसी कड़ी में नवगछिया पुलिस जिला अनुमंडल परिक्षेत्र के इस्माइलपुर प्रखंड अंतर्गत वेदीराय टोला गांव इलाके के तटबंध पर बने गेट के समीप एक सर्प को देखकर स्थानीय लोगों के बीच में हड़कंप मच गया। यह सर्प यहां के लोगों के लिए काफी अनजान एवं विलुप्त हुई प्रजाति के ऐसा दिखा नजर आया तो ग्रामीणों ने तत्काल मामले की सूचना स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी को दी गई। जिसके बाद सर्प को रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए तत्काल वन विभाग वनरक्षी टीम एवं सांप विशेषज्ञ को जानकारी दी। वही वन विभाग की टीम त्वरित कार्रवाई के तहत मौके पर पहुंच उस सर्प को पकड़ने के लिए रेस्क्यू अभियान शुरू किया। वही टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन के माध्यम से सर्प को पकड़ कर अपने साथ लेकर निकल गए। वही सर्प को लेकर विशेषज्ञ से मिली जानकारी के अनुसार यह सांप किंग कोबरा की तुलना में रसेल वाइपर सर्प है इसके दंस से कही अधिक खतरनाक बताया जा रहा है, यह प्रजाति के सर्प जहरीला होने का कारण यह भी बताया जाता है कि रसेल वाइपर नामक का सर्प दंस करने पर शायद ही कभी कोई बच पाया हो लेकिन यह अपने जहर को लेकर काफी भूखा होता है। इस प्रजाति के सर्प अक्सर रसेल वाइपर की तरह दिखाई देता है इसके दंस से आपके शरीर में हेमोटॉक्सिक नामक जहर की पूरी खुराक के साथ काटता है, जो आपके ऊतकों को नुकसान पहुंचाता है, जिससे मस्तिष्क रक्तस्राव और गुर्दे की विफलता का कारण बन जाता है। यह प्रजाति के सांप अंडा नहीं बल्कि बच्चे जन्म देते हैं। हाल के दिनों में यह सांप नवगछिया के विभिन्न इलाकों में ज्यादातर मिलने की लगातार सूचना सामने आ रही है। अब देखने वाली बात है कि वन विभाग की टीम इस प्रजाति के सर्प को रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर कितना ज्यादा मात्रा में इकट्ठा करने में सफल हो पाती हैं।

# ट्रेन का चैन पुलिंग मामले में एनडीपीएस एक्ट के चार तस्कर पुनः हुआ गिरफ्तार

- ट्रेन पुलिंग को लेकर आरपीएफ टीम ने चलाया अभियान

प्रात: किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। आरपीएफ पुलिस के द्वारा अगरतला से देवघर गाड़ी संख्या 15626 में कटोरिया रेलवे स्टेशन के समीप चेन पुलिंग कर गाड़ी को रोकने लगातार हो रही हड़कत को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत रेलवे पुलिस ने चार लोगों को रंगेहाथ धरदबोचा है वही कानूनी प्रक्रिया को लेकर पुलिस ने चारों अभियुक्त को हिरासत में लिया है। मामले को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रेलवे के आरपीएफ इंस्पेक्टर ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में चिंतागा दियारा के मो.आकाश, अशोक मंडल, अमित कुमार एवं देवेंद्र कुमार शामिल हैं, जो अगरतला के तेलिया मोड थाना क्षेत्र में गांजा तस्करी के आलोक में इन अभियुक्तों के द्वारा अपने मंसूबों को पूरा करने के लिए लगातार रेल यात्रा के दौरान चेन खींच कर रोक दिया जाता था। उक्त मामले की सूचना के तहत उक्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया गया था तो वही इसी मामले में इन लोगों के द्वारा जेल से बेल लेकर अपने घर वापसी के क्रम मे उन्होंने बताया कि इन सभी के पास से वहां पर गांजा बरामद हुआ था। जहां पर उक्त आरोप में यह लोग वहां के जेल में बंद थे। उक्त मामले को लेकर पुनः पुलिस ने कार्रवाई के दौरान चेन पुलिंग के मामले में इनकी गिरफ्तारी हुई है। वहीं पुलिस टीम ने बेल ले कर अपने घर वापसी के दौरान इन्होंने गैर कानूनी तरीके से चलती ट्रेन को रोकने का प्रयास किया है। सभी पर रेलवे एक्ट के तहत मामला दर्ज कर खगड़िया न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

# मातृ-पुत्री सम्मेलन का हुआ भव्य आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। पुलिस जिला परिक्षेत्र के नारायणपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत स्वामी विवेकानंद सरस्वती शिशु मंदिर बलाहा प्रांगण में मातृ-पुत्री सम्मेलन का भव्य आयोजन हुआ। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शिव शंकर प्रसाद सिन्हा के सानिध्य में विद्यालय प्रांगण में धुमधाम से मातृ व पुत्री का सम्मेलन मनाया गया। इस दौरान विद्यालय के बहनों के द्वारा महिला उत्पीड़न, दहेज प्रथा, बाल विवाह समेत अन्य बातों को लेकर नुक्कड़ नाट्य कला व सांस्कृतिक कार्यक्रम की भव्य प्रस्तुति की। इस अवसर पर विद्यालय के मुख्य अतिथि विधा भारती के क्षेत्रीय बालिका प्रमुख शमीर्ला कुमारी, कार्यक्रम अध्यक्षा लाड़ली देवी, विशिष्ट अतिथि नारायणपुर बीडीओ खुशबू कुमारी, कवयित्री सह शिक्षिका सुनीता बासुकी, मुखिया रंजीता कुमारी, विद्यालय सचिव दिनेश कुमार यादव व अन्य आचार्य की उपस्थिति दर्ज रही थी।वही कार्यक्रम का संचालन रानी कुमारी ने किया तो वही कार्यक्रम की संयोजिका प्रमुख प्रीति दीदी रही थी। इस अवसर पर लगभग पांच सौ माताओं एवं बहनों के अलावे करीब दो सौ से अधिक नामांकित बच्चों के अभिभावकगण उपस्थित थे। इस मौके पर विद्यालय के आचार्य, दीदी जी एवं भैया-बहनों का सराहनीय योगदान रहा था। वही कार्यक्रम के पूर्व विद्यालय परिवार के द्वारा उपस्थित मंचासीन अतिथियों के स्वागत अभिनंदन के साथ पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र भेंट देकर उन्हें सम्मानित किया गया।

# 31 मार्च तक यह सुनिश्चित करें की कोई भी बच्चा स्कूल में फर्श पर नहीं बैठे

प्रात: किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। बिहार सरकार के शिक्षा विभाग ने एक आदेश जारी कर कहा है कि 31 मार्च 2024 के पूर्व यह सुनिश्चित करें की विद्यालय में कोई भी बच्चा फर्श पर नहीं बैठे। इसके लिए बिहार शिक्षा विभाग ने मुंगेर जिला को 10 करोड़ 23 लाख 10000 की राशि स्वीकृत की है। जिला शिक्षा विभाग मुंगेर कार्यालय सूत्रों ने बताया कि बिहार शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव ने महालेखाकार को पत्र भेजकर राशि खर्च करने का दिशा निर्देश दिया है पत्र में कहा गया है कि प्राथमिक विद्यालय माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक में बेंच और डैक्स खरीद के लिए 10 करोड़ 23 लाख 10000 की स्वीकृति सरकार ने दी है। इसमें प्राथमिक विद्यालयों के लिए 6 करोड़ 91 लाख 50000 माध्यमिक और उच्च उत्तर माध्यमिक विद्यालयों के लिए 3 करोड़ 31 लाख 60 हजार स्वीकृति दी गई है पत्र में यह भी कहा गया है कि जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना अपने संबंधित कोषागार से निकासी करेंगे और संबंधित विद्यालय से प्राप्त विपत्र के आधार पर आपूर्ति करने वाले के बैंक खाते में राशि हस्तांतरित करेंगे। इसके साथ ही जिला शिक्षा पदाधिकारी प्राथमिकता के आधार पर विद्यालयों का चयन करेंगे और डैक्स बेंच की संख्या का सूची तैयार करेंगे इसके बाद ही विद्यालय को राशि उपलब्ध कराई जाएगी सूत्रों ने बताया कि प्रधानाध्यापक बेंच डैक्स खरीद के लिए पूर्व में निर्धारित गुणवत्ता के अनुसार विद्यालय के निर्धारित संख्या में बेंच डैक्स खरीदेंगे जिसका एक डैक्स बेंच की कीमत विभाग द्वारा 5000 निर्धारित की गई है प्रधानाध्यापक को बाजार से तीन कोटेशन प्राप्त करना है तथा निर्धारित गुणवत्ता के अनुसार फर्नीचर की खरीद करनी है सूत्रों ने बताया कि प्राथमिक के विद्यालयों की संख्या 1024 है वहीं माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों की संख्या 139 है शिक्षा विभाग बिहार में गड़बड़ी की आशंका को देखते हुए जिला अधिकारी की निगरानी में खरीद प्रक्रिया पुरी की जाएगी।

### मिनी गन फैक्ट्री का हुआ उद्भेदन

भागलपुर। इन दिनों जिले भर में आपराधिक घटनाओं का लगातार ग्राफ बढ़ता जा रहा है, तो वही दूसरी तरफ पुलिस अपराधी गतिविधियों पर लगाम लगाने के उद्देश्य को ले लगातार बैठक कर संबंधित पुलिस कर्मियों के साथ समीक्षा करने के साथ फरमान जारी कर अल्टीमेटम देती दिख रही हैं। इसी कड़ी में एक बार फिर जिला परिक्षेत्र इलाके में पुलिस के मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। जहां अवैध हथियार बरामदगी करने के साथ साथ हथियार बनाने के उपक्रम सहित कई सामान को भरी मात्रा में पुलिस ने बरामद किया गया है।

# फ्लोर टेस्ट में भले ही नीतीश की सरकार पास कर गई हो, जनता के दिलों में तेजस्वी यादव समा गए हैं : प्रोफेसर विनय कुमार सुमन

प्रात: किरण संवाददाता



मुंगेर। बिहार विधानसभा में फ्लोर टेस्ट में भले ही नीतीश कुमार की सरकार पास हो गई हो, पर बिहार की जनता के दिलों में तेजस्वी यादव समा गए हैं। राजद बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव प्रोफेसर विनय कुमार सुमन ने कहा की शासन प्रशासन के खुला नंगा नृत्य के बल पर विधानसभा में भले ही नीतीश सरकार बहुमत हासिल कर लिया हो पर हकीकत यह है कि 11 फरवरी के रात से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निर्देश पर जिस प्रकार बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा ने पुलिस प्रशासन के बल पर जो तांडव मचाया वह बिहार के काले अध्यायों में अंकित हो गय। प्रोफेसर सुमन ने कहा कि बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री युवाओं की धड़कन तेजस्वी याद ने जो कहा था कि बिहार में खेला होवे उसे सत्य होते देखा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बौखला गए, जो भाजपा दूसरे दल के विधायकों को छल,कपट,धन बल के सहारे अपने पक्ष में करके कई राज्यों की बहुमत वाली सरकारों को गिरकर अपनी सरकार बनाई, उसी भाजपा के कई विधायक भाजपा के रडार से बाहर थे जो अमित शाह को कदापि बर्दाश्त नहीं था। अतः बिहार के असहाय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का सहारा लेकर पुलिसिया गुंडागर्दी के बल पर पहले तो चेतन आनंद को रात्रि 2:00 बजे तेजस्वी निवास से जबरन बाहर लाया गया तथा बाद में कई विधायकों के बेटे सहित एन संबंधियों को गिरफ्तार कर विरोधी विधायकों में दहशत फैलाने का सफल प्रयास किया।

# लोजपा को मजबूती देने के लिए प्रदेश अध्यक्ष ने संग्रामपुर के पौडिया ग्राम का किया दौरा

प्रात: किरण संवाददाता



संग्रामपुर (मुंगेर)। लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमुई सांसद चिराग पासवान के निर्देश पर संगठन का विस्तार करने एवं उसे मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से मुंगेर जिला के अध्यक्ष तारापुर मुख्यालय असरगंज टेटिया बंम्बर एवं संग्रामपुर प्रखंड का दौरा करते हुए पौड़िया पहुंचे। उनके साथ तारापुर मुख्यालय के अध्यक्ष संग्रामपुर प्रखंड के अध्यक्ष एवं अन्य कार्यकर्ता शामिल थे। उन्होंने जगह-जगह शिष्टाचार बैठक की। पंचायत लिस्ट की समीक्षा करते हुए कार्यकर्ता को संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। जिलाध्यक्ष का यह दौरा निकट भविष्य में चुनाव को देखते हुए अहम है। जिला अध्यक्ष प्रमोद पासवान छतीश शर्मा द्वारा माला एवं चादर देकर सम्मानित किया गया । जिला अध्यक्ष ने हाथों हाथ छतीश शर्मा को जिला सचिव का नियुक्ति पत्र सौंपा ।इस अवसर पर ग्रामीणों ने ताली बजाकर अपना हर्ष प्रकट किया। बताते चलें कि इस कार्यक्रम के दौरान कमरगामा निवासी तेतर पासवान को जिला अध्यक्ष के द्वारा महासचिव पद पर नियुक्त किया गया।

# शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पद पर प्रो. संजय व सचिव पद पर मनोनीत हुए रंजीत

प्रात: किरण संवाददाता।



नवगछिया (भागलपुर)। अखिल भारतीय यादव महासंघ के शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रो. संजय यादव को बनाया गया है। बता दें कि पटना सिटी के रहने वाले प्रो संजय यादव शिक्षा के क्षेत्र में काफी समय से कार्य कर रहे हैं। अब पटना शहर से लेकर पूरे बिहार में शिक्षा के क्षेत्र में पूरे बिहार में काम करेंगे। वही रंजीत कुमार यादव को प्रदेश सचिव पद के लिए मनोनीत किया गया हैं। उक्त आशय की जानकारी को लेकर यादव महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक कुमार यादव ने बताया कि जितने भी प्रदेश टीम में नव नियुक्त पदाधिकारी बन रहे हैं, सभी को एक्सपीरियंस होल्डर्स के रूप में जाने जाते है। संगठन सबों के ईमानदारी, मेहनती, समर्पण व निष्ठा को देखते हुए जिम्मेदारी दी जा रही है। बताया कि बहुत जल्द सभी विंग कमिटी का गठन किया जायेगा।

# वार्ड पार्षदों ने नगर पंचायत की साधारण बैठक का किया बहिष्कार

प्रात: किरण संवाददाता



संग्रामपुर (मुंगेर)। सोमवार को नगर पंचायत संग्रामपुर के कार्यालय में पूर्व से निर्धारित नगर पंचायत की साधारण बैठक का सभी पार्षदों ने मिलकर बहिष्कार किया। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी सूयानंद सिंह के अलावे मुख्य पार्षद नीलम देवी उपमुख्य पार्षद मनोज साह सहित सभी वार्ड पार्षद मौजूद थे। नगर पंचायत वार्ड संख्या 10 के वार्ड पार्षद सह पार्षद संघ के अध्यक्ष सरोजनी देवी के द्वारा नवगठित नगर पंचायत संग्रामपुर के विकास कार्यों में स्थिरता बरते जाने को लेकर नाराजगी जताते हुए कार्यपालक पदाधिकारी सहित संबंधित विभाग के पदाधिकारियों पर विकास कार्यों के प्रति लापरवाही का आरोप लगाया। बैठक में उपस्थित सभी वार्ड पार्षदों ने कहा कि पिछले 8 महीनें से नवगठित नगर पंचायत संग्रामपुर में एक भी विकास कार्य नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है।ऐसी स्थिति में हम सभी पार्षदों को जनता के कोपभाजन का शिकार होना पड़ता है। वार्ड पार्षदों ने कहा कि नगर पंचायत के गठन के 8 महीने बीत जाने के बावजूद हम सभी पार्षदों का ट्रेनिंग नहीं हो पाया है ऐसे में हम अपने कर्तव्य और दायित्व से वंचित है। किसी भी योजना के रूपरेखा तैयार करने व नगर पंचायत के अन्य किसी भी कार्य में हम पार्षदों को नजर अंदाज किया जाता है। बैठक में उपस्थित सभी वार्ड पार्षदों ने एक सुर में सफाई एजेंसी के खिलाफ भी साफ सफाई के नाम पर खानापूर्ति एवं लापरवाही बरतने की शिकायत की। उन्होंने कहा कि नगर विकास एवं आवास विभाग को भी आवेदन देकर शिकायत की जाएगी। लगभग सभी वार्ड पार्षदों ने साफ सफाई को लेकर शिकायत करते हुए कहा कि एक वार्ड में मात्र एक ही सफाई कर्मी भेजा जाता है। जिससे पूरे वार्ड में साफ सफाई नहीं हो पाती है। पार्षदों ने कहा कि पूर्व में हम लोगों के द्वारा जितनी भी योजनाएं लिख कर दी गई थी उसे भी बदल दिया गया अब जो योजना दिखाई जा रही है वह जन उपयोगी योजनाएं नहीं है। मौके पर उपस्थित कार्यपालक पदाधिकारी श्री सिंह ने कहा कि पूर्व से निर्धारित नगर पंचायत के साधारण बैठक में पेयजल की व्यवस्था, आरटीपीएस काउंटर, आधार सेंटर, वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट पर विचार करने हेतु बैठक आयोजित की गई थी। जहां कुल 114 योजनाओं के बजट को लेकर सभी वार्ड पार्षदों, मुख्य पार्षद, उपमुख्य पार्षद के द्वारा पारित किया जाना था। जहां वार्ड पार्षदों ने विरोध करते हुए अपनी सहमति नहीं बनाई इस आलोक में कोरम पूरा नहीं होने से बैठक को अगले बैठक की सूचना तक स्थगित की गई। उन्होंने कहा कि साफ सफाई को लेकर वार्ड पार्षदों की शिकायत को सुना गया सभी वार्ड में तीन साफ सफाई कर्मी रहेंगे इसकी सूची एजेंसी के सुपरवाइजर से ली गई है। वहीं इस मौके पर वार्ड पार्षद सरोजनी देवी, राजेश केशरी, राधा देवी, वंदना कुमारी, कुमारी दीपिका, मुकेश कुमार, दीनानाथ यादव सहित पार्षद प्रतिनिधि नगर पंचायत कर्मी एवं अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### भागलपुर नगर निगम क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा का दूसरा चरण जारी

भागलपुर। भारत सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को भी भागलपुर नगर निगम क्षेत्र में निरंतर जारी रही । इसके माध्यम से प्रत्येक दिन दो विभिन्न स्थानों पर विशेष कार्यक्रमों के माध्यम से आम जनता तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। भागलपुर जिले के नगरीय क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा में आज नगर के सीएमएस स्कूल के पास तथा खिरनी घाट, भारत माता चौक के आसपास के इलाके में पहुंची। दोनों ही कार्यक्रमों में आम जनता के लिए भागलपुर नगर निगम द्वारा नगर निगम क्षेत्र की आम जनता के लिए विभिन्न योजनाओं का कैंप लगाकर सेवाएँ प्रदान की गईं। कार्यक्रम के लिए प्रतिनियुक्त नगर निगन के नोडल अधिकारी जयप्रकाश यादव ने कहा कि नगर निगम द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के लिए रजिस्ट्रेशन के माध्यम से प्रतिदिन नए लाभार्थियों को इस योजना से जोड़ा जा रहा है।

# ढ़ाई महीने बाद भी पुलिस की हाथ खाली नही मिला चोर से संबंधित कोई सुराग

- चोरी की घटना का अबतक पुलिस नही मिला कोई सुराग और न ही किसी चोर की हुई गिरफ्तारी: ग्रामीण

प्रात: किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। पुलिस जिला परिक्षेत्र इलाके में चोर गिरोह सक्रिय रूप से अपनी वारदात को अंजाम देते चल रहा है। कभी गांव के बंद घर में तो कभी दरवाजे पर रखे वाहन तो कभी चोर गिरोह आसपास के दुकान में अपना हाँथ साफ करने में डटा हुआ दिखाई देता नजर आ रहा है। इसी कड़ी में एक और मामला बिहपुर थाना परिक्षेत्र अंतर्गत 14 नम्बर सड़क किनारे स्थित इंडेन गैस एजेंसी के गोदाम में विगत 27 नवंबर की देर रात अज्ञात चोरों ने गोदाम के मुख्य गेट का बंद ताला काटकर गोदाम में रखा गैस सिलेंडर चोरी की घटना अंजाम दिये जाने का मामला सामने आया था। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक गोदामों में रखा हुआ भरा गैस सिलेंडर की ढेड़ से कुल 48 सिलेंडर चोरी की वारदात को अंजाम दे चोर ले उड़ा था। वही मामले को लेकर स्थानीय गैस एजेंसी के संचालक द्वारा बिहपुर थाना में लिखित आवेदन देकर घटना की जानकारी देते हुए अज्ञात चोर के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया था। वही दूसरी तरफ घटना के ढाई महीने बाद भी बिहपुर पुलिस के हाथ खाली चल रहा है।

तो वही चोर गिरोह पुलिस को चुनौती देने के साथ सक्रिय रूप से अपनी वारदात को अंजाम देने में डटा हुआ है। मामले को लेकर एजेंसी के प्रोपराइटर बिहपुर के मो. शमशाद आलम ने कहा कि बिहपुर थाना में आवेदन देकर अज्ञात चोर के विरुद्ध केस दर्ज कराया था। लेकिन पुलिस द्वारा आवेदन दिये जाने के बाद भी अबतक चोरी के घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर का पता नहीं लगा पायी है। वही उन्होंने अपने आवेदन पत्र में कहा था कि घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के 46 और 2 कॉमर्शियल कुल 48 सिलेंडर चोरों द्वारा चोरी कर ले उड़ा है। गौरतलब हो कि चोरी की घटना के ढाई महीने बाद भी बिहपुर पुलिस की हाथ खाली है। वही लगातार हो रही चोरी की घटना के मामले में पुलिस के द्वारा अबतक चोर से संबंधित जानकारी या कोई सुराग का पता लगा पायी है। पुलिस के आश्वासन के बाद भी पुलिस के सामने चोर गिरोह का तांडव मचा हुआ है। वही दूसरी तरफ चोर सक्रिय होकर क्षेत्र इलाके में अगला शिकार तलासने में हर घड़ी ताक में चल रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के गांव इलाके के मुख्य चौक चौराहे पर चोरों का तांडव सिर चढ़कर बोल रहा है। वही गैस एजेंसी के चोरी मामले को लेकर थाना स्तर पर अनुसंधानकर्ता एएसआई मुकेश कुमार को केस का भार दिया गया हैं।

बीसीसीआई अफसर बोले

# गलत सिग्नल दे रहे राहुल

- फिट नहीं तो बैटिंग का वीडियो क्यों पोस्ट किया, चोट के कारण तीसरे टेस्ट से बाहर हैं केएल

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** केएल राहुल के तीसरे टेस्ट से बाहर होने पर बीसीसीआई ने सवाल उठाए। बोर्ड अधिकारी ने कहा कि राहुल अगर फिट नहीं हैं तो वह इंस्टाग्राम पर अपनी बैटिंग की वीडियो पोस्ट क्यों कर रहे हैं। ऐसा करने से वह बोर्ड को गलत सिग्नल भेज रहे हैं। टीम इंडिया के बैटर राहुल इंजरी के कारण इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए थे। उन्हें आखिरी 3 टेस्ट के स्क्वॉड में शामिल किया गया, लेकिन सोमवार को ही बीसीसीआई ने बताया कि राहुल फिट नहीं हैं और वह तीसरा टेस्ट नहीं खेल सकेंगे।

**राहुल को संभालने में मेडिकल टीम की भी गलती–** बीसीसीआई ऑफिशियल ने मीडिया से कहा, अगर बीसीसीआई मेडिकल टीम को पता था कि राहुल की चोट गंभीर है तो उन्होंने राहुल को स्क्वॉड में शामिल करने की छूट दी ही क्यों? और खिलाड़ी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी बैटिंग की वीडियो पोस्ट कर गलत सिग्नल क्यों भेज रहे हैं?

राहुल ने पिछले दिनों इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी बैटिंग की वीडियो शेयर की थी। बीसीसीआई अधिकारी का कहना है कि राहुल ने वीडियो शेयर की, इसीलिए उन्हें लगा कि वह खेलने के लिए फिट हैं।

**राहुल 90 प्रतिशत ही फिट हो सके–** इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी 3 टेस्ट के लिए टीम इंडिया का ऐलान शनिवार को हुआ। राहुल के साथ दूसरा टेस्ट नहीं खेल सके रवींद्र जडेजा को भी स्क्वॉड में जगह मिली। हालांकि, बीसीसीआई ने कहा कि दोनों की फिटनेस रिपोर्ट आने के बाद ही उन्हें मैच खेलने दिया जाएगा। अब सोमवार को बीसीसीआई ने ही बताया कि राहुल तीसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। राहुल 90 प्रतिशत ही फिट हैं और वह बेंगलुरु में रहकर एनसीए की निगरानी में रिकवरी करेंगे। ताकि वह चौथे और पांचवें टेस्ट के लिए फिट हो सकें।

## राहुल की जगह पड्डिकल शामिल

राहुल की जगह कर्नाटक के ही लेफ्ट हैंड बैटर देवदत्त पड्डिकल को स्क्वॉड में शामिल किया गया। पड्डिकल इस वक्त रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। वह 2024 के सीजन में 4 ही मुकाबलों में 556 रन बना चुके हैं। उन्होंने 3 शतक लगाए। पिछले दिनों तमिलानडु के खिलाफ 151 रन की पारी के दौरान टीम इंडिया के चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर स्टेडियम में बैठकर उनका प्रदर्शन भी देख रहे थे।



## जडेजा टीम के साथ जुड़े

बीसीसीआई स्टेटमेंट के बाद राहुल एनसीए में ही रुक गए, जबकि रवींद्र जडेजा राजकोट में टेस्ट खेलने के लिए टीम के साथ जुड़ गए हैं। राजकोट उनका होमग्राउंड है, जहां 15 फरवरी को मुकाबला शुरू होने से पहले उन्हें सम्मानित किया जाएगा। उनके साथ भारत के लिए 100 से ज्यादा टेस्ट खेल चुके चेतेश्वर पुजारा को भी बोर्ड सम्मानित करेगा। हालांकि, जडेजा तीसरा टेस्ट तभी खेलेंगे जब वह पूरी तरह फिट होंगे। अगर वह खेले तो अक्षर पटेल या कुलदीप यादव में से किसी एक को बाहर बैठना पड़ सकता है। दूसरे टेस्ट में कुलदीप ने अपनी बॉलिंग से इंग्लिश बैटर्स को परेशान किया था। वहीं अक्षर दोनों टेस्ट में अपनी बैटिंग से प्रभावित कर चुके हैं। टीम के तीसरे स्पिनर रविचंद्रन अश्विन रहेंगे।

## डेब्यू कर सकते हैं सरफराज

राहुल के बाहर होने के बाद अब साफ हो गया है कि तीसरे टेस्ट में सरफराज खान या देवदत्त पड्डिकल डेब्यू करेंगे। दूसरे टेस्ट में डेब्यू करने वाले रजत पाटीदार नंबर-4 पर उतर सकते हैं। वहीं श्रेयस अय्यर के बाहर होने से नंबर-5 की पोजिशन पर अब सरफराज या पड्डिकल में से किसी एक को मौका मिल सकता है।

न्यूज़ीलैंड - साउथ अफ्रीका दूसरा टेस्ट, पहला दिन

# स्वार्ट अर्धशतक बनाकर नाबाद, स्टंप्स तक साउथ अफ्रीका का स्कोर 220/6

**हैमिल्टन (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला हैमिल्टन में खेला जा रहा है। मैच के पहले दिन मंगलवार को साउथ अफ्रीका ने दिन का खेल खत्म होने तक छह विकेट के नुकसान 220 रन बना लिए हैं। मेहमान टीम साउथ अफ्रीका से रुआन डे स्वार्ट 55 और शॉन वॉन बर्ग 34 रन बनाकर नाबाद लौटे। स्वार्ट ने टेस्ट करियर का पहला अर्धशतक लगाया। कीवी टीम से रचिन रवींद्र ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए।



**साउथ अफ्रीका की शुरुआत खराब रही–** टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी साउथ अफ्रीका की खराब शुरुआत रही। विकेटकीपर-बैटर क्लाइड फोर्च्यून बिना खाता खोले ही आउट हो गए। इसके बाद टीम को दूसरा झटका कप्तान नील ब्रांड के रूप में लगा। ब्रांड 25 रन बनाकर आउट हुए। रेनार्ड वान टोंडर 32 रन बनाकर आउट हुए। जुबैर हमजा ने 20 और डेविड बेडिंघम ने 39 रन बनाए। कीगन पीटरसन 2 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

**रचिन अब तक सबसे ज्यादा विकेट ले चुके–** न्यूजीलैंड की ओर से रचिन रवींद्र 3 विकेट ले चुके हैं। उनके अलावा मैट हेनरी, विलियम ओरूर्के और नील वेगनर को 1-1 विकेट मिला। कप्तान टिम साउदी ने 21 ओवर में 54 रन दिए। इस दौरान उन्होंने 7 मेडन ओवर फेकें।

# जीवंत विकेट क्रिकेट के लिए अच्छा, लेकिन आगे टर्निंग विकेट देखने को मिल सकते हैं : कुलदीप

राजकोट। भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव ने मंगलवार को कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ वर्तमान टेस्ट श्रृंखला के आगामी मैचों में टर्निंग विकेट देखने को मिल सकते हैं लेकिन इसके साथ ही उन्होंने स्वीकार किया कि पहले दो टेस्ट मैचों के लिए तैयार किए गए जीवंत विकेट क्रिकेट के लिए अच्छा है। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला अभी 1-1 से बराबरी पर है। तीसरा टेस्ट मैच गुरुवार से सौराष्ट्र क्रिकेट संघ (एससीए) स्टेडियम में खेला जाएगा। कुलदीप ने मंगलवार को भारतीय टीम के अभ्यास सत्र से पूर्व संवाददाता सम्मेलन में कहा, ह्यह्यकुल मिलाकर सभी चीज महत्वपूर्ण हैं। तेज गेंदबाज अपनी भूमिका निभा रहे हैं जैसे कि पिछले मैच में आपने देखा होगा। इसलिए जीवंत विकेट क्रिकेट के लिए अच्छा होता है। लेकिन ऐसा नहीं है की आपको आगे टर्निंग विकेट देखने को नहीं मिलेंगे। उम्मीद है कि आपको आगे इस तरह के विकेट देखने को मिलेंगे।'' भारतीय टीम को अभी तक इंग्लैंड के आक्रामक खेल का सामना करना पड़ा है। इंग्लैंड ने पहला टेस्ट मैच आसानी से जीता था लेकिन भारत ने दूसरे टेस्ट मैच में जीत दर्ज करके शानदार वापसी की। पहले दोनों मैच पूरी तरह से स्पिनरों के मददगार विकेट पर नहीं खेले गए। कुलदीप से पूछा गया कि पहले दो टेस्ट मैच के लिए स्पिनरों के अनुकूल विकेट तैयार क्यों नहीं किए गए, उन्होंने कहा, ह्यह्यमुझे पता नहीं। मैं पूरी तरह से स्पिनरों को मदद करने वाले विकेट पर नहीं खेला हूं। मैं (ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ) घरेलू मैदानों पर खेली गई पिछली श्रृंखला में नहीं खेला था।'' उन्होंने कहा, ह्यह्यमुझे नहीं पता कि हमारा दृष्टिकोण या सोच क्या होगी। असल में यह टीम प्रबंधन का फैसला होता है। निश्चित तौर पर आप सब भी अच्छी क्रिकेट देखना चाहते हो। अच्छी क्रिकेट के लिए अच्छे विकेट का होना महत्वपूर्ण है।'' कुलदीप से पूछा गया कि तीसरे टेस्ट मैच में टर्निंग विकेट होना चाहिए या नहीं, उन्होंने कहा, ह्यह्यमैं इस बारे में नहीं जानता। मुझे जब भी खेलने का मौका मिलता है तो मैं उसका पूरा लुत्फ उठाता हूं फिर चाहे विकेट सपाट हो या टर्निंग। हमारे लिए स्पिन गेंदबाजी ही नहीं बल्लेबाजी भी महत्वपूर्ण है।'' कुलदीप ने स्वीकार किया कि इंग्लैंड का बल्लेबाजी में आक्रामक रवैया टेस्ट क्रिकेट में असामान्य बात है। उन्होंने कहा, ह्यह्यटेस्ट क्रिकेट में आप बल्लेबाजी में इस तरह के आक्रामक रवैए के आदी नहीं होते हो। लेकिन ऐसी स्थिति में एक स्पिनर होने के नाते आप खेल में अधिक ध्यान केंद्रित करते हो कि आपको किस तरह से गेंदबाजी करनी है और आपका रवैया कैसा होगा।''

## हम टूनार्मेंट के सबसे महत्वपूर्ण चरण में प्रवेश कर रहे हैं : सुनील कुमार

कोलकाता। जयपुर पिंक पैंथर्स ने सोमवार को यहां यूपी योद्धा पर 67-30 से बड़ी जीत दर्ज करके प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पैंथर्स ने इस मैच में इस सीजन की अब तक की सबसे बड़ी जीत और सबसे अधिक अंक दर्ज किए। सेमीफाइनल में जगह पक्की करने को लेकर जयपुर पिंक पैंथर्स के सुनील कुमार ने कहा, सेमीफाइनल में पहुंचना बहुत अच्छा लग रहा है। हमने पिछले सीजन में सीधे सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया था और ट्रॉफी भी जीती थी। हमने यहां तक पहुंचने के लिए अच्छा खेला है। हम निश्चित रूप से सेमी और फाइनल के लिए अच्छी तैयारी करेंगे। हम टूनार्मेंट के सबसे महत्वपूर्ण चरण में प्रवेश कर रहे हैं। मैच में टीम के प्रदर्शन के बारे में पूछे जाने पर कप्तान ने कहा, खेल के शुरूआती मिनटों में रक्षा इकाई ने कुछ गलतियाँ कीं। हालांकि, जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ा हम बेहतर होते गए और बड़े अंतर से गेम जीत लिया। अर्जुन देशवाल निश्चित रूप से एक रेड मशीन हैं। वह अपने बाकी साथियों पर दबाव नहीं पड़ने देते। प्लेऑफ में जाने से पहले जयपुर पिंक पैंथर्स को लीग चरण के दो और मैच खेलने हैं। अपने आखिरी दो मैचों में वे कैसे खेलेंगे, इस बारे में सुनील ने कहा, हम किसी भी मैच को हल्के में नहीं लेंगे। हम अपने अगले दो लीग-चरण मैचों में भी अपना सर्वश्रेष्ठ देना जारी रखेंगे। इसके अलावा, कोलकाता में खेलना अच्छा लगा। हमें यहां के प्रशंसकों से बहुत समर्थन मिला। जयपुर के प्रशंसकों को कोलकाता में भी देखकर अच्छा लगा। जयपुर पिंक पैंथर्स का अगला मुकाबला शुक्रवार को पंचकुला के ताऊ देवीलाल इनडोर स्टेडियम में तेलुगु टाइटंस से होगा।


**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given that the Certificate(s) for the undermentioned equity shares of the Bajaj finance limited have been reported lost or misplaced or stolen and that an application for issue of duplicate certificate in respect thereof has been made to the company

Any person who has a claim in respect of the said shares should lodge the same with the company at its registered office located at Mumbai - Pune Road Akurdi, Pune, Maharashtra, 411035 within 15 days from the date of publication of this notice after which no claim will be entertained and the Company will proceed to issue duplicate Share Certificates.

| Company Name | Folio No. | No. of equity shares and Face Value (F.V.) | Name of Share holder | Share Certificate No. | Distinctive Number From | Distinctive Number To |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Bajaj Finance Limited | BFL 0026095 | No.: 1600 F.V.: Rs. 2/- | Pacific Industries Limited | 658582 | 269231221 | 269232820 |
| | | No.: 1600 F.V.: Rs. 2/- | Pacific Industries Limited | 717337 | 538592171 | 538593770 |

Place: Udaipur
Dated: 10.02.2024

Pacific Industries Limited
Sd/-
Company Secretary



**कार्यालय नगर पंचायत अगवानपुर- जनपद मुदादाबाद**

पत्रांक: 251/ न0पं0 अ0/ निविदा/ कुटेशन - 2023- 2024 दिनांक: 12- 02-2024

**अल्पकालीन निविदा/ कुटेशन सूचना**

एत द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत अगवानपुर, मुरादाबाद की कान्हा गौशाला में रखे गये निराश्रित एवं बेसहारा गौवंश पशुओं के भरण-पोषण हेतु राज्य वित्त आयोग द्वारा प्राप्त धनराशि से भूसे का क्रय किया जाना है। इस हेतु नगर पंचायत कुटेशन आमन्त्रित (प्रति कुन्तल की दर से) करती है। सम्बन्धित फर्म / ठेकेदार / संस्था भूसा आपूर्ति हेतु प्रति कुन्तल के हिसाब से अपनी कुटेशन दिनांक 20.02.2024 दोपहर 2.00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत अगवानपुर में दे सकता है। जो उसी दिन सायं 4.00 बजे समस्त निविदा/कुटेशन अध्यक्ष महोदय, नगर पंचायत अगवानपुर, मुरादाबाद के समक्ष खोली जायेगी। कुटेशन की विस्तरित नियम व शर्ते कार्यालय में देखी जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत अगवानपुर
जनपद मुदादाबाद

अध्यक्ष
नगर पंचायत अगवानपुर
जनपद मुदादाबाद



**बिहार सरकार**

**भवन निर्माण विभाग**

**कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय**

**अतिअल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं०–112 वर्ष 2023–24**

भवन निर्माण विभाग के निबंधित संवेदको/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक–22.02.2024 के अपराह्न 12.00 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, द0बि0अं0, भ0नि0 विभाग, पटना/ कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग पटना, सहायक अभियंता, बेली रोड अवर प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग पटना, सहायक अभियंता, साउथ बेली रोड अवर प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना एवं गोलघर अवर प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.30 बजे अपराहन मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मुल्य (रूपये में):–

प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य जो ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (ओ–ग्रास) के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी (कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, पटना) के पदनाम से प्रत्येक कार्य के लिए अलग–अलग जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का जमा होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास का (Computerize Receipt) रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा जो निम्न प्रकार है:– रू 0 से 50,000 रू. तक 250 रू./ 50,001 रू. से 2,50,000 रू. तक 500 रू./ 2,50,001 रू. से 5,00,000 रू. तक 750 रू./5,00,001 रू. से 10,00,000 रू. तक 1250 रू./10,00,001 रू. से 15,00,000 रू. तक 2500 रू. । एवं अग्रधन की राशि 2% (कोटेड राशि का मूल दो प्रतिशत) कोटेशन के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

| क्रम सं० | कार्य का नाम/विशिष्टियों |
|---|---|
| A | S/R TO PH WORK IN 12 SET FLAT NO.-8/12 AT SHASTRI NAGAR PATNA FOR THE THE YEAR 2023-24 |
| B | Renovation of UPVC Windows 6th floor 'D'-Block in Niyojan Bhawan Patna for the year 2023-24. |

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 017444 (BCD) 2023-24

कार्यपालक अभियंता
पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।



**बिहार सरकार**

**भवन निर्माण विभाग**

**कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय**

**अतिअल्पकालिन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–113 वर्ष 2023–24**

भवन निर्माण विभाग के निबंधित संवेदको/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक–22.02.2024 के अपराह्न 12.00 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, द0बि0अं0, भ0नि0 विभाग, पटना/ कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग पटना, सहायक अभियंता, बेली रोड अवर प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग पटना, सहायक अभियंता, साउथ बेली रोड अवर प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना एवं गोलघर अवर प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.30 बजे अपराहन मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

**कोटेशन का मुल्य (रूपये में):–**

प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य जो ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (ओ–ग्रास) के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी (कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, पटना) के पदनाम से प्रत्येक कार्य के लिए अलग–अलग जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का जमा होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास का (Computerize Receipt) रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा जो निम्न प्रकार है:– रू 0 से 50,000 रू. तक 250 रू./ 50,001 रू. से 2,50,000 रू. तक 500 रू./ 2,50,001 रू. से 5,00,000 रू. तक 750 रू./5,00,001 रू. से 10,00,000 रू. तक 1250 रू./10,00,001 रू. से 15,00,000 रू. तक 2500 रू. । एवं अग्रधन की राशि 2% (कोटेड राशि का मूल दो प्रतिशत) कोटेशन के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

| क्रम सं० | कार्य का नाम/विशिष्टियों |
|---|---|
| A | S/R to W/S, S/I & S/S and Renovation of Bathroom at Resi No -A3/8, A3/25, B3/10, B3/20 and B3/21, 96 Officers Flat at Nehru Path, Patna for the year 2023-24 |
| B | S/R to W/S, S/I & S/S and Renovation of Bathroom at Resi No -B3/23, B3/41 and B3/46, 96 Officers Flat at Nehru Path, Patna for the year 2023 -24 |

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर देखी जा सकती है।

PR- 17443 ( B C D ) 2023-24

कार्यपालक अभियंता
पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना।

नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है



**भवन निर्माण विभाग**

बिहार सरकार

**कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय**

अतिअल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं०–111 वर्ष 2023–24

भवन निर्माण विभाग के निबंधित संवेदको/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक–21.02.2024 के अपराह्न 12.00 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, द0बि0अं0, भ0नि0 विभाग, पटना/ कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग पटना, सहायक अभियंता, बेली रोड अवर प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग पटना, सहायक अभियंता, साउथ बेली रोड अवर प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना एवं गोलघर अवर प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.30 बजे अपराहन मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मुल्य (रूपये में):–

प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य जो ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (ओ–ग्रास) के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी (कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, पटना) के पदनाम से प्रत्येक कार्य के लिए अलग–अलग जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का जमा होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास का (Computerize Receipt) रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा जो निम्न प्रकार है:– रू 0 से 50,000 रू. तक 250 रू./ 50,001 रू. से 2,50,000 रू. तक 500 रू./ 2,50,001 रू. से 5,00,000 रू. तक 750 रू./5,00,001 रू. से 10,00,000 रू. तक 1250 रू./10,00,001 रू. से 15,00,000 रू. तक 2500 रू. । एवं अग्रधन की राशि 2% (कोटेड राशि का मूल दो प्रतिशत) कोटेशन के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

| क्रम सं० | कार्य का नाम/विशिष्टियों | मात्रा | ईकाई | उद्घृत दर (अंक एवं अक्षर में) |
|---|---|---|---|---|
| A | S/R TO W/S, S/S, AND S/I OF PH WORK IN 96 OFFICER'S FLAT NO. B3/66 AT NEHRU PATH PATNA FOR THE YEAR 2023 -34 | | | |
| B | S/R TO W/S, S/S , AND S/I OF PH WORK IN 96 OFFICER'S FLAT NO. A3/23, B3/17, B3/28 AT NEHRU PATH PATNA FOR THE YEAR 2023 - 24 | | | |

PR. No. 017445 (BCD) 2023-24

कार्यपालक अभियंता
पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।



**भवन निर्माण विभाग**

बिहार सरकार

**कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय**

**अतिअल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–110 वर्ष 2023–24**

भवन निर्माण विभाग के निबंधित संवेदको/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक–21.02.2024 के अपराह्न 12.00 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, द0बि0अं0, भ0नि0 विभाग, पटना/ कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग पटना, सहायक अभियंता, बेली रोड अवर प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग पटना, सहायक अभियंता, साउथ बेली रोड अवर प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना एवं गोलघर अवर प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.30 बजे अपराहन मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मुल्य (रूपये में):–

प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य जो ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (ओ–ग्रास) के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी (कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, पटना) के पदनाम से प्रत्येक कार्य के लिए अलग–अलग जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का जमा होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास का (Computerize Receipt) रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा जो निम्न प्रकार है:– रू 0 से 50,000 रू. तक 250 रू./ 50,001 रू. से 2,50,000 रू. तक 500 रू./ 2,50,001 रू. से 5,00,000 रू. तक 750 रू./5,00,001 रू. से 10,00,000 रू. तक 1250 रू./10,00,001 रू. से 15,00,000 रू. तक 2500 रू. । एवं अग्रधन की राशि 2% (कोटेड राशि का मूल दो प्रतिशत) कोटेशन के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

| क्रम सं० | कार्य का नाम/विशिष्टियों | मात्रा | ईकाई | उद्घृत दर (अंक एवं अक्षर में) |
|---|---|---|---|---|
| A | S/R to W/S, S/I & S/S and Renovation of Bathroom at Resi No -B3/22, B3/40, B3/51 and B3/65, 96 Officers Flat at Nehru Path, Patna for the year 2023 -24 | | | |
| B | S/R to W/S, S/I & S/S and Renovation of Bathroom at Resi No -A3/14, 96 Officers Flat at Nehru Path, Patna for the year 2023 -24 | | | |

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR- 017447 (BCD) 2023-24

कार्यपालक अभियंता
पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

## संक्षिप्त समाचार

### महर्षि दयानंदजी की 200वीं जयंती पूरे देश के लिए एक ऐतिहासिक अवसरः राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**टंकारा (गुजरात) एजेंसी।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, ने महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती - ज्ञान ज्योति पर्व - स्मरणोत्सव के उत्सव में भाग लिया। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने राज्यपाल श्री आचार्य देवव्रतजी एवं मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्रभाई पटेल के साथ समारोह स्थल करसनजी के प्रांगण में बने यज्ञशाला में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवनकुंड में आहुतियां दीं और सभी प्राणियों के कल्याण की कामना की। इस मंगल अवसर पर कन्या गुरुकुल, वाराणसी की शिक्षिकाओं एवं छात्राओं ने वैदिक मंत्रोच्चार किया।यज्ञ में आहुतियां देने के बाद अध्यक्ष श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने महर्षि दयानंद सरस्वतीजी के जीवन दर्शन को प्रदर्शित करने वाले प्रदर्शनी हॉल का अवलोकन किया और महर्षि के विचारों और सामाजिक उत्थान के कार्यों से परिचित हुईं। राज्यपाल श्री आचार्य देवव्रत जी ने राष्ट्रपति श्री द्रौपदी मुर्मू एवं मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्रभाई पटेल को इस प्रदर्शनी हॉल की जानकारी दी।माननीय राष्ट्रपति जी ने महर्षि दयानंद सरस्वतीजी की 200वीं जयंती-स्मरणोत्सव कार्यक्रम में स्वामी जी की स्मृति में 15 एकड़ में बनने वाले बनने वाले ज्ञान ज्योति तीर्थ की आधारशिला रखी।राज्यपाल श्री आचार्य देवव्रत जी ने टंकारा में ज्ञान ज्योति तीर्थ की प्रतिकृति के माध्यम से इस तीर्थ में बनने वाले अनुसंधान केंद्र, विद्यालय, पुस्तकालय, दर्शनीय परिसर आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। तीन दिवसीय स्मरणोत्सव के समापन पर बोलते हुए भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि महर्षि दयानंदजी की 200वीं जयंती पूरे देश के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। हमारी भारत भूमि एक धन्य भूमि है, जिसने महर्षि दयानंद सरस्वती जैसी अद्भुत प्रतिभाओं को जन्म दिया है। आध्यात्मिक रोगविज्ञानी श्री अरबिंदो ने महर्षि दयानंद के बारे में कहा, वे मनुष्यों और संस्थाओं के आदर्श थे। आज आर्य समाज के लगभग 10 हजार केन्द्र मानवता के विकास एवं कल्याण हेतु कार्य कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि लोकमान्य तिलक, लाला हंसराज, लाला लाजपतराय जैसे महान क्रांतिकारियों का स्वामी जी के आदर्शों पर गहरा प्रभाव था। स्वामीजी और उनके असाधारण अनुयायियों ने देश के लोगों में एक नई चेतना का विश्वास जगाया। राष्ट्रपति ने काठियावाड़ की धरती की विशेषताओं का जिक्र करते हुए कहा कि महर्षि दयानंद के बाद की पीढ़ियों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म हुआ. स्वामी जी ने समाज सुधार का बीड़ा उठाया और सत्यार्थ प्रकाश नामक अमर ग्रन्थ की रचना की।

### संसद में 5 साल एकदम खामोश ही रहे सांसद शत्रुघ्न सिन्हा और सनी देओल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मेज थपथपाना, बिल लाना, चर्चा बढ़ना, बहस करना जैसी कई गतिविधियों की गवाह संसद बनती है। इसमें कुछ नया भी नहीं है और अधिकांश सांसद इसमें शामिल भी नजर आते हैं। अब इनमें कुछ सदस्य ऐसे भी हैं, जो बहस तो दूर की बात, बल्कि चुप्पी साधे बैठे रहते हैं। इनमें भारतीय जनता पार्टी से सांसद सनी देओल से लेकर तृणमूल कांग्रेस के शत्रुघ्न सिन्हा तक का नाम शामिल है। कहा जा रहा है कि ऐसे सांसदों की संख्या करीब 9 है, जो पूरे 5 सालों के कार्यकाल के दौरान सदन को एक बार भी संबोधित नहीं कर सके। गुरदासपुर से सांसद देओल का नाम भी इस सूची में है। हालांकि, असनसोल सांसद सिन्हा कुछ मौकों पर संसद में नजर भी आए। साथ ही वह विपक्षी सांसदों की तरफ से किए जा रहे प्रदर्शनों का हिस्सा भी बने। इस दौरान सिन्हा ने एक बार भी कोई सवाल दाखिल नहीं किया। साथ ही वह अपने क्षेत्र से जुड़े मुद्दे को उठाने में भी असफल रहे। सदन की कार्यवाही में शामिल नहीं होने वाले सांसदों में बीजापुर से भाजपा सांसद रमेश चंद्रप्पा जीगाजिनागी, बहुजन समाज पार्टी से अतुल राय, टीएमसी के दिब्येंदु अधिकारी और भाजपा से ही प्रधान बरुआ, बीएन बचे गौड़ा, अनंत कुमार हेगड़े और वी श्रीनिवास प्रसाद का नाम शामिल है। खबर है कि लोकसभा स्पीकर बनने के बाद से ही ओम बिरला ने पहली बार बने सांसदों की सूची तैयार की थी। उन्होंने सभी को कम से कम एक बार सदन में बोलने के लिए प्रेरित भी किया था। हालांकि, उनके तमाम प्रयासों के बाद भी ऐसे कई सांसद रहे, जो साल 2019 से लेकर 2024 के बीच संसद में एक भी भाषण नहीं दे सके।

# एकला चलो की राह पर आप-कांग्रेस, सीट शेयरिंग पर बनेगी बात, केजरीवाल के बयान से अटकलें तेज



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सभी पार्टियों ने लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं। कांग्रेस के बाद, आम आदमी पार्टी (आप) मंगलवार को दिल्ली की सात लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों को लेकर फैसला करने वाली है। हालांकि दोनों पार्टियां इस बात पर कायम हैं कि वे दिल्ली में भाजपा के खिलाफ संयुक्त मोर्चा बनाने के लिए सीट-बंटवारे के समझौते के लिए प्रतिबद्ध हैं। हालांकि दोनों दलों के सूत्र इस बात को स्वीकार करते हैं कि लोकसभा सीटों के बंटवारों में एक-दूसरे को तेवर दिखाने से मामले में देरी हो रही है।

कांग्रेस सूत्रों ने कहा कि अन्य राज्यों में सीटें हासिल करने की आप की जिद गठबंधन के लिए अच्छा संकेत नहीं है। आप के सूत्रों ने कहा कि सबसे पुरानी पार्टी इन सीटों पर आप को देने में अपने पैर पीछे खींच रही है, जिससे लाभ की तुलना में नुकसान ज्यादा हो रहा है। इसी बीच, कांग्रेस ने दिल्ली की सात सीटों के लिए संभावित उम्मीदवारों के एक पैनल को अंतिम रूप दे दिया है। सूत्रों ने कहा कि आप एक बैठक में दिल्ली के साथ-साथ गोवा और हरियाणा सहित अन्य राज्यों में मंगलवार को राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक में उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा करने वाली है।

कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, गठबंधन को अंतिम रूप देने की बातचीत आप की गुजरात में भरूच सीट, चंडीगढ़ सीट और हरियाणा में एक सीट की मांग पर अटकी हुई है। अन्य राज्यों में आप को सीटें छोड़ने से दिल्ली में 4-3 सीटों के बंटवारे का समझौता क्यों होना चाहिए उन्होंने कहा कि अंतिम फैसला जल्द ही पार्टी आलाकमान करेगा। आप के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, हमने सीट-बंटवारे का प्रस्ताव दिया है। हां, अन्य राज्यों में पार्टी सीट मांग रही है, जिनके बारे में अभी खुलासा न किया जाए तो बेहतर होगा। कांग्रेस को जवाबी प्रस्ताव के साथ हमारे साथ बातचीत के लिए वापस आना था, जो अभी तक नहीं आई है। सिर्फ हम ही नहीं, देश भर के गठबंधन सहयोगियों ने बाहर निकलने से पहले पार्टी की तरफ से इसी तरह की स्पष्टता का इंतजार किया था। समय ही सबसे महत्वपूर्ण है।

पंजाब में अकेले चुनाव लड़ने के आप के फैसले की घोषणा के बाद, शनिवार को लुधियाना में एक सभा में, केजरीवाल ने एक दिन बाद तरनतारन में यह कहकर अटकलें तेज कर दीं कि दिल्ली के लोगों ने राजधानी में सभी सात लोकसभा सीटें आप को अलॉट करने का फैसला किया है। सोमवार को आप के दिल्ली संयोजक गोपाल राय ने कहा, आप इंडिया गठबंधन का हिस्सा है लेकिन, हमारा मानना है कि अब बहुत देर हो चुकी है। सीट बंटवारे पर तेजी से फैसले लेने की जरूरत है। केजरीवाल के बयान पर राय ने कहा, उनका मतलब था कि बीजेपी दिल्ली की सभी सात सीटें हारने वाली है।

आप के राष्ट्रीय प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने एक अन्य प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मुझे विश्वास है कि आप सभी सात सीटें जीतेगी, भले ही अभी चुनाव हों। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस के साथ गठबंधन पर बातचीत अभी भी जारी है। वहीं दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने कहा, हम गठबंधन के लिए प्रतिबद्ध हैं। लेकिन राजधानी में लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए भी तैयार हैं। कांग्रेस एकमात्र ऐसी पार्टी है जो पहले ही पांच सीटों पर बड़ी जनसभाएं कर चुकी है। हम न सिर्फ मजबूती से इंडिया गठबंधन के साथ हैं बल्कि बीजेपी से लड़ने के लिए भी तैयार हैं।

## यूपी में हारी सीटों पर बीजेपी ने प्रत्याशियों को लेकर कराया सर्वे, कई सांसदों के पाला बदल की चर्चाएं

**लखनऊ, एजेंसी।** 2019 को लोकसभा चुनाव में प्रदेश की हारी हुई सीटों पर लखनऊ से लेकर दिल्ली तक प्रत्याशी चयन को लेकर कवायद चल रही है। इस बीच प्रदेश भाजपा ने सभी हारी सीटों पर टिकट के दावेदारों को लेकर सर्वे कराया है। हर सीट पर दो-दो पर्यवेक्षक भेजे गए थे। कुछ पर्यवेक्षकों ने रिपोर्ट सौंप दी है तो बाकी सौंपने वाले हैं। कई सीटों पर दावेदारों की लंबी फेहरिस्त है तो कई जगह बाहरी प्रत्याशी उतारने की डिमांड भी सामने आई है। कुछ जगह मौजूदा सांसदों के भी पाला बदल की चर्चाएं हैं।

भाजपा ने पिछले लोकसभा चुनाव में प्रदेश की 80 में से 62 सीटों पर जीत दर्ज की थी जबकि दो सीट उसके सहयोगी अपना दल (एस.) ने जीती थीं जबकि विपक्षी दलों में बसपा ने 10, सपा ने 5 और कांग्रेस ने एक सीट पर जीत दर्ज की थी। मगर उपचुनाव में भाजपा ने आजमगढ़ और रामपुर सीटें भी सपा से छीन ली थीं। इस तरह भाजपा की सीटें 64 और एनडीए की बढ़कर 66 हो गई थीं। अब प्रदेश में 14 हारी हुई सीटें हैं। पार्टी की ओर से इन सभी सीटों पर हाल ही में पर्यवेक्षक भेजे गए थे। इनमें प्रदेश सरकार के कई वरिष्ठ मंत्रियों के साथ ही प्रदेश पदाधिकारी शामिल थे। इन सभी को मानक भी बता दिए गए थे कि किस स्तर के पार्टी नेताओं से उन्हें रायशुमारी करनी है।

पार्टी सूत्रों की मानें तो कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह को घोसी, मंत्री धर्मपाल सिंह को श्रावस्ती, नीलिमा कटियार को मुरादाबाद, नवीन जैन को बिजनौर, प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह को मैनपुरी, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह को अंबेडकर नगर, विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल को जौनपुर, प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला को सहारनपुर, प्रदेश मंत्री शंकर गिरि को संभल, पंकज सिंह व विजय शिवहरे को अमरोहा, रंजना उपाध्याय को रायबरेली भेजा गया था। इनमें से कइयों ने रिपोर्ट सौंप दी है। सभी की रिपोर्ट मिलने के बाद इसे केंद्रीय नेतृत्व को भेजे जाने की तैयारी है। पूर्वांचल और अवध क्षेत्र की दो-तीन सीटों पर दूसरे दलों के मौजूदा सांसद भी पाला बदल कर प्रत्याशी हो सकते हैं।





## दिल्ली एम्स अब नगद नहीं स्मार्ट कार्ड से लेगा पेमेंट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एम्स ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ मिलकर मरीजों को भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए स्मार्ट कार्ड लॉन्च किया है। इसके माध्यम से मरीज कैंटीन से लेकर ओपीडी तक और लैब जांच के लिए भुगतान कर सकेंगे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने सोमवार को एम्स निदेशक डॉ. एम श्रीनिवास और एसबीआई के एमडी मनजीत सिंह के साथ मिलकर 'एम्स स्मार्ट कार्ड' को जारी किया। मरीजों, तीमारदारों को स्मार्ट कार्ड देने और इसका रिचार्ज करने के लिए एम्स में ही जगह-जगह टॉप अप केंद्र मौजूद होंगे। स्मार्टकार्ड की सुविधा के बाद एम्स में कैश नहीं लिया जाएगा। यह कार्ड 24 घंटे काम करेगा। एम्स में यूपीआई, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड से भी भुगतान होगा। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि एम्स-एसबीआई स्मार्ट पेमंट कार्ड दूर-दराज के इलाकों से मरीजों को नकदी ले जाने की समस्या का समाधान करेगा और सुरक्षित भुगतान की गारंटी देगा। मांडविया ने सोमवार को दिल्ली एम्स में एम्स-एसबीआई स्मार्ट भुगतान कार्ड जारी करते हुए कहा कि मरीजों और उनके तीमारदारों के लिए यह एक बड़ी राहत है।

## कांग्रेस में भगदड़ के हालात, अशोक चव्हाण के बाद 12 विधायक लाइन में

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के कद्दावर नेता अशोक चव्हाण ने लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले विपक्षी गठबंधन आईएएनडीआईए ब्लॉक को बड़ा झटका देते हुए सोमवार को कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया। कांग्रेस हाईकमान ने चव्हाण का इस्तीफा भी मंजूर कर दिया है। यह घटनाक्रम महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं बाबा सिद्दीकी और मिलिंद देवड़ा द्वारा कांग्रेस छोड़ने के कुछ दिनों बाद आया है। सूत्रों के मुताबिक, बीजेपी चव्हाण को राज्यसभा सीट की पेशकश कर सकती है। खबर है कि चव्हाण के जाने के बाद कांग्रेस में भगदड़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। 10 से 12 विधायक भी चव्हाण के संपर्क में हैं जो कभी भी अपना पाला बदल सकते हैं। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख नाना पटोले को लिखे एक पंक्ति के इस्तीफे में अशोक चव्हाण ने लिखा, मैं 12/02/2024 को दोपहर से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से अपना इस्तीफा सौंपता हूं। 65 वर्षीय नेता ने विधायक पद से अपना इस्तीफा भी स्पीकर को भेज दिया है। इस्तीफे के बाद पत्रकारों से बात करते हुए अशोक चव्हाण ने





कहा, मैंने विधायक के साथ-साथ कांग्रेस पार्टी के सभी पदों से अपना इस्तीफा दे दिया है। एक दो दिनों में मैं तय करूंगा कि आगे क्या करना है? मैंने कांग्रेस के लिए पूरा काम किया है। मेरी जिंदगी लेकिन मैं अब विकल्पों की तलाश में हूं। उन्होंने कहा, मैं अपने पूरे जीवन में एक कांग्रेसी रहा हूं और ईमानदारी से पार्टी के लिए काम किया है। मुझे नहीं लगता कि हर बार हमें यह बताना होगा कि मैंने पार्टी क्यों छोड़ी है, यह मेरा निजी कारण है। सूत्रों के मुताबिक, बीजेपी अशोक चव्हाण को राज्यसभा सीट की पेशकश कर सकती है। सूत्रों ने बताया कि 10 से 12 विधायक भी चव्हाण के संपर्क में हैं और आने वाले समय में पाला बदल लेंगे। चव्हाण के अगले कदम के बारे में अटकलों के बीच, भाजपा नेता और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने इंतजार करने और देखने के लिए कहा कि क्या होगा। फडणवीस ने कहा, मैंने मीडिया से अशोक चव्हाण के बारे में सुना। लेकिन अब मैं केवल यही कह सकता हूं कि कांग्रेस के कई अच्छे नेता भाजपा के संपर्क में हैं। जो नेता जनता से जुड़े हुए हैं, वे कांग्रेस में घुटन महसूस कर रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि कुछ बड़े चेहरे कांग्रेस में शामिल होंगे। आगे-आगे देखिये होता है क्या? गौरतलब है कि दिसंबर 2008 से नवंबर 2010 तक महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रहे चव्हाण को महाराष्ट्र में कांग्रेस के सबसे प्रभावशाली नेताओं में से एक माना जाता था। मुंबई में आदर्श हाउसिंग घोटाले में कथित संलिप्तता के कारण उन्होंने 2010 में पद छोड़ दिया था। मराठवाड़ा क्षेत्र के नांदेड़ जिले से आने वाले चव्हाण ने 2014-19 के दौरान राज्य कांग्रेस प्रमुख सहित पार्टी के भीतर विभिन्न पदों पर कार्य किया है। वह एक अन्य पूर्व मुख्यमंत्री शंकरराव चव्हाण के पुत्र हैं। चव्हाण के इस्तीफे के बाद उनके कुछ वफादारों ने भी कांग्रेस पार्टी छोड़ दी है। महाराष्ट्र विधान परिषद के पूर्व सदस्य अमरनाथ राजुरकर, जिनका कार्यकाल अभी समाप्त हुआ है, ने चव्हाण के साथ कांग्रेस में सभी पदों से इस्तीफा दे दिया।

## बस में सिगरेट पीने से रोका तो बोला- अभी तेजाब फेंक दूंगा; यात्रियों में फैली दहशत

**लंदन, एजेंसी** दक्षिण लंदन में सनसनीखेज घटना सामने आई। यहां नशे में धुत एक शख्स बस में सिगरेट फूंक रहा था। जब उसे यात्रियों ने ऐसा करने से रोका तो उसने जेब से एक शीशी निकाल ली और उसमें एसिड होने की बात कहकर इससे हमला करने की धमकी देने लगा। बस यात्रियों से खचाखच भरी थी। घटना उस वक्त काफी बिगड़ गई और अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। मेट्रोपॉलिटन पुलिस के अनुसार, 44 वर्षीय व्यक्ति ने ब्रिक्सटन और क्रॉयडन के बीच चलने वाली एक बस में यात्रियों को एसिड से हमला करने की धमकी दी। घटना रविवार रात की है, जब वह बस में चढ़ा। बस पर चढ़कर वह धूम्रपान कर रहा था। जब यात्रियों ने उसका विरोध किया तो स्थिति बदल गई। बताया जा रहा है कि आरोपी नशे में चूर था। यात्रियों ने जब उसे धूम्रपान करने से रोका तो उसने जेब से एक शीशी निकाल ली और दावा किया कि उसके अंदर एसिड है। आरोपी यात्रियों पर एसिड अटैक की धमकी देने लगा। मामले में मेट्रोपॉलिटन पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना की जानकारी हमे देर रात 10.30 के बाद मिली। हम तुरंत ऐक्टिव हुए और एंबुलेंस समेत पुलिस बल के साथ मौके के लिए रवाना



हुए। इस घटना के कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आए हैं, जिनमें हथियारों के साथ पुलिस बस को घेरे हुए है और लोगों से दूर रहने से अपील की थी। पुलिस को पूरा मामला निपटाने में करीब तीन घंटे लग गए। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने 44 वर्षीय आरोपी को स्ट्रेचर पर बांधकर गिरफ्तार किया। आरोपी नशीली गोलियां खाकर होश में नहीं था। पुलिस को आरोपी की इस हरकत के पीछे के मकसद का पता नहीं चल पाया है। पुलिस का कहना था कि आरोपी के पास से बरामद उस रासायनिक पदार्थ की भी जांच की गई।

## पाकिस्तान में दो राजनीतिक दलों ने जीत के बावजूद सिंध विधानसभा की तीन सीटें छोड़ी

**इस्लामाबाद, एजेंसी** पाकिस्तान के दो राजनीतिक दलों ने सोमवार को आठ फरवरी के चुनावों में कथित धांधली के विरोध में सिंध विधानसभा की जीती गई तीन सीट छोड़ने की घोषणा की। हालांकि देश के शीर्ष चुनाव निकाय ने धांधली के आरोपों को खारिज किया है। ग्रैंड डेमोक्रेटिक अलायंस के प्रमुख पीर सिबगतुल्ला शाह रशीदी ने कराची में एक संवाददाता सम्मेलन में घोषणा की कि उनकी पार्टी परिणाम में कथित हेरफेर को लेकर सिंध विधानसभा की जीती गई दो सीट रिक्त कर देगी। पाकिस्तान जमात-ए-इस्लामी पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने अभूतपूर्व कदम उठाते हुए सोमवार को सिंध प्रांत की उस विधानसभा सीट को खाली कर दिया जिस पर उन्होंने गत बृहस्पतिवार को संपन्न हुए चुनाव में जीत दर्ज की थी।





हाफिज नईमुर रहमान ने कहा कि जिस सीट से उन्होंने जीत दर्ज की है वहां से असल विजेता इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार है। आठ फरवरी के चुनाव के लिए पाकिस्तान चुनाव आयोग द्वारा जारी परिणाम के अनुसार हाफिज नईमुर रहमान ने पीएस-129 निर्वाचन क्षेत्र (कराची सेंट्रल आठ) से 26,296 वोटों से जीत हासिल की। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए हाफिज नईमुर रहमान ने कहा कि उन्होंने आठ फरवरी के चुनावों के दौरान कई निर्वाचन क्षेत्रों में कथित धांधली को उजागर करने के लिए यह असामान्य कदम उठाया।

## इजरायली सेना ने राफा में 2 बंधकों को बचाया

यरूशलम। इजरायल के विशेष बलों ने दो बंधकों को रिहा करने के लिए सोमवार तड़के गाजा के राफा में हमलों की शुरूआत की, जिसमें कम से कम 67 फिलिस्तीनी मारे गए। तीडिया रिपोर्टों के मुताबिक इजरायल में इन हमलों को वीरता के रूप में मनाया गया वहीं इस ऑपरेशन ने गाजा के सबसे दक्षिणी शहर राफा में डर का माहौल पैदा कर दिया। इससे चलते एन्क्लेव के 20 लाख से अधिक निवासियों में से आधे से अधिक गाजा के अन्य हिस्सों में इजरायली बमबारी से शरण मांग रहे है। हमास संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक अपडेट में कहा कि रात भर में कम से कम 67 लोग मारे गए और दर्जनों घायल हो गए। स्थानीय टीवी चैनलों पर प्रसारित छवियों और वीडियो फुटेज में एक मस्जिद सहित क्षेत्र की इमारतों को व्यापक क्षति दिखाई गई। फिलिस्तीनी प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इजरायल ने सोमवार तड़के राफा क्षेत्र पर करीब 40 हवाई हमले किए, जिसमें जमीनी स्तर पर भारी गोलाबारी की गई। राफा में अल-कुवैती अस्पताल के निदेशक सुहैब अल-हम्स ने बताया कि दवाओं की भारी कमी से जूझ रहे उनके अस्पताल में बड़ी संख्या में घायल, दर्दनाक अंग-भंग और गंभीर रूप से जलने से पीड़ित लोग अस्पताल पहुंचे। राफा में फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि विशेष इजरायली बल गुप्त रूप से शहर के मध्य में शबौरा पड़ोस में स्थित एक इमारत में पहुंचे और हमास के सदस्यों के साथ झड़प के बाद दो बंदियों को मुक्त करा लिया गया। इजरायल रक्षा बलों के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने कहा कि बचाव के बाद इजरायली बलों और हमास लड़ाकों के बीच भारी लड़ाई हुई। सेना ने भारी हवाई हमले किए। उन्होंने कहा, ह्लइजरायली वायु सेना द्वारा दक्षिणी कमान के साथ मिलकर हवाई कवरेज और हमलों की लहर थी। इजरायली अधिकारियों के अनुसार, गाजा में लगभग 130 बंधक बने हुए हैं, जिनमें से कम से कम 30 के मारे जाने की सूचना है। पिछले नवंबर में एक महिला सैनिक के बचाव के बाद, रात के समय का ऑपरेशन केवल दूसरा उदाहरण है जिसमें इजरायली बलों ने गाजा में बंधकों को सुरक्षित रूप से छुड़ाने का दावा किया है। रिहा किए गए दो बंधकों लुईस हार (70)और फर्नांडो साइमन मार्मन (60) दोनों के पास अर्जेंटीना की नागरिकता भी है - को विमान से तेल अवीव के बाहर शीबा अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल के उप महानिदेशक, येल फ्रेनकेल नीर ने संवाददाताओं को बताया कि उनकी चिकित्सा जांच की गई और उनकी हालत बेहतर है। इजरायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय द्वारा जारी किए गए वीडियो फुटेज में दोनों को अस्पताल में दिखाया गया है।





मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129